CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

13.6

~~तत्त्वार्थसूत्र~~

तत्त्वार्थ सूत्र

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कृपया इस ग्रन्थको निम्नांकित तिथि पर या उसके पूर्व
लौटा दें। विलम्बसे लौटानेपर ५ पैसे
प्रतिदिन दण्ड देना होगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीपरमात्मने नमः ॐ श्रीभगवदात्मने नमः

श्रीपरमपारणामिकभावाय नमः

सं. ४४

श्रीमदुमास्वामि विरचित

★ तत्त्वार्थ सूत्र ★

(मोक्ष-शास्त्र)

श्री गणेश वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
पुस्तक सं. 211
दिनांक..................
नरिया (का. हि. वि. (व.) वाराणसी

टीकाकार व प्रकाशक:
ब्रह्मचारी मूलशंकर देशाई,
चाकसूका चौक, जयपुर (राजस्थान)

★

प्रथमावृत्ति ३००० | श्री अक्षय तृतिया वीर निर्वाण संवत् २४८२ ता० १३ मई सन् १९५६ | मूल्य सवा रुपया

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शुद्धि पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
५०	१५	क्षयोपपम	क्षयोपशम
११०	३	पख्त्वापरत्व	परत्वापरत्व
११७	५	श्लिग्घता	स्निग्घता
१२२	३	आ व	आस्रव
१३३	१६	अहिंसदि	अहिंसादि
१४६	३	कालक्षण	का लक्षण
१७६	१७	व न	वर्णन
१८४	४	ऊ गोत्र	उच्च गोत्र
१८५	१	कायु	आयु
१९६	२१	बांका	बांधा
२०१	२०	भेद	मद
२०२	३	सुए	हुए
२०२	१५	परिपह	परिषह
२०६	२१	छट्ठ	छट्ठा
२०८	१७	टिकाने	छिटकाने
२१५	२१	त्त म	उत्तम
२२३	२०	प्रत्यायान	प्रत्याख्यान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सं-४४

★ दो शब्द ★

तत्त्वार्थ सूत्र की रचना आचार्य उमास्वामि ने आज से दो हजार वर्ष पूर्व की थी जिसका दूसरा नाम मोक्ष-शास्त्र है। तत्त्वार्थ सूत्र पर अनेक बड़ी बड़ी टीकायें लिखी गयी हैं, जिनमें आचार्य अकलंक देवने 'तत्त्वार्थ राजवार्तिक' नाम की, आचार्य पूज्यपादस्वामी ने 'सर्वार्थ सिद्धि' नाम की तथा आचार्य विद्यानन्दी स्वामी ने 'तत्त्वार्थ श्लोक-वार्तिक' नाम की टीका लिखी है। ये ग्रन्थ महान ग्रन्थ हैं, जिनका अध्ययन अल्प बुद्धि वाले जीव कर नहीं सकते। इस पर अनेक साधारण टीकायें भी लिखी गयी हैं।

तत्त्वार्थ सूत्र व्यहार प्रधान ग्रन्थ है, जिसमें अनेक बात कारण में कार्य का उपचार कर कही गई हैं, जिनका खुलासा विस्तार से नहीं करने से अनेक जीव, जिनको निश्चय व्यवहार का ज्ञान नहीं है, कारण को ही निश्चय मानकर जो लाभ उठाना चाहिए वह उठा नहीं पाते अर्थात् व्यवहार द्वारा निश्चय का ज्ञान करना था वह न कर मात्र व्यवहार को ही निश्चय मानकर अपना कल्याण कर नहीं सकते। ऐसे जीवों को विशेष लाभ कैसे होवे, ऐसे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धर्मानुराग के कारण निश्चय व्यवहार का स्वरूप दिखलाते हुए यह टीका की गई है।

आशा करता हूँ कि जिज्ञासु इसे यथार्थ समझ कर अपना लाभ उठावेंगे।

ब्रह्मचारी मूलशंकर देशाई

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री गणेश वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
पुस्तक सं० ....
दिनांक ....

श्रीपरमात्मने नमः — श्रीभगवदात्मने नमः

श्रीपरमपारिणामिकभावाय नमः

॥ मंगलाचरण ॥

वीतराग सर्वज्ञदेव की व्यवहार-निश्चय वानी।
ताको यथार्थ जानकर बनो भेदविज्ञानी॥

★ तत्त्वार्थ सूत्र ★

अर्थात्

मोक्ष शास्त्र

प्रथमोऽध्यायः

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः ॥१॥ तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनं ॥२॥ तन्निसर्गादधिगमाद्वा ॥३॥ जीवाजीवास्रवबंधसंवरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वं ॥४॥ नामस्थापनाद्रव्यभावतस्तन्न्यासः ॥५॥ प्रमाणनयैरधिगमः ॥६॥ निर्देशस्वामित्वसाधनाधिकरणस्थितिविधानतः ॥७॥ सत्संख्याक्षेत्रस्पर्शनकालांतरभावाल्पबहुत्वैश्च ॥८॥ मतिश्रुतावधिमनः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पर्ययकेवलानि ज्ञानं ॥९॥ तत्प्रमाणे ॥१०॥ आद्येपरोक्षं ॥११॥ प्रत्यक्षमन्यत् ॥१२॥ मतिः स्मृतिः संज्ञा चिंताभिनिबोध इत्यनर्थांतरं ॥१३॥ तदिंद्रियानिंद्रियनिमित्तं ॥१४॥ अवग्रहेहावायधारणाः ॥१५॥ बहुबहुविधक्षिप्रानिःसृतानुक्तध्रुवाणां सेतराणां ॥१६॥ अर्थस्य ॥१७॥ व्यंजनस्यावग्रहः ॥१८॥ न चक्षुरनिन्द्रियाभ्यां ॥१९॥ श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदं ॥२०॥ भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणां ॥२१॥ क्षयोपशमनिमित्तः षड्विकल्पः शेषाणां ॥२२॥ ऋजुविपुलमती मनःपर्ययः ॥२३॥ विशुद्ध्यप्रतिपाताभ्यां तद्विशेषः ॥२४॥ विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्योऽवधिमनःपर्यययोः ॥२५॥ मतिश्रुतयोर्निबंधो द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु ॥२६॥ रूपिष्ववधेः ॥२७॥ तदनंतभागे मनःपर्ययस्य ॥२८॥ सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य ॥२९॥ एकादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्नाचतुर्भ्यः ॥३०॥ मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च ॥३१॥ सदसतोरविशेषाद्यदृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् ॥३२॥ नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूता नयाः ॥३३॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे प्रथमोऽध्यायः ॥१॥

औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्त्वमौदयिकपारिणामिकौ च ॥१॥ द्विनवाष्टादशैकविंशतित्रिभेदा यथाक्रमं ॥२॥ सम्यक्त्वचारित्रे ॥३॥ ज्ञानदर्शन-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दानलाभभोगोपभोगवीर्याणि च ॥४॥ ज्ञानाज्ञानदर्शन-लब्धयश्चतुस्त्रित्रिपंचभेदाः सम्यक्त्वचारित्रसंयमासंयमाश्च ॥५॥ गतिकषायलिंगमिथ्यादर्शनाज्ञानासंयतासिद्धलेश्याश्च-तुश्चतुस्त्र्येकैकैकैकषड्भेदाः ॥६॥ जीवभव्याभव्यत्वानि च ॥७॥ उपयोगो लक्षणं ॥८॥ सद्विविधोऽष्टचतुर्भेदः ॥९॥ संसारिणो मुक्ताश्च ॥१०॥ समनस्काऽमनस्काः ॥११॥ संसारिणस्त्रसस्थावराः ॥१२॥ पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतयः स्थावराः ॥१३॥ द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः ॥१४॥ पंचेन्द्रियाणि ॥१५॥ द्विविधानि ॥१६॥ निर्वृत्त्युपकरणे द्रव्येन्द्रियं ॥१७॥ लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियं ॥१८॥ स्पर्शनरसन घ्राण-चक्षुःश्रोत्राणि ॥१९॥ स्पर्शरसगंधवर्णशब्दास्तदर्थाः ॥२०॥ श्रुतमनिन्द्रियस्य ॥२१॥ वनस्पत्यंतानामेकं ॥२२॥ कृमि-पिपीलिकाभ्रमरमनुष्यादीनामेकैकवृद्धानि ॥२३॥ संज्ञिनः समनस्काः ॥२४॥ विग्रहगतौ कर्मयोगः ॥२५॥ अनुश्रेणि गतिः ॥२६॥ अविग्रहा जीवस्य ॥२७॥ विग्रहवती च संसारिणः प्राक् चतुर्भ्यः ॥२८॥ एकसमयाऽविग्रहा ॥२९॥ एकं द्वौ त्रीन्वानाहारकः ॥३०॥ संमूर्च्छनगर्भोपपादा जन्म ॥३१॥ सचित्तशीतसंवृताः सेतरा मिश्राश्चैकशस्तद्योनयः ॥३२॥ जरायुजांडजपोतानां गर्भः ॥३३॥ देवनारकाणा-मुपपादः ॥३४॥ शेषाणां सम्मूर्च्छनं ॥३५॥ औदारिक-वैक्रियिकाहारकतैजसकार्मणानि शरीराणि ॥३६॥ परं परं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सूक्ष्मं ॥३७॥ प्रदेशतोऽसंख्येयगुणं प्राक् तैजसात् ॥३८॥ अनन्तगुणे परे ॥३९॥ अप्रतीघाते ॥४०॥ अनादिसंबंधे च ॥४१॥ सर्वस्य ॥४२॥ तदादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्नाचतुर्भ्यः ॥४३॥ निरुपभोगमन्त्यं ॥४४॥ गर्भसम्मूर्च्छनजमाद्यं ॥४५॥ औपपादिकं वैक्रियिकं ॥४६॥ लब्धिप्रत्ययं च ॥४७॥ तैजसमपि ॥४८॥ शुभं विशुद्धमव्याघाति चाहारकं प्रमत्तसंयतस्यैव ॥४९॥ नारकसंमूर्च्छिनो नपुंसकानि ॥५०॥ न देवाः ॥५१॥ शेषास्त्रिवेदाः ॥५२॥ औपपादिकचरमोत्तमदेहाऽसंख्येयवर्षायुषोऽनपवर्त्यायुषः॥५३॥

॥ इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

रत्नशर्कराबालुकापंकधूमतमोमहातमःप्रभाभूमयो घनांबुवाताकाशप्रतिष्ठाः सप्ताऽधोऽधः ॥१॥ तासु त्रिंशत्पंचविंशतिपंचदशदशत्रिपंचोनैकनरकशतसहस्राणि पंच चैव यथाक्रमं ॥२॥ नारका नित्याऽशुभतरलेश्यापरिणामदेहवेदनाविक्रियाः ॥३॥ परस्परोदीरितदुःखाः ॥४॥ संक्लिष्टाऽसुरोदीरितदुःखाश्च प्राक् चतुर्थ्याः ॥५॥ तेष्वेकत्रिसप्तदशसप्तदशद्वाविंशतित्रयस्त्रिंशत्सागरोपमा सत्त्वानां परा स्थितिः ॥६॥ जंबूद्वीपलवणोदादयः शुभनामानो द्वीपसमुद्राः ॥७॥ द्विर्द्विर्विष्कंभाः पूर्वपूर्वपरिक्षेपिणो वलयाकृतयः ॥८॥ तन्मध्ये मेरुनाभिर्वृत्तो योजनशतसहस्रविष्कम्भो जम्बूद्वीपः ॥९॥ भरतहैमवतहरि-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विदेहरम्यकहैरण्यवतैरावतवर्षाः क्षेत्राणि ॥१०॥ तद्विभाजिनः पूर्वापरायता हिमवन्महाहिमवन्निषधनीलरुक्मिशिखरिणो वर्षधरपर्वताः ॥११॥ हेमार्जुनतपनीयवैडूर्यरजतहेममयाः ॥१२॥ मणिविचित्रपार्श्वा उपरिमूले च तुल्यविस्ताराः ॥१३॥ पद्ममहापद्मतिगिंछकेशरिमहापुंडरीकपुंडरीका ह्रदास्तेषामुपरि ॥१४॥ प्रथमो योजनसहस्रायामस्तदर्द्धविष्कंभोह्रदः ॥१५॥ दशयोजनावगाहः ॥१६॥ तन्मध्ये योजनं पुष्करं ॥१७॥ तद्द्विगुणद्विगुणह्रदाः पुष्कराणि च ॥१८॥ तन्निवासिन्यो देव्यः श्रीह्रीधृतिकीर्तिबुद्धिलक्ष्म्यः पल्योपमस्थितयः ससामानिकपरिषत्काः ॥१९॥ गंगासिन्धुरोहिद्रोहितास्याहरिद्धरिकातांसीतासीतोदानारीनरकांतासुवर्णरूप्यकूलारक्तारक्तोदाः सरितस्तन्मध्यगाः ॥२०॥ द्वयोर्द्वयोः पूर्वाः पूर्वगाः ॥२१॥ शेषास्त्वपरगाः ॥२२॥ चतुर्दशनदीसहस्रपरिवृत्ता गंगासिंध्वादयो नद्यः ॥२३॥ भरतः षड्विंशतिपंचयोजनशतविस्तारः षट्चैकोनविंशतिभागा योजनस्य ॥२४॥ तद्द्विगुणद्विगुणविस्तारा वर्षधरवर्षा विदेहांताः ॥२५॥उत्तरा दक्षिणतुल्याः ॥२६॥ भरतैरावतयोर्वृद्धिह्रासौ षट्समयाभ्यामुत्सर्पिण्यवसर्पिणीभ्यां ॥२७॥ ताभ्यामपरा भूमयोऽवस्थिताः ॥२८॥ एकद्वित्रिपल्योपमस्थितयो हैमवतकहारिवर्षकदैवकुरवकाः ॥२९॥ तथोत्तराः ॥३०॥ विदेहेषु संख्येयकालाः ॥३१॥ भरतस्य विष्कंभो जंबूद्वीपस्य नवतिशतभागः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

॥३२॥ द्विर्धातकीखंडे ॥३३॥ पुष्करार्द्धे च ॥३४॥ प्राङ्-मानुषोत्तरान्मनुष्याः ॥३५॥ आर्याम्लेच्छाश्च ॥३६॥ भरतैरावतविदेहाः कर्मभूमयोऽन्यत्र देवकुरूत्तरकुरुभ्यः॥३७॥ नृस्थिती परावरे त्रिपल्योपमान्तर्मुहूर्ते ॥३८॥ तिर्यग्योनिजानां च ॥३९॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे तृतीयोऽध्यायः ।

देवाश्चतुर्णिकायाः ॥१॥ आदितस्त्रिषु पीतान्तलेश्याः ॥२॥ दशाष्टपञ्चद्वादशविकल्पाः कल्पोपपन्नपर्यन्ताः ॥३॥ इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशपारिषदात्मरक्षलोकपालानीकप्रकीर्णकाभियोग्यकिल्विषिकाश्चैकशः ॥४॥ त्रायस्त्रिंशलोकपालवर्ज्या व्यन्तरज्योतिष्काः ॥५॥ पूर्वयोर्द्वीन्द्राः ॥६॥ कायप्रवीचारा आ ऐशानात् ॥७॥ शेषाः स्पर्शरूपशब्दमनःप्रवीचाराः ॥८॥ परेऽप्रवीचाराः ॥९॥ भवनवासिनोऽसुरनागविद्युत्सुपर्णाग्निवातस्तनितोदधिद्वीपदिक्कुमाराः ॥१०॥ व्यन्तराः किन्नरकिंपुरुषमहोरगगन्धर्वयक्षराक्षसभूतपिशाचाः ॥११॥ ज्योतिष्काः सूर्याचन्द्रमसौ ग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाश्च ॥१२॥ मेरुप्रदक्षिणा नित्यगतयो नृलोके ॥१३॥ तत्कृतः कालविभागः ॥१४॥ बहिरवस्थिताः ॥१५॥ वैमानिकाः ॥१६॥ कल्पोपपन्नाः कल्पातीताश्च ॥१७॥ उपर्युपरि ॥१८॥ सौधर्मैशानसानत्कुमारमाहेन्द्रब्रह्मब्रह्मोत्तरलान्तवकापिष्ठशुक्रमहाशुक्रशतारसहस्रारेष्वानतप्राणतयोरार-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

णाच्युतयोर्नवसु ग्रैवेयकेषु विजयवैजयन्तजयन्तापराजितेषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥१६॥ स्थितिप्रभावसुखद्युतिलेश्या विशुद्धीन्द्रियावधिविषयतोधिका: ॥२०॥ गतिशरीरपरिग्रहाभिमानतो हीना: ॥२१॥ पीतपद्मशुक्ललेश्या द्वित्रिशेषेषु ॥२२॥ प्राग्ग्रैवेयकेभ्य: कल्पा: ॥२३॥ ब्रह्मलोकालया लौकान्तिका: ॥२४॥ सारस्वतादित्यवह्न्यरुणगर्दतोयतुषिताव्याबाधारिष्टाश्च ॥२५॥ विजयादिषु द्विचरमा: ॥२६॥ औपपादिकमनुष्येभ्य: शेषास्तिर्यग्योनय: ॥२७॥ स्थितिरसुरनागसुपर्णद्वीपशेषाणां सागरोपमत्रिपल्योपमार्द्ध हीनमिता: ॥२८॥ सौधर्मैशानयो: सागरोपमेऽधिके ॥२६॥ सानत्कुमारमाहेन्द्रयो: सप्त ॥३०॥ त्रिसप्तनवैकादशत्रयोदशपंचदशभिरधिकानि तु ॥३१॥ आरणाच्युतादूर्ध्वमेकैकेन नवसु ग्रैवेयकेषु विजयादिषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥३२॥ अपरा पल्योपममधिकं ॥३३॥ परत: परत: पूर्वा पूर्वानन्तरा ॥३४॥ नारकाणां च द्वितीयादिषु ॥३५॥ दशवर्षसहस्राणि प्रथमायां ॥३६॥ भवनेषु च ॥३७॥ व्यन्तराणां च ॥३८॥ परा पल्योपममधिकं ॥३६॥ ज्योतिष्काणां च ॥४०॥ तदष्टभागोऽपरा ॥४१॥ लौकान्तिकानामष्टौ सागरोपमाणि सर्वेषां ॥४२॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे चतुऽर्थोऽध्याय: ।

अजीवकाया धर्माधर्माकाशपुद्गला: ॥१॥ द्रव्याणि ॥२॥ जीवाश्च ॥३॥ नित्यावस्थितान्यरूपाणि ॥४॥ रूपिण:

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुद्गलाः ॥५॥ आ आकाशादेकद्रव्याणि ॥६॥ निष्क्रियाणि च ॥७॥ असंख्येयाः प्रदेशाधर्माधर्मैकजीवानां ॥८॥ आकाशस्यानन्ताः ॥९॥ संख्येयाऽसंख्येयाश्च पुद्गलानां ॥१०॥ नाणोः ॥११॥ लोकाकाशेऽवगाहः ॥१२॥ धर्माधर्मयोः कृत्स्ने ॥१३॥ एकप्रदेशादिषु भाज्यः पुद्गलानां ॥१४॥ असंख्येयभागादिषु जीवानां ॥१५॥ प्रदेशसंहारविसर्पाभ्यां प्रदीपवत् ॥१६॥ गतिस्थित्युपग्रहौ धर्माधर्मयोरुपकारः ॥१७॥ आकाशस्यावगाहः ॥१८॥ शरीरवाङ्मनःप्राणापानाः पुद्गलानां ॥१९॥ सुखदुःखजीवितमरणोपग्रहाश्च ॥२०॥ परस्परोपग्रहो जीवानां ॥२१॥ वर्त्तनापरिणामक्रियाः परत्वापरत्वे च कालस्य ॥२२॥ स्पर्शरसगन्धवर्णवन्तः पुद्गलाः ॥२३॥ शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायातपोद्योतवन्तश्च ॥२४॥ अणवः स्कन्धाश्च ॥२५॥ भेदसंघातेभ्यः उत्पद्यन्ते ॥२६॥ भेदादणुः ॥२७॥ भेदसंघाताभ्यां चाक्षुषः ॥२८॥ सद्द्रव्यलक्षणं ॥२९॥ उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत् ॥३०॥ तद्भावाव्ययं नित्यं ॥३१॥ अर्पितानर्पितसिद्धेः ॥३२॥ स्निग्धरूक्षत्वाद्बन्धः ॥३३॥ न जघन्यगुणानां ॥३४॥ गुणसाम्ये सदृशानां ॥३५॥ द्व्यधिकादिगुणानां तु ॥३६॥ बन्धेऽधिकौ पारिणामिकौ च ॥३७॥ गुणपर्ययवद् द्रव्यं ॥३८॥ कालश्च ॥३९॥ सोऽनन्तसमयः ॥४०॥ द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः ॥४१॥ तद्भावः परिणामः ॥४२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे पंचमोऽध्यायः ॥

कायवाङ्मनःकर्म योगः ॥१॥ स आस्रवः ॥२॥ शुभः पुण्यस्याशुभः पापस्य ॥३॥ सकषायाकषाययोः साम्परायिकेर्यापथयोः ॥४॥ इन्द्रियकषायाव्रतक्रियाः पंचचतुःपंचपंचविंशतिसंख्याः पूर्वस्य भेदाः ॥५॥ तीव्रमन्दज्ञाताज्ञातभावाधिकरणवीर्यविशेषेभ्यस्तद्विशेषः ॥६॥ अधिकरणं जीवाऽजीवाः ॥७॥ आद्यं संरम्भसमारम्भारम्भयोगकृतकारितानुमतकषायविशेषैस्त्रिस्त्रिस्त्रिश्चतुश्चैकशः ॥८॥ निर्वर्त्तनानिक्षेपसंयोगनिसर्गाद्विचतुर्द्वित्रिभेदाः परं ॥९॥ तत्प्रदोषनिह्नवमात्सर्यान्तरायासादनोपघाता ज्ञानदर्शनावरणयोः ॥१०॥ दुःखशोकतापाक्रन्दनवधपरिदेवनान्यात्मपरोभयस्थान्यसद्वेद्यस्य ॥११॥ भूतव्रत्यनुकम्पादानसरागसंयमादियोगः क्षान्तिः शौचमिति सद्वेद्यस्य ॥१२॥ केवलिश्रुतसंघधर्मदेवावर्णवादो दर्शनमोहस्य ॥१३॥ कषायोदयात्तीव्रपरिणामश्चारित्रमोहस्य ॥१४॥ बह्वारम्भपरिग्रहत्वं नारकस्यायुषः ॥१५॥ माया तैर्यग्योनस्य ॥१६॥ अल्पारम्भपरिग्रहत्वं मानुषस्य ॥१७॥ स्वभावमार्दवं च ॥१८॥ निःशीलव्रतत्वं च सर्वेषां ॥१९॥ सरागसंयमसंयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि दैवस्य ॥२०॥ सम्यक्त्वं च ॥२१॥ योगवक्रताविसंवादनं चाशुभस्य नाम्नः ॥२२॥ तद्विपरीतं शुभस्य ॥२३॥ दर्शनविशुद्धिर्विनयसम्पन्नता शीलव्रतेष्वनतीचारोऽभीक्ष्ण-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ज्ञानोपयोगसंवेगौ शक्तितस्त्यागतपसी साधुसमाधिर्वैयावृत्त्यकरणमर्हदाचार्यबहुश्रुतप्रवचनभक्तिरावश्यकापरिहाणिर्मार्गप्रभावनाप्रवचनवत्सलत्वमिति तीर्थकरत्वस्य ॥२४॥ परात्मनिन्दाप्रशंसे सदसद्गुणोच्छादनोद्भावने च नीचैर्गोत्रस्य ॥२५॥ तद्विपर्ययो नीचैर्वृत्त्यनुत्सेकौ चोत्तरस्य ॥२६॥ विघ्नकरणमन्तरायस्य ॥२७॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे षष्ठोऽध्यायः ॥

हिंसाऽनृतस्तेयाऽब्रह्मपरिग्रहेभ्यो विरतिर्व्रतं ॥१॥ देशसर्वतोऽणुमहती ॥२॥ तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पंच पंच ॥३॥ वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पंच॥४॥ क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषणं च पंच ॥५॥ शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्ष्यशुद्धिसधर्माविसंवादाः पंच ॥६॥ स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहरांगनिरीक्षणपूर्वरतानुस्मरणवृष्येष्टरसस्वशरीरसंस्कारत्यागाः पंच ॥७॥ मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पंच ॥८॥ हिंसादिष्विहामुत्रापायावद्यदर्शनं ॥९॥ दुःखमेव वा ॥१०॥ मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थ्यानि च सत्त्वगुणाधिकक्लिश्यमानाऽविनयेषु ॥११॥ जगत्कायस्वभावौ वा संवेगवैराग्यार्थं ॥१२॥ प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसा ॥१३॥ असदभिधानमनृतं ॥१४॥ अदत्तादानं स्तेयं ॥१५॥ मैथुनमब्रह्म ॥१६॥ मूर्च्छा परिग्रहः ॥१७॥ निःशल्यो व्रती

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

॥१८॥ अगार्यनगारश्च ॥१९॥ अणुव्रतोऽगारी ॥२०॥ दिग्देशानर्थदंडविरतिसामायिकप्रोषधोपवासोपभोगपरिभोगपरिमाणातिथिसंविभागव्रतसम्पन्नश्च ॥२१॥ मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता ॥२२॥ शंकाकांक्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतीचाराः ॥२३॥ व्रतशीलेषु पंच पंच यथाक्रमं ॥२४॥ बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः ॥२५॥ मिथ्योपदेशरहोभ्याख्यानकूटलेखक्रियान्यासापहारसाकारमंत्रभेदाः ॥२६॥ स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रमहीनाधिकमानोन्मानप्रतिरूपकव्यवहाराः ॥२७॥ परविवाहकरणेत्वरिकापरिगृहीतापरिगृहीतागमनानंगक्रीडाकामतीव्राभिनिवेशाः ॥२८॥ क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णधनधान्यदासीदासकुप्यप्रमाणातिक्रमाः ॥२९॥ ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्व्यतिक्रमक्षेत्रवृद्धिस्मृत्यन्तराधानानि ॥३०॥ आनयनप्रेष्यप्रयोगशब्दरूपानुपातपुद्गलक्षेपाः ॥३१॥ कन्दर्पकौत्कुच्यमौखर्यासमीक्ष्याधिकरणोपभोगपरिभोगानर्थक्यानि ॥३२॥ योगदुःप्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥३३॥ अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादानसंस्तरोपक्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥३४॥ सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुःपक्वाहाराः ॥३५॥ सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमाः ॥३६॥ जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबन्धनिदानानि ॥३७॥ अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानं ॥३८॥ विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्तद्विशेषः ॥३९॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे सप्तमोऽध्यायः ॥

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः ॥१॥ सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान्पुद्गलानादत्ते स बन्धः ॥२॥ प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशास्तद्विधयः ॥३॥ आद्यो ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाः ॥४॥ पंचनवद्व्यष्टाविंशतिचतुर्द्विचत्वारिंशद्द्विपंचभेदा यथाक्रमं ॥५॥ मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानां ॥६॥ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानां निद्रानिद्रानिद्राप्रचलाप्रचलाप्रचलास्त्यानगृद्धयश्च ॥७ सदसद्वेद्ये ॥८॥ दर्शनचारित्रमोहनीयाकषायकषायवेदनीयाख्यास्त्रिद्विनवषोडशभेदाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वतदुभयान्यकषायकषायौ हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुंनपुंसकवेदा अनंतानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनविकल्पाश्चैकशः क्रोधमानमायालोभाः ॥९॥ नारकतैर्यग्योनमानुषदैवानि ॥१०॥ गतिजातिशरीरांगोपांगनिर्माणबन्धनसंघातसंस्थानसंहननस्पर्शरसगंधवर्णानुपूर्व्यागुरुलघूपघातपरघाततपोद्योतोच्छ्वासविहायोगतयः प्रत्येकशरीरत्रससुभगसुस्वरशुभसूक्ष्मपर्याप्तिस्थिरादेययशःकीर्तिसेतराणि तीर्थकरत्वं च ॥११॥ उच्चैर्नीचैश्च ॥१२॥ दानलाभभोगोपभोगवीर्याणां ॥१३॥ आदितस्तिसृणामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोट्यः परा स्थितिः ॥१४॥ सप्ततिर्मोहनीयस्य ॥१५॥ विंशतिर्नामगोत्रयोः ॥१६॥ त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः ॥१७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपराद्वादशमुहूर्ता वेदनीयस्य ॥१८॥ नामगोत्रयोरष्टौ॥१६। शेषाणामन्तर्मुहूर्ता ॥२०॥ विपाकोऽनुभवः ॥२१॥ स यथा-नाम ॥२२॥ ततश्च निर्जरा ॥२३॥ नामप्रत्ययाः सर्वतो योग-विशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्त-प्रदेशाः ॥२४॥ सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यं ॥२५॥ अतोऽन्यत्पापं ॥२६॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे अष्टमोऽध्यायः ॥

आश्रवनिरोधः संवरः ॥१॥ स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षा-परिषहजयचारित्रैः ॥२॥ तपसा निर्जरा च ॥३॥ सम्यग्यो-गनिग्रहो गुप्तिः ॥४॥ ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः समि-तयः ॥५॥ उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागा-किंचन्यब्रह्मचर्याणि धर्मः ॥६॥ अनित्याशरणसंसारैकत्वा-न्यत्वाशुच्यास्त्रवसंवरनिर्जरालोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्यात-त्वानुचिंतनमनुप्रेक्षाः॥७॥ मार्गाच्यवननिर्जरार्थं परिषोढव्याः परीषहाः ॥८॥ क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकनाग्न्यारतिस्त्री-चर्यानिषद्याशय्याक्रोशवधयाचनाऽलाभरोगतृणस्पर्शमलसत्का-रपुरस्कारप्रज्ञाऽज्ञानादर्शनानि ॥६॥सूक्ष्मसांपरायछद्मस्थवीत-रागयोश्चतुर्दश ॥१०॥ एकादश जिने ॥११॥ बादरसांप-राये सर्वे ॥१२॥ ज्ञानावरणे प्रज्ञाज्ञाने॥१३॥ दर्शनमोहांत-राययोरदर्शनालाभौ ॥ १४ ॥ चारित्रमोहे नाग्न्यारतिस्त्री-निषद्याक्रोशयाचनासत्कारपुरस्काराः ॥१५॥ वेदनीये शेषाः

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

॥१६॥ एकादयो भाज्या युगपदेकस्मिन्नैकोनविंशतेः ॥१॥
सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसांपराययथा-
ख्यातमिति चारित्रं ।१८।अनशनावमौदर्यवृत्तिपरिसंख्यानर-
सपरित्यागविविक्तशय्यासनकायक्लेशा बाह्यं तपः ॥१६॥
प्रायश्चित्तविनयवैयावृत्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानान्युत्तरं।२०॥
नवचतुर्दशपंचद्विभेदा यथाक्रमं प्राग्ध्यानात्॥२१॥आलोचना-
प्रतिक्रमणतदुभयविवेकव्युत्सर्गतपश्छेदपरिहारोपस्थापनाः।२२
ज्ञानदर्शनचारित्रोपचाराः ॥२३॥ आचार्योपाध्यायतपस्वि
शैक्षग्लानगणकुलसंघसाधुमनोज्ञानां ॥२४॥ वाचनापृच्छना-
नुप्रेक्षाऽऽम्नायधर्मोपदेशाः ।२५॥ बाह्याभ्यंतरोपध्योः ।२६।
उत्तमसंहननस्यैकाग्रचिंतानिरोधो ध्यानमांतर्मुहूर्त्तात् ।२७।
आर्त्तरौद्रधर्म्यशुक्लानि ॥२८॥ परे मोक्षहेतू ॥२६॥ आर्त्त-
ममनोज्ञस्य संप्रयोगे तद्विप्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहारः ।३०।
विपरीतं मनोज्ञस्य ॥३१॥ वेदनायाश्च ॥३२॥ निदानं च
॥३३॥ तदविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानां॥ ३४ ॥ हिंसाऽ-
नृतस्तेयविषयसंरक्षणेभ्यो रौद्रमविरतदेशविरतयोः ॥३५॥
आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयाय धर्म्यम् ॥ ३६ ॥ शुक्ले
चाद्ये पूर्वविदः ॥३७॥ परे केवलिनः ॥३८॥ पृथक्त्वैकत्व-
वितर्कसूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिव्युपरतक्रियानिवर्तीनि ॥ ३६ ॥
त्र्येकयोगकाययोगानां ।।४०॥ एकाश्रये सवितर्कवीचारे पूर्वे
॥४१॥ अवीचारं द्वितीयं ॥ ४२ ॥ वितर्कः श्रुतं ॥ ४३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वीचारोऽर्थव्यंजनयोगसंक्रांतिः ॥४४॥ सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानंतवियोजकदर्शनमोहक्षपकोपशमकोपशांतमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः ॥ ४५ ॥ पुलाकबकुशकुशीलनिर्ग्रंथस्नातका निर्ग्रंथाः ॥४६॥ संयमश्रुतप्रतिसेवनातीर्थलिंगलेश्योपपादस्थानविकल्पतः साध्याः ॥४७॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रें नवमोऽध्यायः ॥

मोहक्षयाज्ज्ञानदर्शनावरणांतरायक्षयाच्च केवलं ॥१॥ बंधहेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः ॥ २ ॥ औपशमिकादिभव्यत्वानां च ॥ ३ ॥ अन्यत्र केवलसम्यक्त्वज्ञानदर्शनसिद्धत्वेभ्यः ॥४॥ तदनंतरमूर्ध्वं गच्छत्यालोकांतात् ॥५॥ पूर्वप्रयोगादसंगत्वाद्बंधच्छेदात्तथागतिपरिणामाच्च ॥६॥ आविद्धकुलालचक्रवद्व्यपगतलेपालांबुवदेरंडबीजवदग्निशिखावच्च ॥७॥ धर्मास्तिकायाभावात् ॥८॥ क्षेत्रकालगतिलिंगतीर्थचारित्रप्रत्येकबुद्धबोधितज्ञानावगाहनांतरसंख्याल्पबहुत्वतः साध्याः ॥९॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे दशमोऽध्यायः ॥

अक्षरमात्रपदस्वरहीनं, व्यजनसंधिविवर्जितरेफम् ।
साधुभिरत्र मम क्षमितव्यं, को न विमुह्यति शास्त्रसमुद्रे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री परमात्मने नमः　　　　श्री भगवदात्मने नमः

श्री परमपारिणामिकभावाय नमः

★ श्री तत्त्वार्थ सूत्र ★

※ मङ्गलाचरणम् ※

कथनी तत्त्वार्थ सूत्र की, कही निमित्त प्रधान ।
जो समझें इस रहस्य को, पावें आतम ज्ञान ॥

तत्त्वार्थ सूत्र की रचना आज से २००० वर्ष पूर्व आचार्य उमास्वामी ने की है। इस सूत्र का दूसरा नाम मोक्ष-शास्त्र है। तत्त्वार्थ सूत्र पर अनेक बड़ी बड़ी टीकायें लिखी गई हैं जिनमें आचार्य अकलंक देव ने तत्त्वार्थ राजवार्तिक नाम की, आचार्य पूज्यपाद स्वामी ने सर्वार्थ सिद्धि नाम की तथा आचार्य विद्यानन्दी स्वामी ने तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक नाम की टीका लिखी है। ये ग्रन्थ महान हैं जिनका अध्ययन अल्पबुद्धि वाले जीव कर नहीं सकते। तत्त्वार्थ सूत्र पर अनेक साधारण टीकायें भी लिखी गई हैं परन्तु व्यवहार कथन का विशेष रूप खुलासा नहीं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किया गया। अतएव साधारण जनता तत्त्व का यथार्थ ज्ञान कैसे प्राप्त करे, ऐसे धर्मानुराग के कारण निश्चय प्रधान यह टीका लिखी जाती है, और कोई लाभ, ख्याति, पूजा का विकल्प नहीं है। अल्पज्ञ की गलती रह जाना संभव है। ऐसी कोई गलती इस ग्रंथ में देखने में आवे तो विशेष ज्ञानी सुधार लेने की कृपा करें, ऐसा नम्र निवेदन के साथ इस ग्रंथ का उदय होता है।

सच्चे सुख का एक ही मार्ग है:-

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः ॥१॥

मैं ज्ञायक स्वभावी, अनादि अनन्त एक अखण्ड पदार्थ हूँ ऐसे श्रद्धान का नाम सम्यग्दर्शन है। अजीव आदि तत्त्वों का यथार्थ जानना सम्यग्ज्ञान तथा आत्मा के सम्पूर्ण गुणों की शुद्धता होना ही सम्यक्चारित्र है। इन तीनों की एकता का होना ही मोक्ष का मार्ग है अर्थात् मात्र सम्यग्दर्शन मोक्ष-मार्ग नहीं है, मात्र सम्यक्ज्ञान मोक्ष-मार्ग नहीं है, परन्तु तीनों की एकता होने से ही मोक्ष-मार्ग बनता है।

सम्यक्दर्शन किसका नाम है।

तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनं ॥२॥

पदार्थ तथा उसकी अवस्था के सच्चे श्रद्धान को सम्यग्दर्शन कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यथार्थ में यह सम्यग्दर्शन नहीं है परन्तु सम्यक्ज्ञान है। अनन्तगुण का पिण्डरूप एक अखण्ड पदार्थ मैं हूँ। जिस पदार्थ को दर्शन चेतना मात्र देखती है, क्योंकि दर्शन चेतना का विषय अखण्ड द्रव्य है और वही अखण्ड द्रव्य मैं हूँ, ऐसी श्रद्धा का नाम सम्यग्दर्शन है। परन्तु अखण्ड पदार्थ में भेद करके देखना, ज्ञान का विषय है जिस कारण से तत्त्वार्थ श्रद्धान यथार्थ में सम्यग्दर्शन नहीं है परन्तु सम्यक्ज्ञान है। सम्यग्दर्शन अभेद को ही ग्रहण करता है। भेद को सम्यग्दर्शन कहना व्यवहार है।

सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति कैसे होती है ?

तन्निसर्गादधिगमाद्वा ॥३॥

वह सम्यग्दर्शन स्वभाव से अथवा पर के उपदेशादि से उत्पन्न होता है। इस प्रकार सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति दो प्रकार से मानी गई है।

(१) निसर्गज–वर्त्तमान में गुरु के मुख से उपदेश सुने बिना ही अपनी धारणा के ज़ोर पर सम्यग्दर्शन की प्राप्ति होवे उसी को निसर्गज सम्यग्दर्शन कहते हैं।

(२) अधिगमज–वर्त्तमान में गुरु के मुख से उपदेश सुनकर उसके ऊपर स्वयं विचार करने से जो सम्यग्दर्शन की प्राप्ति होवे उसे अधिगमज सम्य-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ग्दर्शन कहते हैं। पर से सम्यग्दर्शन हुवा कहना व्यवहार का वचन है, वस्तु स्वरूप ऐसा नहीं है।

तत्त्व किसे कहते हैं ?

जीवाजीवास्रवबन्धसम्वरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वम् ॥४॥

अर्थः—जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष, ये सात तत्त्व हैं।

जीवतत्त्वः—जीव का जो अनादि अनन्त स्वभाव भाव है उसी का नाम जीवतत्त्व है। कैसा है वह जीव तत्त्व ? जिसमें अजीव तत्त्व का अभाव है, आस्रव तत्त्व का अभाव है, बंध तत्त्व का अभाव है, संवर तत्त्व का अभाव है, निर्जरा तत्त्व का भी अभाव है और मोक्ष तत्त्व का भी अभाव है। ऐसा अनन्त गुण का पिण्ड रूप ज्ञायक स्वभाव का नाम जीव तत्त्व है। वह जीव तत्त्व मैं हूँ ऐसी श्रद्धा का नाम सम्यग्दर्शन है। अभेद पदार्थ को ग्रहण करना सम्यग्दर्शन है।

अजीवतत्त्वः—जीव द्रव्य के साथ में जो संयोगी पौद्गलिक अवस्था है उसी का नाम अजीवतत्त्व है, क्योंकि उसके साथ में जीव द्रव्य का व्यवहार से जन्म मरण का संबंध है जिस कारण उसका नाम अजीव तत्त्व है। जैसे दस प्राणादि अजीव तत्त्व हैं। जीव का संयोग मिटने से अजीवतत्त्व पुद्गल द्रव्य है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आस्रवतत्त्वः—जीव द्रव्य में एक योग नाम का गुण है उस गुण की कम्पन अवस्था का नाम भाव आस्रव है और कार्माण वर्गणा का आत्मा के प्रदेश के नज़दीक आने का नाम द्रव्य आस्रवतत्त्व है।

बंध तत्त्वः—जीव द्रव्य में श्रद्धागुण, चारित्रगुण तथा क्रियागुण की विकारी अवस्था का नाम भाव बंध तत्त्व है। कार्माण वर्गणा की प्रदेश बंध, प्रकृति बंध, स्थिति बंध अनुभाग बंध रूप अवस्था हो जाना द्रव्य बंध है।

संवर तत्त्व—बंध के कारण का अभाव होने का नाम संवर तत्त्व है जैसे श्रद्धागुण की, चारित्रगुण की तथा क्रियागुण की शुद्ध अवस्था हो जाना इसी का नाम भाव संवर है। कर्म प्रकृति का बंध रुक जाना द्रव्य संवर है।

निर्जरातत्त्वः—चारित्रगुण की अंश अंश में शुद्धता का नाम निर्जरातत्त्व है। सम्यग्दर्शन हुए बाद अंश अंश में इच्छा का नाश हो जाना भाव निर्जरा है और अंश अंश में द्रव्य कर्म का आत्मा के प्रदेश से अलग हो जाना द्रव्य निर्जरा है।

मोक्ष तत्त्वः—जीव द्रव्य के सम्पूर्ण गुणों की शुद्धता हो जाने का नाम भाव मोक्ष है और द्रव्य कर्म का आत्मा के प्रदेश से अत्यन्त अभाव होकर उसकी कर्म रूप अवस्था मिट जाना द्रव्य मोक्ष है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तत्त्वों को जानने का कारण–

नामस्थापनाद्रव्यभावतस्तन्न्यासः ॥५॥

अर्थ–नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव का ज्ञान करने से सम्यग्दर्शन की प्राप्ति हो सकती है।

नाम निक्षेप–गुण रहित नाम का नाम नाम-निक्षेप है जैसे अंधे आदमी को नयनसुखदास कहना, दरिद्र स्त्री को लक्ष्मी बाई कहना।

स्थापना निक्षेप–कोई भी पदार्थ में 'यह वही है' ऐसा आरोप करना उसे स्थापना निक्षेप कहते हैं। जिस पदार्थ में आरोप किया जाता है वह अतदाकार स्थापना है परन्तु ज्ञान में तदाकार स्थापना होती है जैसे पाषाण की मूर्ति में भगवान् की स्थापना करना, चावल में पुष्प की स्थापना करना इत्यादि। जिसमें स्थापना की जाती है उसकी महिमा नहीं है बल्कि महिमा भावों की है क्योंकि जैसा भाव बदलेगा वैसीही स्थापना बदल जायगी।

द्रव्य निक्षेप–भूत भविष्यत् की पर्याय की मुख्यता लेकर वर्त्तमान में कहना सो द्रव्य निक्षेप है जैसे तुरन्त के जन्मे हुए बालक को तीर्थंकर कहना।

भाव निक्षेप–जैसी वर्तमान में अवस्था है तैसा ही कहना भाव निक्षेप है जैसे समोशरण में विराजमान अरहन्त वीतराग को देव कहना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चार निक्षेप में प्रथम के तीन निक्षेप अर्थात् नाम, स्थापना, द्रव्य निक्षेप द्रव्यार्थिकनय का विषय है जिससे उसमें पर्याय गौण रहती है और भाव निक्षेप पर्यायार्थिकनय का विषय है, वह पर्याय को ही देखती है। जिस कारण से स्थापना निक्षेप अतदाकार ही होती है।

सब तत्त्वों को जानने का और कारण:-

प्रमाणनयैरधिगमः ॥६॥

अर्थः—प्रमाण तथा नयों के ज्ञान से जीवादि तत्त्वों का ज्ञान होता है।

प्रमाणः—सामान्य तथा विशेष का ज्ञान करना प्रमाण ज्ञान है क्योंकि द्रव्य सामान्य विशेष रूप है।

नयः—पदार्थ के एक देश को जाने उसे नय कहते हैं।

जीवादि तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त करने के और विशेष कारण:-

निर्देशस्वामित्वसाधनाधिकरणस्थितिविधानतः ॥७॥

अर्थः—निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति और विधान इनसे भी जीवादि तत्त्वों का निर्णय होता है।

निर्देशः—पदार्थ के स्वरूप का कथन करना उसे निर्देश कहा जाता है।

स्वामित्वः—वस्तु के अधिकार को स्वामित्व कहते हैं। अर्थात् पदार्थ का स्वामी जीव है या पुद्गल।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

साधनः—पदार्थ की उत्पत्ति के कारण साधन कहते हैं। जैसे सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति में ज्ञान कारण है।

अधिकरणः—वस्तु के आधार को अधिकरण कहते हैं जैसे सम्यग्दर्शन का अधिकरण श्रद्धा नाम का गुण है।

स्थितिः—वस्तु के काल की अवधि को स्थिति कहते हैं जैसे द्रव्य तथा गुण अनादि अनन्त है और पर्याय सादी सान्त है।

विधान—वस्तु के भेद को विधान कहते हैं अर्थात् अलग अलग अवस्था का ज्ञान करना।

तत्त्वों को जानने के अन्य विशेष कारणः—

सत्संख्याक्षेत्रस्पर्शनकालान्तरभावाल्पबहुत्वैश्च ॥८॥

अर्थः—सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव, अल्पबहुत्व द्वारा ज्ञान होता है।

सत्ः—मैं सत् स्वरूपी हूँ, गुण भी सत् है और पर्याय भी सत् है।

संख्याः—द्रव्य की अपेक्षा से जीव द्रव्य अनन्त हैं, गुण की अपेक्षा से सब जीवों में अनन्त गुण हैं और पर्याय की अपेक्षा से सब जीवों में अनन्तानन्त पर्याय हैं।

क्षेत्र—जीव द्रव्य का क्षेत्र असंख्यात प्रदेश है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्पर्शन–जीव तीनों काल अपने द्रव्य, गुण तथा पर्याय को स्पर्श करता है।

काल–जीव का स्वकाल जीव में ही है और पर का काल पर में ही है।

अन्तर–मेरे स्वभाव तथा पर्याय में क्या अन्तर है।

भाव–पांच भाव में से कौन सा भाव संसार का कारण है और कौन सा भाव मोक्ष का कारण है।

अल्प-बहुत्व–मेरी पर्याय विशेष विकार रूप परिणमनती है कि स्वभाव की ओर परिणमनती है अर्थात् विकार बढ़ता है या घटता है।

ज्ञान की कितनी अवस्था होती है–

मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानि ज्ञानम् ॥९॥

अर्थः–ज्ञान की पांच अवस्था होती हैं:–(१) मतिज्ञान (२) श्रुतज्ञान (३) अवधिज्ञान (४) मनःपर्ययज्ञान और (५) केवलज्ञान।

मतिज्ञानः–इन्द्रियों तथा मन की सहायता से पदार्थ को जाने उसे मतिज्ञान कहते हैं।

श्रुतज्ञानः–इन्द्रियों तथा मन की सहायता से मतिज्ञान से जाने हुए पदार्थ को विशेष रूप जाने उसे श्रुतज्ञान कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवधिज्ञानः—इन्द्रियों की सहायता विना केवल मन की सहायता से रूपी पदार्थ को द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की मर्यादा लिये स्पष्ट जाने उसे अवधिज्ञान कहते हैं।

मनः पर्यय ज्ञानः—इन्द्रियों की सहायता बिना केवल मन की सहायता से पर जीवों के स्थूल विकारी भाव को जाने उसे मनः पर्यय ज्ञान कहते हैं।

केवलज्ञानः—पर की सहायता विना अपने संपूर्ण प्रदेशों से लोकालोक के चराचर पदार्थों का संपूर्ण रीति से समय मात्र में जाने उसे केवलज्ञान कहते हैं।

ज्ञान प्रमाण ज्ञान हैः—

तत्प्रमाणे ॥१०॥

अर्थः—ऊपर कहे गये पांचों ज्ञान प्रमाण ज्ञान हैं।

ज्ञान में भेदः—

आद्ये परोक्षम् ॥११॥

अर्थः—आदि के दो ज्ञान अर्थात् मतिज्ञान और श्रुत ज्ञान परोक्ष प्रमाण हैं।

प्रत्यक्ष प्रमाण के भेदः—

प्रत्यक्षमन्यत् ॥१२॥

अर्थः—शेष तीन अर्थात् अवधि व मनः पर्ययज्ञान एक देश प्रत्यक्ष हैं अर्थात् इन्द्रिय की सहायता की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जरूरत नहीं है इस अपेक्षा से प्रत्यक्ष हैं और मन की सहायता की जरूरत पड़ती है इस अपेक्षा से परोक्ष हैं और केवल ज्ञान सकल प्रत्यक्ष है अर्थात् जिसमें इन्द्रिय, मन आदि किसी की भी जरूरत नहीं पड़ती।

मतिज्ञान के भेदः-

मतिः स्मृतिः संज्ञा चिन्ताभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम् ॥१३॥

अर्थः-मति, स्मृति, संज्ञा, चिन्ता, अभिनिबोध ये पांच मतिज्ञान के दूसरे नामान्तर हैं।

मतिज्ञान की उत्पत्ति का कारणः-

तदिन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तम् ॥१४॥

अर्थः-मतिज्ञान, पांच इन्द्रिय और मन के निमित्त से होता है। यदि इन्द्रिय और मन बिगड़ जावे तो ज्ञान उपयोग रूप नहीं रह सकता है बल्कि लब्धि रूप रहता है।

मतिज्ञान के भेदः-

अवग्रहेहावायधारणाः ॥१५॥

अर्थः-अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा ये चार मतिज्ञान के भेद हैं।

अवग्रहः-सामान्य अवलोकन के बाद 'ये क्या हैं' ऐसे ज्ञान को अवग्रह कहते हैं। जैसे यह पतंग हैं या पक्षी ?

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ईहाः—अवग्रह से जाने हुए पदार्थ के विषय में उत्पन्न हुए संशय को दूर करते हुए अभिलाषा स्वरूप ज्ञान को ईहा कहते हैं। जैसे यह पक्षी है पतंग नहीं है।

अवायः—ईहा से जाने हुए पदार्थ में "यह वही है, अन्य नहीं है" ऐसे मजबूत ज्ञान को अवाय कहते हैं, जैसे यह पक्षी ही है।

धारणाः—जिस ज्ञान से जाने हुए पदार्थ में कालान्तर में संशय तथा विस्मरण नहीं हो ऐसे ज्ञान को धारणा कहते हैं।

विषय की दृष्टि से अवग्रह के भेदः—

बहुबहुविधक्षिप्रानिःसृतानुक्तध्रुवाणाम् सेतराणाम् ॥१६॥

अर्थः—बहु, बहुविध, क्षिप्र, अनिःसृत, अनुक्त और ध्रुव और उसके विपरीत एक, एकविध, अक्षिप्र, निःसृत, उक्त और अध्रुव इस प्रकार अवग्रहादि के बारह भेद होते हैं।

बहुः—एक साथ बहुत पदार्थों का ज्ञान होना, जैसे अनेक मनुष्य का ज्ञान होना।

एकः—एक पदार्थ का ज्ञान करना, जैसे एक व्यक्ति का ही ज्ञान करना।

बहुविधः—बहुत प्रकार के पदार्थों का ज्ञान करना जैसे मनुष्य, हाथी, घोड़ा इत्यादि सेना रूप ज्ञान करना,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एक विधः–एक प्रकार के पदार्थ का ज्ञान करना, जैसे सेना में से मात्र हाथी का ज्ञान करना।

क्षिप्रः–शीघ्रता से पदार्थ का ज्ञान करना।

अक्षिप्रः–पदार्थ को धीरे धीरे जानना।

अनिःसृतः–एक देश के ज्ञान से सर्वदेश का ज्ञान होना जैसे बाहर निकली हुई सूंड देखकर जल में डूबे हुए हाथी का पूरा ज्ञान होना।

निःसृतः–जल में से बाहर निकले हुए हाथी का ज्ञान करना।

अनुक्तः–इन्द्रिय का जो विषय है उस इन्द्रिय से ज्ञान न कर अनुमान से ज्ञान कर लेना, जैसे दही की सुगन्ध से उसके खट्टापन का ज्ञान हो जाना।

उक्तः–अनुक्त से विपरीत अर्थात् खट्टा का ज्ञान करने से खट्टा का ज्ञान करना।

ध्रुवः–बहुत काल तक ज्ञान जैसा का तैसा रहना।

अध्रुवः–ज्ञान में हीन अधिक का हो जाना।

पूर्वोक्त बारह भेद किसके होते हैं:—

अर्थस्य ॥१७॥

अर्थः–ये बारह भेद अर्थावग्रह के होते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थावग्रहः--व्यक्त पदार्थ के अवग्रह को अर्थावग्रह कहते हैं।

अवग्रह के भेदः—

व्यञ्जनस्यावग्रहः ॥१८॥

अर्थः—अप्रगट रूप शब्दादि पदार्थों का सिर्फ व्यञ्जन अवग्रह होता है। ईहादिक तीन ज्ञान नहीं होते हैं।

व्यञ्जन अवग्रह किसके नहीं होतेः—

न चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम् ॥१६॥

अर्थः—नेत्र तथा मन से व्यञ्जन अवग्रह नहीं होता है।

अर्थावग्रहः--अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा ये चार उनको बारह प्रकार के बहु, बहुविध भेद से गुणाकार करने से ४८ भेद हुए। उस ४८ भेद को पांच इन्द्रिय तथा एक मन मिलकर ६ से गुणाकार करने से २८८ भेद हुए। व्यञ्जन अवग्रह में ईहादि होते नहीं है जिस कारण व्यञ्जन अवग्रह बहु, बहुविध आदि १२ भेद से १२ प्रकार का और उसको चार इन्द्रिय स्पर्शन, रसना, घ्राण, और श्रोत्र से गुणाकार करने से व्यञ्जन अवग्रह के भेद ४८ मिलकर मतिज्ञान के कुल भेद ३३६ होते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रुत ज्ञान का स्वरूपः-

श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥२०॥

अर्थः—श्रुतज्ञान मतिज्ञान पूर्वक ही होता है अर्थात् मतिज्ञान बाद ही श्रुतज्ञान होता है। उस श्रुतज्ञान के दो अनेक तथा बारह भेद होते हैं।

श्रुतज्ञान के दो भेदः– (१) अंगबाह्य (२) अंग-प्रविष्ट। अंगबाह्य के अनेक भेद होते हैं।

अंगप्रविष्ट के बारह भेदः–(१) आचारांग (२) सूत्र-कृतांग (३) स्थानांग (४) समवायांग (५) व्याख्याप्रज्ञप्ति अंग (६) ज्ञातृधर्मकथांग (७) उपासकाध्ययनांग (८) अन्तःकृतद्दशांग (९) अनुत्तरोत्पादिकदशांग (१०) प्रश्न व्याकरणांग (११) विपाक सूत्रांग (१२) दृष्टिवादांग।

अवधिज्ञान किसके होता हैः-

भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणाम् ॥२१॥

अर्थः—भवप्रत्यय नाम का अवधिज्ञान देव तथा नारकियों के होता है।

भावार्थः—अवधिज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम भव-प्रत्यय में भी नियम से रहता है परन्तु भव का प्रधानपना दिखाने के लिये भवप्रत्यय कहा जाता है। सभी तीर्थ-करों को भवप्रत्यय अवधिज्ञान रहता है। सर्वार्थसिद्धि से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो जीव मनुष्य पर्याय में जन्म लेता है वह नियम से अवधिज्ञान सहित ही जन्म लेता है।

क्षयोपशम निमित्तक अवधिज्ञान के भेद और स्वामी:—

क्षयोपशमनिमित्तः षड्विकल्पः शेषाणाम् ॥२२॥

अर्थः—क्षयोपशम निमित्तक अवधिज्ञान ६ भेद वाले अर्थात् (१) अनुगामी (२) अननुगामी (३) वर्द्धमान (४) हीयमान (५) अवस्थित (६) अनवस्थित भेद वाले होते हैं और वह मनुष्य तथा तिर्यंचों को भी होता है।

अनुगामीः—जो अवधिज्ञान जीव के साथों साथ जावे उसे अनुगामी कहते हैं।

अननुगामीः—जो अवधिज्ञान जीव के साथों साथ न जावे परन्तु छूट जावे उसे अननुगामी कहते हैं।

वर्द्धमानः—जो अवधिज्ञान दिन पर दिन बढता है उसे वर्द्धमान कहते हैं।

अवस्थितः—अवधिज्ञान जैसा का तैसा रहे अर्थात् बढे भी नहीं और घटे भी नहीं उसे अवस्थित कहते हैं।

हीयमानः—जो अवधिज्ञान घटता रहे उसे हीयमान कहते हैं।

अनवस्थितः—जो अवधिज्ञान घटता बढता रहे उसे अनवस्थित कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मनःपर्यय ज्ञान के भेदः—

ऋजुविपुलमतिमनःपर्ययः ॥२३॥

अर्थः— मनःपर्यय ज्ञान ऋजुमति और विपुलमति के भेद से दो प्रकार का है।

ऋजुमतिः—जो मन वचन काय की सरलता से चिन्तित दूसरे के मन में स्थित पदार्थ को जाने उसे ऋजुमति मनःपर्यय ज्ञान कहते हैं।

विपुलमतिः—जो सरल तथा कुटिल रूप पर के मन में स्थित पदार्थ को जाने उसे विपुलमति मनःपर्यय ज्ञान कहते हैं।

ऋजुमति और विपुलमति में अन्तरः—

विशुद्ध्यप्रतिपाताभ्याम् तद्विशेषः ॥२४॥

अर्थः—परिणामों की शुद्धता और अप्रतिपात अर्थात् केवलज्ञान होने के पहले नहीं छूटता। इन दो बातों से ऋजुमति और विपुलमति में विशेषता है।

भावार्थः—ऋजुमति की अपेक्षा विपुलमति में आत्मा के भावों की शुद्धता अधिक होती है। ऋजुमति ज्ञान छूट भी जाता है परन्तु विपुलमति केवलज्ञान के पहले नहीं छूटता। इन दोनों में मनःपर्यय ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम की अपेक्षा हीनता अधिक रहती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवधिज्ञान और मनःपर्यय ज्ञान में विशेषताः—

विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्यो ऽवधिमनःपर्यययोः ।।२५।।

अर्थः—अवधिज्ञान और मनःपर्यय ज्ञान में विशुद्धता क्षेत्र, स्वामि और विषय की अपेक्षा विशेषता होती है।

विशुद्धिः—अवधिज्ञान से मनःपर्यय ज्ञान में विशेष विशुद्धि है।

क्षेत्रः—अवधिज्ञान का क्षेत्र अंगुल के असंख्यात भाग से लेकर असंख्यात लोक प्रमाण है। तथा मनःपर्यय ज्ञान का क्षेत्र मनुष्य लोक मात्र है।

स्वामिः—अवधिज्ञान चारों गतियों में सम्यग्दृष्टि तथा मिथ्यादृष्टि को होता है परन्तु मनःपर्यय ज्ञान ऋद्धिप्राप्त भावलिंगी मुनि को ही होता है।

विषयः—अवधिज्ञान का विषय रूपी पदार्थ हैं जब मनःपर्यय ज्ञान का विषय आत्मा के अमूर्तिक विकारी भाव हैं।

मतिश्रुत ज्ञान का विषयः—

मतिश्रुतयोर्निबन्धो द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु ।।२६।।

अर्थः—मतिज्ञान और श्रुत ज्ञान का विषय सम्बन्ध सब पर्यायों से रहित जीव पुद्गलादि सब द्रव्यों में है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—मति श्रुतज्ञान इन्द्रिय और मन की सहायता से रूपी अरूपी द्रव्य को जानते हैं परन्तु द्रव्य की सब पर्यायों को अर्थात् अबुद्धि पूर्वक राग को जान नहीं सकते, इसलिए मतिश्रुत ज्ञान का विषय सम्बन्ध द्रव्य की कुछ पर्यायों के अर्थात् बुद्धि पूर्वक राग के साथ रहता है।

अवधिज्ञान का विषयः—

रूपिष्ववधेः ॥ २७ ॥

अर्थः—अवधिज्ञान का विषय रूपी पदार्थ हैं।

भावार्थः—अवधिज्ञान रूपी पदार्थ को तथा जीव के साथ में कर्म का सम्बन्ध है उस कर्म को भी जान सकता है।

मनःपर्यय ज्ञान का विषयः—

तदनन्तभागे मनःपर्ययस्य ॥ २८ ॥

अर्थः—सर्वावधि अवधिज्ञान के विषय भूत रूपी द्रव्य के अनन्तवें भाग में मनःपर्यय ज्ञान का विषय है।

भावार्थः—सर्वावधि अवधिज्ञान जिस रूपी द्रव्य को जानता है उससे बहुत सूक्ष्म विकारी आत्मा के अमूर्तिक स्थूल भाव को मनःपर्यय ज्ञान जानता है।

केवलज्ञान का विषयः—

सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य ॥ २९ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—केवल ज्ञान का विषय सब द्रव्य और उनके सब पर्याय हैं अर्थात् केवल ज्ञान एक ही साथ में सब द्रव्यों तथा उसके समस्त पर्याय को जानता है।

एक जीव में एक साथ कितना ज्ञान हो सकता है:—

एकादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्ना चतुर्भ्यः ॥ ३० ॥

अर्थः—एक जीव में एक ही साथ एक ज्ञान से लेकर चार ज्ञान तक हो सकता है।

भावार्थः—यदि एक ज्ञान होगा तो केवल ज्ञान होगा, दो ज्ञान होगा तो मति तथा श्रुत ज्ञान होगा, तीन ज्ञान होगा तो मति श्रुत अवधि ज्ञान अथवा मति श्रुत मनःपर्यय ज्ञान होगा। यदि चार ज्ञान होगा तो मति श्रुत अवधि मनःपर्यय ज्ञान होगा। प्रथम के चार ज्ञान क्षयोपशम ज्ञान हैं और केवलज्ञान क्षायिक ज्ञान है। चार ज्ञान की शक्ति प्राप्त होती है परन्तु उपयोग एक समय में एक ही ज्ञान का होगा।

मिथ्याज्ञान कितने प्रकार का होता है:—

मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च ॥ ३१ ॥

अर्थः—मति, श्रुत और अवधिज्ञान विपर्यय भी होते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—इन तीन ज्ञान को मिथ्या दर्शन के कारण मिथ्या ज्ञान कहा जाता है और सम्यग्दर्शन के कारण सम्यक्ज्ञान कहा जाता है। यथार्थ में ज्ञान मिथ्या होता नहीं है क्योंकि ज्ञान को रोकने वाला कर्म पांच ही हैं इसलिये ज्ञान की अवस्था पांच ही होनी चाहिए, किन्तु मिथ्या दर्शन के कारण से तीन ज्ञान को कुज्ञान कहा जाता है।

मिथ्याज्ञान कहने का कारण:—

सदसतोरविशेषात् यदृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् ॥ ३२ ॥

अर्थः—अपनी इच्छानुसार सत् और असत् पदार्थों में पागल पुरुष की तरह जैसा तैसा जानने से यथार्थज्ञान न होने के कारण विपरीत ज्ञान कहा जाता है।

भावर्थः—जैसे शराब का नशावाला जीव माता को माता कहे तो भी उसका कहना यथार्थ नहीं क्योंकि दो मिनट बाद नशा में माता को भार्या भी कह सकता है। इसी प्रकार मिथ्यादर्शन के कारण पदार्थ का यथार्थज्ञान न होने के कारण उस ज्ञान को मिथ्याज्ञान कहा जाता है।

नयों के भेद: —

नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवम्भूता नयाः ॥ ३३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—नैगमनय, संग्रहनय, ऋजुसूत्रनय, शब्दनय, समभिरूढ़नय, एवंभूतनय, ये सात प्रकार के नय हैं।

नैगमनयः—

किसी वस्तु में किसी एक पर्याय होने की योग्यता मात्र देखकर वर्तमान में उस पर्याय के अभाव में भी उस वस्तु को उस पर्याययुक्त कहना सो नैगमनय है। जैसे वर्तमान में श्रेणिक का आत्मा नारकीय होते हुए भी तीर्थंकर कहना।

संग्रहनयः—

जो नय अपनी जाति का विरोध न करते हुए अनेक विषयों का एक पने से ग्रहण करे उसे संग्रहनय कहते हैं। जैसे जीव कहने से चारों गति के जीव को ग्रहण करे।

व्यवहारनयः—

जो संग्रहनय से ग्रहण किये हुए पदार्थों का विधि-पूर्वक भेद करे उसे व्यवहार नय कहते हैं। जैसे जीव का भेद संसारी और मुक्त।

ऋजुसूत्रनयः—

जो वर्तमान समयवर्ती पर्याय को विषय करे वह ऋजुसूत्र नय है। जैसे श्रेणिक को नारकी वर्तमान में कहना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शब्दनयः—

जिस शब्द के सुनते ही शब्दार्थ में से लिंग, साधन, संख्या, काल सम्बन्धी व्यभिचार दोष दूर किया जाय उसे शब्दनय कहते हैं। जैसे दारा, भार्या, कलत्र ये तीनों भिन्न भिन्न लिंग के शब्द एक स्त्री पदार्थ के ही वाचक हैं। सो यह नय स्त्री पदार्थ को तीन भेद रूप ग्रहण करता है।

समभिरूढ़ नयः—

अनेक अर्थ प्रतिपादक शब्द के सारे अर्थ को छोड़ कर शब्द का जो रूढ़ि अर्थ है उसे विषय करने वाला समभिरूढ़ नय है। जैसे गौ शब्द से वाणी, पृथ्वी, किरण, वज्र, पुरुष, गाय आदि अनेक अर्थ हैं परन्तु संपूर्ण अर्थों को गौण कर सिर्फ गाय इस रूढ़ि के अर्थ को विषय करना उसे समभिरूढ़ कहते हैं।

एवंभूतनयः—

जिस शब्द का जिस क्रिया रूप अर्थ है उसी क्रिया रूप परिणमनते हुए पदार्थ को जो ग्रहण करे उसे एवं-भूत नय कहते हैं। जैसे हलवा बनाते वक्त ही हलवाई कहना।

इति श्रीउमास्वामीविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे) प्रथमोध्यायः।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वितीय अध्याय

जीव के असाधारण भाव:—

औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य
स्वतत्त्वमौदयिकपारिणामिकौ च ॥ १ ॥

अर्थ:—औपशमिक, क्षायिक भाव, मिश्र भाव, औदयिक भाव और पारिणामिक भाव ये पांचों भाव जीव में होते हैं।

औपशमिक भाव:—

कर्म के उपशम से आत्मा में जो भाव होता है उस भाव का नाम औपशमिक भाव है। उपशम उसे कहते हैं जिसमें कर्म का उदय, उदीरणा, उत्कर्षण, अपकर्षण, पर प्रकृति संक्रमण, स्थितिकाण्डक घात, अनुभाग काण्डक घात न हो।

क्षायिक भाव:—

कर्म के क्षय होने से आत्मा में जो भाव होता है उसे क्षायिक भाव कहते हैं।

क्षयोपशम भाव:—

जो भाव कर्म के उदय, अनुदय कर होवे उन्हें

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्षयोपशमिक भाव अर्थात् मिश्र भाव कहते हैं। क्षयोपशम का लक्षण सर्वघाति स्पर्द्धकों का उदयाभावी क्षय तथा उन्हीं के आगामी काल में उदय आने वाले जो निषेक उनका सदवस्था रूप उपशम और देशघाति स्पर्द्धकों के उदय होने को क्षयोपशम कहते हैं। धवलाकार ने अंश में गुण की शुद्धता और अंश में अशुद्धता ऐसी दो अवस्था को क्षयोपशम कहा है।

औदयिक भावः—

कर्म के उदय से आत्मा में जो भाव होवे उसे औदयिक भाव कहते हैं। औदयिक भाव में गुण की सर्वथा अशुद्ध अवस्था ही रहती है। यदि अंश में गुण की शुद्धता हो गई तो वह औदयिकभाव न रहकर क्षयोपशम-भाव कहा जायगा।

पारिणामिक भावः—

कर्म के उदय, अनुदय, उपशम और क्षय की अपेक्षा रक्खे बिना स्वयं आत्मा में शुद्धाशुद्ध भाव होवे उसे पारिणामिक भाव कहते हैं।

भावों के भेद :—

द्विनवाष्टादशैकविंशतित्रिभेदा यथाक्रमम् ॥ २ ॥

अर्थः—ऊपर कहे पांचों भाव का क्रम से दो, नौ, अट्ठारह, इक्कीस, और तीन भेद होते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—पांच भाव का उपचार से त्रेपन भेद कहा गया है।

औपशमिक भाव के भेदः—

सम्यक्त्वचारित्रे ॥ ३ ॥

अर्थः—उपशम भाव के दो भेद हैं (१) उपशम सम्यक्त्व (२) उपशमचारित्र।

उपशम सम्यक्त्वः—

अनन्तानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभ और मिथ्यात्व सम्यग्मिथ्यात्व, तथा सम्यक्त्व प्रकृति इन सातप्रकृतियों के, तथा अनादि मिथ्यादृष्टि के मात्र मिथ्यात्व प्रकृति तथा अनन्तानुबंधी क्रोध, मान, माया लोभ इन पांच प्रकृतियों के उपशम से जो सम्यक्त्व होता है उसे औपशमिक सम्यक्त्व कहते हैं।

उपशम चारित्रः—

अप्रत्याख्यानावरणादि चारित्र मोहनीय की इक्कीस प्रकृतियों के उपशम से जो चारित्र होता है उसे उपशम चारित्र कहा जाता है। व्यवहार से उपशम चारित्र के सात भेद हैं (१) नंपुसकवेद उपशम (२) स्त्रीवेद उपशम (३) पुरुषवेद के साथ नोकषाय उपशम (४) क्रोध उपशम (५) मान उपशम (६) माया उपशम (७) लोभ उपशम।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(देखिये धवल ग्रंथ ५ पृष्ठ १६०) निश्चय से उपशम भाव ग्याहरवां गुणस्थान में ही होता है उसके पहले क्षयोपशम भाव होता है।

क्षायिक भाव के नव भेदः—

ज्ञानदर्शनदानलाभभोगोपभोगवीर्याणि च ॥ ४ ॥

अर्थः—केवल ज्ञान, केवल दर्शन, क्षायिक वीर्य, क्षायिक दान, क्षायिक लाभ, क्षायिक भोग, क्षायिक उपभोग तथा सूत्र में च शब्द होने से क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायिक चारित्र, ये नौ क्षायिक के भेद हैं।

केवलज्ञानः—

ज्ञानावरण कर्म के क्षय से शुद्ध पर्याय प्रगट हुई उसे केवलज्ञान कहते हैं।

केवल दर्शनः—

दर्शनावरण कर्म के क्षय से जो शुद्ध पर्याय प्रगट हुई उसे केवल दर्शन कहते हैं।

क्षायिक वीर्यः—

अन्तराय कर्म के क्षय से जो शुद्ध पर्याय प्रगट हुई उसका नाम क्षायिक वीर्य है। वीर्यगुण को घात करने वाली पांच कर्म प्रकृति थी परन्तु कर्म का नाश होने से स्वभाव पर्याय एक ही प्रगट होती है अनेक नहीं होती।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सूत्र में क्षायिक दान, क्षायिक लाभ, क्षायिक भोग तथा क्षायिक उपभोग जो लिखा है वह उपचार से लिखा है जैसे ज्ञान को रोकने वाली पांच कर्म प्रकृति थी परन्तु कर्म का नाश होने से स्वभाव पर्याय एक मात्र केवल ज्ञान प्रगट होता है उसी प्रकार अन्तराय कर्म का नाश होने से एक मात्र अनन्त वीर्य पर्याय प्रगट होती है। पांच पर्याय कहना मात्र उपचार है। यथार्थ में नहीं है। शुद्ध अवस्था एक ही होती है।

क्षायिक सम्यक्त्व:—

दर्शन मोहनीय की तीन प्रकृति का नाश होने से जो स्वभाव पर्याय श्रद्धागुण की प्रगट हुई वह क्षायिक सम्यक्त्व है।

क्षायिक चारित्र:—

चारित्र मोहनीय की पच्चीस प्रकृति का नाश होने से जो स्वभाव पर्याय चारित्रगुण की प्रगट हुई उसे क्षायिक चारित्र कहते हैं।

सूत्र में च शब्द पड़ा है उससे प्रतीत होता है कि क्षायिक पर्याय अ र भी विशेष हैं जैसे:—

क्षायिक योग:—

नाम कर्म के मन, वचन, काय रूपी प्रकृति के अभाव से जो योग नाम के गुण की शुद्ध पर्याय प्रगट हुई उसे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्षायिक योग कहते हैं।

क्षायिक क्रिया:—

नाम कर्म के औदारिक आदि शरीर के अभाव से जो पर्याय क्रिया नाम के गुण की प्रगट हुई उसे क्षायिक क्रिया कहते हैं।

क्षायिक अव्याबाध:—

वेदनीय कर्म के क्षय से जो शुद्ध पर्याय आत्मा में प्रगट हुई उसे क्षायिक अव्याबाध कहते हैं।

क्षायिक अवगाहना:—

आयु कर्म के क्षय से जो शुद्ध पर्याय आत्मा में प्रगट हुई उसे क्षायिक अवगाहना कहते हैं।

क्षायिक अगुरुलघु:—

गोत्र कर्म के क्षय से जो शुद्ध पर्याय प्रगट हुई उसे क्षायिक अगुरुलघु कहते हैं।

क्षायिक सूक्ष्मत्व:—

नाम कर्म के क्षय से जो शुद्ध पर्याय प्रगट हुई उसे क्षायिक सूक्ष्मत्व कहते हैं।

ये सभी पर्याय सिद्ध अवस्था में प्रगट होती हैं जिससे ये सभी जीव के अनुजीवी गुण हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्षायोपशमिक भाव के अठारह भेदः—

ज्ञानाज्ञानदर्शनलब्धयश्चतुस्त्रित्रिपञ्चभेदाः
सम्यक्त्वचारित्रसंयमासंयमाश्च ॥ ५ ॥

अर्थः—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यय-ज्ञान ये चार सुज्ञान, कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान, कुअवधिज्ञान ये तीन अज्ञान, चक्षु दर्शन, अचक्षु दर्शन, अवधि दर्शन ये तीन दर्शन, दान अन्तराय, लाभ अन्तराय, भोगअन्तराय, उपभोग अन्तराय और वीर्य अन्तराय ये पाँच लब्धियाँ तथा क्षयोपशमिक सम्यक्त्व, क्षयोपशमिक चारित्र, संयमासंयम चारित्र ये अठारह भेद क्षयोपशमिक भाव के हैं।

क्षयोपशम सम्यक्त्वः—

अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ तथा मिथ्यात्व, सम्यक् मिथ्यात्व इन छह सर्वघाति प्रकृतियों के उदयाभावी क्षय से तथा उन्हीं के आगामी काल में उदय आने वाले निषेकों का सदवस्था रूप उपशम और देशघाति सम्यक्त्व प्रकृति का उदय होने पर जो सम्यग्दर्शन प्रगट होता है उसे क्षायोपशमिक सम्यक्त्व कहते हैं। इसका दूसरा नाम वेदक सम्यक्त्व है।

क्षायोपशमिक चारित्रः—

अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान तथा प्रत्याख्यान कषाय का उदयाभावी क्षय तथा उन्हीं कर्म के सदवस्था

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रूप उपशम तथा संज्वलन तथा नो कषाय का यथा-सम्भव उदय होने पर जो चारित्र होता है उसे क्षायोपशमिक चारित्र कहते हैं।

संयमासंयमः—

अनन्तानुबन्धी तथा अप्रत्याख्यान कषाय का उदयाभावी क्षय तथा उसीका सदवस्था रूप उपशम तथा प्रत्याख्यान आदि सत्तरह प्रकृतियों का यथासम्भव उदय होने पर जो अवस्था होती है उसे संयमासंयम कहते हैं।

सूत्र में च शब्द पड़ा है उससे मालुम होता है कि क्षयोपशम भाव और भी विशेष हैं। जैसेः—

सम्यक् मिथ्यात् प्रकृति सर्वघाती कही गयी है, जिसके उदय में मिश्रभाव होता है जो भाव बिगड़ा हुआ दूध के सदृश है अर्थात् दूध का भी स्वाद नहीं है, दही का भी स्वाद नहीं है बल्कि तीसरा ही स्वाद है जिस कारण से अनेक आचार्य उसको औदयिक भाव मानते हैं परन्तु धवलाकर की ऐसी मान्यता है कि मिथ्यात्व प्रकृति के उदय से जिस प्रकार सम्यक्त्व का निरन्वय नाश होता है उसी प्रकार सम्यक् मिथ्यात्व प्रकृति के उदय से सम्यक्त्व का निरन्वय नाश नहीं होता है इसलिए तीसरे गुण स्थान में औदयिक भाव न मानकर क्षायोपशमिक भाव माना है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शंका:—सम्यक्‌मिथ्यात्व का उदय सम्यग्दर्शन का निरन्वय विनाश तो करता नहीं है फिर उसे सर्वघाति क्यों कहा है ?

समाधान:—ऐसी श्रद्धा ठीक नहीं है क्योंकि वह सम्यग्दर्शन की पूर्णता का प्रतिबन्ध करती है इस अपेक्षा से सम्यक् मिथ्यात्व को सर्वघाती कहा है। देखिये धवल-ग्रंथ पुस्तक १ पृष्ठ १६७।

क्षयोपशम का जो लक्षण कर्म का क्षय उपशम रूप माना है उसके विषय में भी धवलाकार का विरोध है, वह कहते हैं कि कितने ही आचार्य ऐसा कहते हैं कि मिथ्यात्व के सर्वघाति स्पर्द्धकों के उदय क्षय से, उन्हीं के सदवस्था रूप उपशम से और सम्यक् प्रकृति के देशघाति स्पर्द्धकों के उदय क्षय से, उन्हीं के सदवस्था रूप उपशम से अथवा अनुदय रूप उपशम से और सम्यक् मिथ्यात्व रूप कर्म के सर्वघाति स्पर्द्धकों उदय से सम्यक् मिथ्यात्व भाव होता है इसलिए सम्यक् मिथ्यात्व के क्षयोपशमिकता सिद्ध होती है। किन्तु उनका यह कथन घटित नहीं होता है क्यों कि ऐसा मानने पर तो मिथ्यात्व भाव के भी क्षयोपशमिकता का प्रसंग प्राप्त होता है क्योंकि सम्यक् मिथ्यात्व के सर्वघाति स्पर्द्धकों के उदय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्षय से उन्हीं के सदवस्था रूप उपशम से और सम्यक्त्व देशघाति स्पर्द्धकों के उदय क्षय से उन्हीं के सदवस्था रूप उपशम से अथवा अनुदय रूप उपशम से तथा मिथ्यात्व के सर्वघाति स्पर्द्धकों के उदय से मिथ्यात्व भाव की उत्पत्ति पायी जाती है। वैसा मानने पर अतिव्याप्ति दोष का प्रसंग आता है। (देखिये धवलग्रंथ ५ पृष्ठ १६६)

शंकाः—तो फिर क्षायोपशमिक भाव कैसे घटित होता है ?

समाधानः—यथास्थित अर्थ के श्रद्धान को घात करने वाली शक्ति जब सम्यक् प्रकृति के स्पर्द्धकों में क्षीण हो जाती है तब उनकी क्षायिक संज्ञा है। क्षीण हुए स्पर्द्धकों के उपशम को क्षयोपशम कहते हैं। देखिये धवल ग्रन्थ ५ पृष्ठ २२४। इससे सिद्ध होता है कि धवलाकार की मान्यता ऐसी है "गुण के अंश में शुद्ध और अशुद्ध अवस्था का नाम क्षयोपपम भाव है।" इससे सिद्ध होता है कि सम्यक् मिथ्यात्व भाव जो तीसरे गुण स्थान में होता है उसे भी क्षयोपशम भाव मानना चाहिए।

अनन्तानुवंधी के अभाव में असंयम भावः—

अनन्तानुवंधी चतुष्टय की चौथे गुणस्थान में भी तीन अवस्था हो सकती हैं (१) क्षय (२) उपशम (३) विसंयोजन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यदि अनन्तानुबन्धी का उपशम होगा तब तो हम ऐसा लक्षण कर सकते हैं कि अनन्तानुबन्धी चार प्रकृतियों का उदयाभावी क्षय और उन्हीं के निषेकों का सदवस्था रूप उपशम तथा अप्रत्याख्यानावरणादि २१ प्रकृतियों का यथासम्भव उदय होने पर आत्मा की जो अवस्था होती है उसे असंयम रूप क्षयोपशम भाव कह सकते हैं, परन्तु जब अनन्तानुबन्धी चतुष्टय का क्षय हो जावे अथवा वे परमाणु बदलकर अप्रत्याख्यान रूप हो जावे तब ऊपर का लक्षण घटित नहीं हो सकता। इससे भी सिद्ध होता है कि धवलाकार का जो कहना है कि गुण की अंश में शुद्धता और अशुद्धता उसीका नाम क्षयोपशम भाव है इस अपेक्षा से अनन्तानुबंधी का अभाव रूप शुद्धता और प्रत्याख्यानादि कषाय की अपेक्षा से अशुद्धता से चौथे गुणस्थान में चारित्र की अपेक्षा से असंयम भाव क्षयोपशम भाव है, वह स्वयं सिद्ध होता है।

औदयिक भाव के २१ भेद:—

गतिकषायलिंगमिथ्यादर्शनाज्ञानासंयता-
सिद्धलेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकैकषड्भेदाः ॥

अर्थः—नरकगति रूप भाव, तिर्यंचगति रूप भाव, मनुष्यगति रूप भाव, देवगति रूप भाव, क्रोध भाव,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मानभाव, मायाभाव, लोभभाव, स्त्रीवेद रूपभाव, नपुंसक-वेद रूप भाव, पुरुषवेद रूप भाव, मिथ्यादर्शनरूप भाव, अज्ञानभाव, असंयम भाव, असिद्धत्व भाव, कृष्ण लेश्या, नील लेश्या, कापोत लेश्या, पीत लेश्या, पद्म लेश्या, शुक्ल लेश्या रूप भाव यह मिलकर औदयिक भाव के २१ भेद हैं।

भावार्थः—औदयिक भाव में भी विशेष भेद हैं। जैसे हास्यादि नोकषाय भी औदायिक भाव हैं।

शंकाः—अज्ञान भाव का क्या अर्थ है।

समाधानः—ज्ञान की हीन अवस्था का नाम अज्ञान भाव है। ये अज्ञानभाव बारहवां गुण स्थान तक रहता है।

शंका—अज्ञान में ज्ञान का अंश तो जरूर रहता है तब उसको औदयिक भाव क्यों कहना चाहिये। यदि ज्ञान-गुण सम्पूर्ण आवरण रूप हो जावे तब तो आत्मा जड़ बन जायगा और ऐसा कभी होता नहीं है इससे भी सिद्ध होता है कि ज्ञान का अंश में उघाड़ अवश्य रहता है। तब उसी को औदयिक भाव मानना युक्त नहीं है।

समाधानः—यह उपचार का कथन है। यदि इसको उपचार न माना जावे तो औदयिक भाव का जो लक्षण है उसमें दोष आजावेगा।

शंकाः—सामान्य अवलोकन बिना विशेष अवलोकन तो होता ही नहीं है तब मात्र अज्ञान को ही औदयिक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाव क्यों माना, अदर्शन (सामान्य अवलोकन) को भी क्यों नहीं माना ?

समाधानः---आपका कहना ठीक है किन्तु उपचार से ऐसा मानने में कोई बाधा नहीं है क्योंकि उपचार का अर्थ ही यही है कि:-"यथार्थ में वह नहीं है"

प्रश्नः---असंयम किसे कहते हैं ?

उत्तरः---अनन्तानुबंधी सहित कषाय भाव का नाम असंयम है। वही मात्र औदयिक भाव है, क्योंकि उसमें चारित्र नाम के गुण की अंश में भी शुद्धता नहीं है, परन्तु अनन्तानुबंधी रहित असंयम भाव को औदयिक भाव नहीं मानना चाहिए बल्कि क्षयोपशम भाव मानना चाहिए, क्योंकि उसमें अनन्तानुबंधी का अभाव रूप शुद्धता है।

प्रश्नः—लेश्या किसे कहते हैं।

उत्तरः—लेश्या में दो मत हैं। अमुक आचार्य कहते हैं कि कषाय से अनुरंजित योग की प्रवृति का नाम लेश्या है जब कि धवलाकार का कहना है कि इस लक्षण में बाधा आती है क्योंकि इस प्रकार लेश्या का लक्षण करने से केवल कषाय और केवल योग को लेश्या नहीं कह सकते बल्कि कषायानुविध योग प्रवृति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/

को ही लेश्या कहते हैं यह बात सिद्ध हो जाती है। इससे बारहवें आदि गुणस्थानवर्ती वीतरागियों के केवल योग को लेश्या नहीं कह सकते जब वीतरागियों के लेश्या है। इससे सिद्ध होता है कि लेश्या और कषाय अलग हैं। तब धवलाकार ने यह लक्षण श्लोक नं० ६४ में बनाया कि:—

लिपंदि अप्पी कीरदि एदाए णियय पुण्य पावं च।
जीवो त्ति होई लेस्सा–लेस्सा गुण जाणय वजादा ॥

अर्थः—जिसके द्वारा जीव पुण्य और पाप से लिप्त करता है उनके आधीन करता है उसको लेश्या कहते हैं ऐसा लेश्या के स्वरूप को जानने वाले गणधर आदि देव ने कहा है।

(देखिये धवल ग्रन्थ पुस्तक नं० १ पृष्ठ १५०)

केवली भगवान में पुण्य पाप भाव नहीं है परन्तु योग के कारण मात्र साता वेदनीय का एक समय का बन्ध पड़ता है। भगवान् का विहार होता है इसी कारण उसकी परम शुक्ल लेश्या मानी गयी है। इससे सिद्ध होता है कि लेश्या में प्रवृत्ति प्रधान है और कषाय में अभिलाषा प्रधान है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेश्या को छह प्रकार की जो मानी गई है वह भी कषाय के कारण से ही मानी गई है क्योंकि कषाय का परिणाम छह प्रकार का होता है (१) तीव्रतम (२) तीव्रतर (३) तीव्र (४) मंद (५) मंदतर (६) मंदतम। इन छह प्रकार के कषाय के परिणाम से उत्पन्न हुई परिपाटी क्रम से लेश्या भी छः हो जाती हैं। (देखिए धवलग्रन्थ पुस्तक १ पृष्ठ ३८७)। यथार्थ में लेश्या एक प्रकार की अर्थात् गमनागमन रूप प्रवृति रूप है परन्तु कषाय के कारण से छः प्रकार की मानी गई है। कषाय चारित्र गुण की पर्याय है जब लेश्या क्रिया गुण की पर्याय है। कषाय दुःखदायक है और कषाय से स्थिति तथा अनुभाग बंध पड़ता है जब लेश्या दुःखदायक नहीं है, लेश्या से (योग) प्रदेश प्रकृति बंध पड़ता है। नरकगति में तीनों ही अशुभ लेश्या हैं तो भी वहां के जीव मरण कर नियम से संज्ञी पंचेन्द्रिय ही बनते हैं जब पहले दूसरे स्वर्ग का जीव पीत लेश्या होते हुए भी तीव्र कषाय के कारण निगोद गति को प्राप्त हो जाता है। इससे विचार करना चाहिए कि लेश्या दुखदायी है या कषाय। कृष्ण लेश्या का अभाव होने से नील लेश्या होती है उसी प्रकार नीलादि के अभाव से ऊपर ऊपर की शुद्ध लेश्या होती है। यदि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हीन लेश्या के अभाव से क्रिया गुण के अंश में भी शुद्धता आती तो उसको नियम से क्षयोपशम भाव मानना पड़ता किन्तु लेश्या को क्षयोपशम भाव माना नहीं है इससे सिद्ध होता है कि तेरहवां गुण स्थान के अन्त तक क्रिया गुण में शुद्धता होती ही नहीं। इससे सिद्ध होता है कि लेश्या में जितना भेद भी किया जाता है मात्र कषाय के कारण ही किया जाता है और कषाय का लेश्या में अन्योन्य अभाव है क्यों कि एक गुण में दूसरे गुण का अन्योन्य अभाव है।

पारिणामिक भाव के तीन भेदः—

जीवभव्याभव्यत्वानि च ॥७॥

अर्थः—जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व ये तीन पारिणामिक भाव हैं।

जीवत्वः—जीव का अनादि अनन्त स्वभाव भाव है उसी का नाम जीवत्व है।

भव्यत्वः—जिसमें सम्यग्दर्शन प्राप्त करने की शक्ति है उसे भव्यत्व कहते हैं।

अभव्यत्वः—जिस जीव में सम्यग्दर्शन प्राप्त करने शक्ति ही नहीं है उसे अभव्यत्व कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भव्यत्व और अभव्यत्व श्रद्धा गुण की सहज पर्याय है जिस पर्याय में कर्म का सद्भाव अभाव कारण नहीं पड़ता है इन्हीं कारणों से पारिणामिक भाव कहते हैं। सूत्र में च शब्द पड़ा है इससे मालुम होता है कि पारिणामिक भाव और भी विशेष प्रकार का है।

(१) दूसरे सासादन गुणस्थान में पारिणामिक भाव माना है। दूसरे गुणस्थान में मिथ्यात्व कर्म का उदय नहीं है और सम्यक्त्व रूप अवस्था भी नहीं है तब क्या श्रद्धागुण कूटस्थ रहेगा ? नहीं, श्रद्धागुण ने स्वतन्त्रपने कर्म के उदय बिना मिथ्यात्व रूप अवस्था धारण करो है और वह पारिणामिक भाव से धारण करी है।

(२) क्षायोपशम सम्यग्दृष्टि जब अनन्तानुबंधी कर्म प्रकृति का विसंयोजन कर उसी परमाणु का अप्रत्याख्यान रूप परिणमन हो जाता है बाद में जब वही जीव मिथ्यात्व का उदय के कारण प्रथम गुणस्थान में चला जाता है। वहां अनन्तानुबंधी की प्रकृति नहीं होने से चारित्र नाम के गुण ने पारिणामिक भाव से अनन्तानुबंधी कषाय रूप परिणमन किया है वह भी पारिणामिक भाव है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३)ग्यारहवें गुणस्थान से जब जीव गिरता है तब भी वहां से पारिणामिक भाव से ही गिरता है क्योंकि कर्म का उदय दसवें गुणस्थान में शुरु होता है। यह भी पारिणामिक भाव है।

जीव का लक्षण:--

उपयोगो लक्षणम् ॥८॥

अर्थः—जीव का लक्षण उपयोग है।

उपयोग का भेद:--

स द्विविधोष्टचतुर्भेदः ॥९॥

अर्थः—वह उपयोग दो प्रकार का, आठ प्रकार का तथा चार प्रकार का होता है।

दो प्रकारः–शुद्धोपयोग, अशुद्धोपयोग। यह चारित्र गुण की अवस्था है। शुद्ध उपयोग वीतराग भाव का नाम है, अशुद्ध उपयोग पुण्य पाप भाव का नाम है। यह भाव सब अवस्था में रहता है। सिद्ध में तथा केवली में शुद्ध उपयोग है और छद्मस्थ जीवों में अशुद्ध उपयोग है। यह उपयोग विग्रह गति, अपर्याप्त अवस्थादि सब में रहता है। परन्तु ज्ञान दर्शन उपयोग विग्रहगति आदि में नहीं रहता है।

आठ प्रकारः—ज्ञान गुण की अवस्था आठ प्रकार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की होती हैं (१) मतिज्ञान (२) श्रुतज्ञान (३) अवधिज्ञान (४) मनःपर्ययज्ञान (५) केवलज्ञान (६) कुमतिज्ञान (७) कुश्रुतज्ञान (८) कुअवधिज्ञान। ज्ञान गुण की पर्याय को सविकल्प उपयोग कहते हैं। सविकल्प उपयोग उसे कहते हैं कि पदार्थ अखण्ड होते हुए भी उसमें भेद करके देखा जाय।

चार प्रकारः—दर्शन गुण की अवस्था चार प्रकार की है। (१) चक्षु दर्शन (२) अचक्षु दर्शन (३) अवधि-दर्शन (४) केवल दर्शन। दर्शन गुण की अवस्था का नाम निर्विकल्प उपयोग है अर्थात् पदार्थ को अखण्ड रूप दीखता है।

जीव के भेदः—

संसारिणो मुक्ताश्च ॥१०॥

अर्थः—जीव दो प्रकार का है (१) संसारी (२) मुक्त।

संसारीः—कर्म सहित जीव को संसारी जीव कहते हैं।

मुक्तः—कर्म रहित जीव को मुक्त जीव कहते हैं।

संसारी जीवों के भेदः—

समनस्काऽमनस्काः ॥ ११ ॥

अर्थः—संसारी जीव दो प्रकार का है (१) समनस्क (२) अमनस्क।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समनस्कः--मन सहित संज्ञी जीव को समनस्क कहते हैं।

अमनस्कः--मन रहित असंज्ञी जीव को अमनस्क कहते हैं।

संसारी जीवों के अन्य भेदः—

संसारिणस्त्रसस्थावराः ॥१२॥

अर्थः--संसारी जीव दो प्रकार के हैं (१) त्रस (२) स्थावर।

त्रसः--त्रस नामा नामकर्म का जिसको उदय है उसे त्रस जीव कहते हैं।

स्थावरः--स्थावर नामा नाम कर्म का जिसको उदय हो उसे स्थावर जीव कहते हैं।

स्थावर जीव के भेदः—

पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतयः स्थावराः ॥ १३ ॥

अर्थः--स्थावर जीव पांच प्रकार के होते हैं।

(१) पृथ्वी कायिक (२) जल कायिक (३) अग्नि-कायिक (४) वायु कायिक (५) वनस्पति कायिक।

स्थावर जीव को मात्र स्पर्शन इन्द्रिय का ही ज्ञान होता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

त्रस जीव के भेद:--

द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः ॥१४॥

अर्थः-- त्रस जीव चार प्रकार का है (१) दोइन्द्रिय (२) तेइन्द्रिय (३) चतुरिन्द्रिय (४) पंचेन्द्रिय।

इन्द्रियों की संख्या:--

पंचेन्द्रियाणि ॥१५॥

अर्थः---इन्द्रियां पांच होती हैं।

इन्द्रियों के भेद:—

द्विविधानि ॥ १६ ॥

अर्थः---इन्द्रियां दो प्रकार की होती हैं। एक द्रव्य-इन्द्रिय और दूसरी भाव इन्द्रिय।

द्रव्य इन्द्रिय का स्वरूप:—

निर्वृत्त्युपकरणे द्रव्येन्द्रियम् ॥ १७ ॥

अर्थः--द्रव्यइन्द्रिय दो प्रकार की है (१) निर्वृत्ति (२) उपकरण।

निर्वृत्तिः---इन्द्रियाकार पुद्गल का परिणमन अर्थात् जिस निमित्त से ज्ञान होता है उस निमित्त का नाम निर्वृत्ति है।

उपकरणः---निर्वृत्ति का उपकार करे उसे उपकरण कहते हैं। जैसे नेत्र का उपकरण पलक तथा रोम, करण का उपकरण कान इत्यादि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावइन्द्रिय का स्वरूप:—

लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम् ॥ १८ ॥

अर्थः—भावइन्द्रिय दो प्रकार की है (१) लब्धि (२) उपयोग।

लब्धिः—ज्ञानवरण कर्म के क्षयोपशम विशेष अर्थात् ज्ञान का उघाड़ का नाम लब्धि है।

उपयोगः—इन्द्रिय द्वारा ज्ञान के व्यापार का नाम उपयाग है। जैसे नेत्र यदि बिगड़ जावे तो ज्ञान उपयोग रूप नहीं हो सकता है बल्कि लब्धिरूप रहता है।

पंचेन्द्रियों के नामः—

स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राणि ॥ १९ ॥

अर्थः—इन्द्रियाँ पांच हैं (१) स्पर्शन (२) रसना (३) घ्राण (४) चक्षु (५) श्र ।

इन्द्रियों के विषयः—

स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दास्तदर्थाः ॥ २० ॥

अर्थः—स्पर्श, रस, गंध रूप, और शब्द ये पांच क्रम से ऊपर कही हुई पांच इन्द्रियों के विषय हैं अर्थात् उक्त इन्द्रियां इन विषयों को जानती है।

मन का विषयः—

श्रुतमनिन्द्रियस्य ॥ २१ ॥

अर्थः—मन का विषय श्रुतज्ञान गोचर पदार्थ है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थात् मन का प्रयोजन श्रुतज्ञान है।

इन्द्रियों के स्वामी:—

वनस्पत्यन्तानामेकम् ॥ २२ ॥

अर्थः—पृथिवी, जल, अग्नि, हवा, वनस्पति कायिक इन पांचों स्थावर जीवों के एक स्पर्शन इन्द्रिय ही होती है।

शेष इन्द्रियों के स्वामी:—

कृमिपिपीलिकाभ्रमरमनुष्यादिनामेकैकवृद्धानि ॥ २३ ॥

अर्थः—लट दो इन्द्रिय, चींटी तीन इन्द्रिय, भौंरा चार इन्द्रिय, मनुष्य, पशु, पत्ती, नारकीय, देव आदि के पांच इन्द्रियां होती हैं। (आदि शब्द लट आदि सब में लगाना)

पंचेन्द्रिय के भेद:—

संज्ञिनः समनस्काः ॥ २४

अर्थः—मन सहित जीव संज्ञी कहलाते हैं।

संज्ञाः—हित अहित की परीक्षा तथा लाभ अलाभ का विचार करने की शक्ति को संज्ञा कहते हैं।

जीव के गमन करने का तरीका:—

विग्रहगतौ कर्मयोगः ॥ २५ ॥

अर्थः—विग्रहगति में कार्मांण योग होता है

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और उसकी सहायता से जीव एक गति से दूसरी गति में गमन करते आश्रव करते हैं।

विग्रहगतिः—एक शरीर को छोड़ कर दूसरे शरीर की प्राप्ति के लिये गमन करना विग्रहगति है।

कर्मयोगः—कार्माण शरीर नाम के कर्म प्रकृति के उदय से आत्मा के प्रदेश का कम्पन होना उसी का नाम कर्म-योग अथवा कार्माणयोग है।

गमन किस प्रकार होता:—

अनुश्रेणि गतिः ॥ २६ ॥

अर्थः—जीव और पुद्गलों का गमन श्रेणी के अनुसार ही होता है।

श्रेणीः—लोक के मध्यभाग से ऊपर नीचे तिर्यक दिशा में क्रम से रचना को प्राप्त हुए आकाश प्रदेशों की पंक्ति को श्रेणी कहते हैं।

मुक्त जीव किस गति से जाते हैं:—

अविग्रहा जीवस्य ॥ २७ ॥

अर्थः—मुक्त जीव की गति वक्रता रहित अर्थात् सीधी होती है।

भावार्थः—जिसमें मुड़ना पड़े उसे विग्रहगति और जिसमें मुड़ना न पडे उसे अविग्रहगति कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संसारी जीवों की गति और समयः—

विग्रहवती च संसारिणः प्राक्चतुर्भ्यः ॥ २८ ॥

अर्थः—संसारी जीव की गति चार समय से पहले पहले विग्रहगति और अविग्रह दोनों प्रकार की होती है।

भावार्थः—संसारी जीव की गति मोड़ रहित भी रहती है और मोड़ सहित भी होती है। जिस गति में मोड़ नहीं रहती है उसे ऋजुगति कहते हैं उसमें एक समय लगता है। जिसमें एक मोड़ लेना पडता है उसे पाणिमुक्तागति कहते हैं उसमें दो समय लगता है। जिस गति में दो मोड लेना पडता है उसे लांगलिकागति कहते हैं, उसमें तीन समय लगता है। और जिसमें तीन मोड लेना पडता है उसे गोमूत्रिकागति कहते हैं उसमें चार समय लगता है। चौथे समय में जीव नियम से कहीं न कहीं शरीर धारण कर लेता है।

अविग्रहगति का समयः—

एकसमयाऽविग्रहा ॥ २९ ॥

अर्थः—अविग्रहगति अर्थात् ऋजुगति में एक समय काल मात्र लगता है।

विग्रहगति में अहारक अनाहारक कितना समय रहता हैः—

एकं द्वौ त्रीन्वाऽनाहारकः ॥ ३० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi.

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—विग्रहगति में जीव एक, दो अथवा तीन समय तक अनाहारक रहता है।

आहारः—शरीर के परमाणु को ग्रहण करने को आहार कहते हैं। शरीर के परामाणु ग्रहण न करे उसे अनाहारक कहते हैं।

जन्म के भेदः—

सम्मूर्छनगर्भोपपादा जन्म ॥ ३१ ॥

अर्थः—सम्मूर्छन, गर्भ और उपपाद के भेद से जन्म तीन प्रकार का होता है।

सम्मूर्छन जन्मः—माता-पिता के रज वीर्य के बिना ही अपने शरीर के योग्य पुद्गल परमाणुओं के द्वारा अवयवों की रचना होने को सम्मूर्छन जन्म कहते हैं।

गर्भ जन्मः—माता का रज और पिता के वीर्य के मिलने से जो जन्म होता है उसे गर्भ जन्म कहते हैं।

उपपाद जन्मः—माता के रज वीर्य के बिना देव नारकियों के निश्चित स्थान से उत्पन्न होने को उपपाद जन्म कहते हैं।

योनियों के भेदः—

सचित्तशीतसंवृताः सेतरा मिश्राश्चैकशस्तद्योनयः ॥ ३२ ॥

अर्थः—सचित्त, शीत, संवृत इनसे उल्टी अचित्त उष्ण और विवृत और एक एक कर क्रम से मिली हुई

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सचिताचित्त, शीतोष्ण, संवृत-विवृत ये नौ सम्मूर्छनादि जन्मों की योनियां हैं।

सचित्तयोनिः—जीव सहित योनि को सचित योनि कहते हैं।

अचित्तयोनिः—जीव रहित स्थान।

शीतः—जिसका स्पर्श ठण्डा हो, जैसे छट्ठा सातवां नरकः।

उष्णः—जिसका स्पर्श उष्ण है, जैसे प्रथमादि नरक।

संवृतः—ढका उत्पति स्थान जैसे, देव नारकीय का स्थान।

विवृतः—खुला उत्पत्तिस्थान जैसे, सम्मूर्छन, एकेन्द्रिय, विकलत्रय आदि का।

मिश्रः—गर्भज जीवों का स्थान।

गर्भ से होने वाले के तीन प्रकारः—

जरायुजाण्डजपोतानां गर्भः ॥ ३३ ॥

अर्थः—जरायुज, अण्डज और पोत इन तीन प्रकार के जीवों के गर्भजन्म ही होता है।

जरायुजः—जाल के समान मांस और खून से व्याप्त एक प्रकार की थैली से लिपटे हुए जो जीव पैदा होते हैं उन्हे जरायुज कहते हैं जैसे मनुष्य, हाथी, बकरी, भैंस आदि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अण्डजः—जो जीव अण्डे से उत्पन्न हों उन्हें अण्डज कहते हैं। जैसे मुर्गा, कबूतर, चील आदि।

पोतः—जो माता के पेट से निरावरण निकल कर कूदने, चलने, फिरने लग जावे उन्हें पोत कहते हैं जैसे सिंह, बाघ आदि।

उपपाद जन्म किसका होता है:—

देवनारकाणामुपपादः ॥ ३४ ॥

अर्थः—देव और नारकियों के उपपाद जन्म ही होता है।

सम्मूर्छन जन्म किसका होता है:—

शेषाणां सम्मूर्छनम् ॥ ३५ ॥

अर्थः—गर्भ और उपपाद वाले जीवों से बाकी बचे हुए जीवों का सम्मूर्छन जन्म ही होता है।

भावार्थः—एकेंद्रिय से लेकर असैनी पंचेन्द्रिय तिर्यंचों का नियम से सम्मूर्च्छन जन्म होता है। सैनी पंचेन्द्रिय तिर्यंचों के गर्भ और सम्मूर्छन दोनों जन्म होता है। लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य का भी सम्मूर्छन जन्म होता है।

शरीरों के नाम तथा भेद:—

औदारिकवैक्रियिकाहारकतैजसकार्मणानि शरीराणि ॥३६॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—औदारिक, वैक्रियिक, अहारक, तैजस, कार्माण ये पांच शरीर हैं।

औदारिक शरीरः—जो दूसरे को छेएडे और दूसरे से छिएड सके उस शरीर को औदारिक शरीर कहते हैं। जैसे मनुष्य तिर्यंच का शरीर।

वैक्रियिक शरीरः—जिसमें अनेक प्रकार के रूप बनाने की शक्ति हो उसे वैक्रियिक शरीर कहते हैं जैसे देव नारकी का शरीर।

अहारक शरीरः—छट्ठवें गुणस्थानवर्ती मुनि के मस्तक से जो सफेद रंग का पुतला निकलता है उसे अहारक शरीर कहते हैं।

तैजस शरीरः—शरीर में कांति देवे उसे तैजस शरीर कहते हैं।

कार्माण शरीरः—कर्म के समूह का नाम कार्माण शरीर है।

शरीरों की सूक्ष्मता का स्वरूपः—

परम्परं सूक्ष्मम् ॥ ३७ ॥

अर्थः—पूर्व से आगे आगे के शरीर सूक्ष्म सूक्ष्म हैं अर्थात् औदारिक शरीर से वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक से अहारक शरीर, अहारक से तैजस शरीर और तैजस से कार्माण शरीर सूक्ष्म हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शरीर के प्रदेशों का स्वरूप:—

प्रदेशतोऽसंख्येयगुणम् प्राक् तैजसात् ॥ ३८ ॥

अर्थः—प्रदेशों (परमाणु) की अपेक्षा तैजस शरीर से पहले पहले के शरीर असंख्यात परमाणु विशेष हैं।

भावार्थः—औदारिक शरीर की अपेक्षा असंख्यात गुणे परमाणु वैक्रियिक शरीर में हैं और वैक्रियिक शरीर की अपेक्षा अहारक शरीर में है।

तैजस और कार्माण शरीर का स्वरूप:—

अनन्तगुणे परे ॥३९॥

अर्थः—बाकी के दो शरीर अनन्तगुणे परमाणु वाले हैं अर्थात् अहारक शरीर से अनन्त गुणे परमाणु तैजस शरीर में हैं और तैजस शरीर से अनन्तगुणे परमाणु कार्माण शरीर में हैं।

तैजस और कार्माण शरीर की विशेषता:—

अप्रतीघाते ॥ ४० ॥

अर्थः—तैजस और कार्माण ये दोनों शरीर अप्रतीघात बाधा रहित हैं अर्थात् किसी मूर्तिक पदार्थ से न स्वयं रुकते हैं और न किसी को रोकते हैं।

तैजस कार्माण शरीर कबसे हैं:—

अनादिसम्बन्धे च ॥ ४१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—तैजस और कार्माण शरीर आत्मा के साथ अनादिकाल से सम्बन्ध रखता है।

दोनों शरीर किसको होता हैः—

सर्वस्य ॥ ४२ ॥

अर्थः—ये दोनों शरीर समस्त संसारी जीवों को होता है।

एक साथ एक जीव के कितने शरीर होते हैंः—

तदादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्नाचतुर्भ्यः ॥ ४३ ॥

अर्थः—तैजस और कार्माण शरीर को आदि लेकर एक साथ एक जीव का चार शरीर तक हो सकता है।

भावार्थः—दो शरीर हों तो तैजस कार्माण, तीन शरीर हों तो तैजस, कार्माण, औदारिक अथवा तैजस कार्माण, वैक्रियिक और चार शरीर हों तो तैजस, कार्माण, औदारिक तथा अहारक।

कर्माण शरीर की विशेषताः—

निरुपभोगमन्त्यम् ॥ ४४ ॥

अर्थः—अन्त का कार्माण शरीर उपभोग रहित होता है।

उपभोगः—इन्द्रियों के द्वारा पांच विषयों को ग्रहण करने को उपभोग कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

औदारिक शरीर का लक्षण:—

गर्भसम्मूर्च्छनजमाद्यम् ॥ ४५ ॥

अर्थ:—गर्भ और सम्मूर्च्छन जन्म से उत्पन्न हुआ शरीर औदारिक शरीर कहलाता है।

वैक्रियिक शरीर का स्वरूप: –

औपपादिकं वैक्रियिकम् ॥ ४६ ॥

अर्थ:—उपपाद जन्म से होने वाला देव नारकीय का शरीर वैक्रियिक कहलाता है।

और वैक्रियिक किसको होता है:—

लब्धिप्रत्ययं च ॥ ४७ ॥

अर्थ:—वैक्रियिक शरीर लब्धि निमित्तक भी होता है।

लब्धि:—तपविशेष से प्राप्त हुए ऋद्धि को लब्धि कहते हैं।

तैजस शरीर भी लब्धि से प्राप्त होता है:—

तैजसमपि ॥ ४८ ॥

अर्थ:—तैजस शरीर भी लब्धि निमित्तक होता है।

भावार्थ:—तैजस दो प्रकार का है (१) शुभ तैजस और (२) अशुभ तैजस।

अहारक शरीर का लक्षण तथा स्वामी:—

शुभं विशुद्धमव्याघाति चाहारकं प्रमत्तसंयतस्यैव ॥ ४९ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—अहारक शरीर, शुभ, विशुद्ध और व्याघात (बाधा रहित) है और वह प्रमत्त संयत नामक छठवें गुण-स्थानवर्ती मुनि के ही होता है।

भाववेद के स्वामी:—

नारकसम्मूर्छिनो नपुंसकानि ॥ ५० ॥

अर्थ:—नारकीय और सम्मूर्छन जन्म वाले जीव नपुन्सक भाव वाले होते हैं।

देव कौन भाव वाले हैं:—

न देवाः ॥ ५१ ॥

अर्थ:—देव नपुंसक भाव-वाले नहीं होते हैं परन्तु पुरुषवेद रूप भाव तथा स्त्री वेद रूप भाव वाले होते हैं।

अन्यजीवों का कौन सा भाव है:—

शेषास्त्रिवेदाः ॥ ५२ ॥

अर्थ:—शेष बचे हुए मनुष्य और तिर्यंच में तीनों वेद के भाव होते हैं अर्थात् पुरुषवेद, स्त्रीवेद और नपुंसकवेद रूप भाव एक जीव में हो सकता है।

अकालमृत्यु किसकी नहीं होती:—

औपपादिकचरमोत्तमदेहासंख्येयवर्षायुषोऽनपवर्त्यायुषः॥५३॥

अर्थ:—उपपाद जन्म वाले देव, नारकी, तद्भव मोक्षगामी, चरमशरीरी मनुष्य तथा असंख्यात वर्षों की आयु वाले जीव की अकालमृत्यु नहीं होती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः——स्वयं कषाय भाव करके अपघात करे उसी का नाम अकालमृत्यु है, क्योंकि अपने कर्म के साथ में परजीवों के भाव का सम्बन्ध नहीं है। जैसे पांच पांडवों का अकालमृत्यु नहीं था वल्कि मरण ही इस प्रकार होने वाला था। मरते समय "मैं बच जाऊँ" ऐसे भाव से यदि मृत्यु होवे तो अकालमृत्यु नहीं है और "मैं मर ही जाऊँ, मैं मर ही जाऊँ" ऐसे भाव से जो मरण होता है ऐसी मृत्यु का नाम अकालमृत्यु है। अकालमृत्यु नियम से उदीरणभाव में ही होती है, और उदीरणभाव में जीव स्वतंत्र है, औदयिक भाव में जीव पराधीन है। समय समय में आयु का निषेक खिरना वह क्रमबद्ध पर्याय है और अकाल से आयु के परमाणु खिरना अक्रम है।

इति श्रीमदुमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे)
द्वितीयोध्यायः ॥ २ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तृतीय अध्याय

रत्नशर्कराबालुकापङ्कधूमतमोमहातमःप्रभाभूमयो
घनाम्बुवाताकाशप्रतिष्ठाः सप्ताधोऽधः ॥ १ ॥

अर्थः—रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, बालुकाप्रभा, पङ्कप्रभा, धूमप्रभा, तमःप्रभा, महातमःप्रभा, ये सात भूमियां नरक की हैं, जो क्रम से नीचे नीचे हैं। ये भूमियां घनोदधिवातवलय, घनवातवलय, तनुवातवलय और आकाश के आधार पर हैं।

सातनरक भूमियों में बिलों की संख्या:—

तासु त्रिंशत्पञ्चविंशतिपञ्चदशदशत्रिपञ्चोनैकनरक-
शतसहस्राणि पञ्च चैव यथाक्रमम् ॥ २ ॥

अर्थः—उन सात नरक भूमियों में क्रम से तीस लाख, पच्चीसलाख, पन्द्रहलाख, दशलाख, तीनलाख, पांच कम एकलाख, और पांच नरकावास हैं। ये बिल जमीन में गडे हुए ढोल की पोल के समान होते हैं।

नारकियों के दुःखों का वर्णनः—

नारका नित्याशुतरलेश्यापरिणामदेहवेदनाविक्रियाः ॥ ३ ॥

अर्थः—नारकी जीव हमेशाही अत्यन्त अशुभ लेश्या,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परिणाम, शरीर, वेदना, विक्रिया के धारक होते हैं।

अशुभलेश्याः—भूमि जन्य दुःख से बचने के लिए प्रवृत्ति बहुत होती है उस प्रवृत्ति का नाम लेश्या है। लेश्या क्रियागुण की पर्याय है। लेश्या दुःख दायक नहीं है।

परिणामः—भूमि जन्य दुःख से बचने के लिए आकुलता रूप परिणाम हैं परन्तु वहां भोग भोगने के लिए आकुलता रूप परिणाम नहीं हैं।

शरीरः—पहली पृथ्वी में शरीर की ऊँचाई ७ धनुष, ३ हाथ और ६ अंगुल है, नीचे के नरकों में क्रम क्रम से इससे दूनी दूनी ऊँचाई होती है।

वेदनाः—एक, दो, तीन और चार भूमियों में उष्णवेदना है। तथा पांचवों पृथ्वी के ऊपरी भाग में उष्णवेदना नीचे भाग में शीत वेदना तथा छठवीं और सातवीं पृथ्वी में महाशीत वेदना है।

विक्रियाः—अनेक प्रकार का शरीर धारण करने की शक्ति है।

दुःख का कारणः—

परस्परोदीरितदुखाः ॥ ४ ॥

अर्थः—नारकी जीव परस्पर में एक दूसरे को दुःख उत्पन्न करते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संक्लिष्टासुरोदीरितदुखाश्च प्राक् चतुर्थ्याः ॥ ५ ॥

अर्थः--चौथी पृथ्वी से पहिले पहिले अर्थात् तीसरी पृथ्वी पर्यन्त अम्बावरीप जाति के असुर कुमार देव, जो अत्यन्त संक्लेश परिणामों के धारक हैं वे नारकी जीवों को आपस में लड़ाकर आनंद मानते हैं।

जैसे--राजालोग भैंसा को लड़ाकर आनंद मानते हैं। अत्यन्त संक्लेशपरिणाम होते सन्ते वहां अशुभ लेश्या नहीं है। इन परिणामों से वहां के जीव मरकर एकेन्द्रिय में जाते हैं।

नरकों में उत्कृष्ट आयु का प्रमाण:—

तेष्वेकत्रिसप्तदशसप्तदशद्वाविंशतित्रयस्त्रिंशत्सागरो-
पमासत्त्वानाम्परा स्थितिः ॥ ६ ॥

अर्थः—नरकों में नारकी जीवों की उत्कृष्ट आयु क्रम से एकसागर, तीनसागर, सातसागर, दशसागर, सत्रहसागर, बाईससागर और तेतीससागर है।

भावार्थः--नरक में अकालमृत्यु होती नहीं है।

मध्य लोक का वर्णन

द्वीप समुद्रों के नाम:--

जम्बूद्वीपलवणोदादयःशुभनामानो द्वीपसमुद्राः ॥ ७ ॥

अर्थः—इस मध्य लोक में अच्छे अच्छे नाम वाले जम्बूद्वीप आदि द्वीप और लवण समुद्र आदि समुद्र हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—सबके बीच में जम्बूद्वीप थाली के आकार के समान है। उसके चारों तरफ लवण समुद्र है, लवण समुद्र के चारों तरफ धातकी खण्ड नामक द्वीप है, उस द्वीप के चारों तरफ कालोदधि समुद्र है, कालोदधि के चारों तरफ पुष्कर वर द्वीप है, उसके चारों तरफ पुष्कर वर समुद्र है। इसी प्रकार एक दूसरे को घेरे हुए असंख्यात द्वीप समुद्र हैं। सब से अन्त का स्वयम्भूरमण द्वीप और स्वयम्भूरमण समुद्र है।

द्वीप समूद्रों का विस्तार और आकारः—

द्विर्द्विर्विष्कम्भाः पूर्वपूर्वपरिक्षेपिणो वलयाकृतयः ॥ ८ ॥

अर्थः—प्रत्येक द्वीप समुद्र दूने दूने विस्तार वाले, पहिले पहिले के द्वीप समुद्रों को घेरे हुए तथा चूडी के समान आकार वाले हैं।

जम्बू द्वीप का विस्तारः—

तन्मध्ये मेरुनाभिर्वृत्तो योजनशतसहस्रविष्कम्भो जम्बूद्वीपः ॥ ९ ॥

अर्थः—उन सब द्वीप समुद्रों के बीच में जम्बूद्वीप है। उसके बीच में सुदर्शन मेरु नाभि की तरह है। जम्बूद्वीप थाली के समान गोल और एक लाख योजन विस्तार वाला है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जम्बू द्वीप के क्षेत्रों के नामः—

भरतहैमवतहरिविदेहरम्यकहैरण्यवतैरावतवर्षाः क्षेत्राणि
॥ १० ॥

अर्थः—इस जम्बूद्वीप में भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत ये सात क्षेत्र हैं।

क्षेत्रों का विभाग करने वाले छह कुलाचलों के नामः—

तद्विभाजिनः पूर्वापरायता हिमवन्महाहिमवन्
निषधनीलरुक्मिशिखरिणो वर्षधरपर्वताः ॥ ११ ॥

अर्थः—उन सात क्षेत्रों का विभाग करने वाले पूर्व से पश्चिम तक लम्बे हिमवत्, महाहिमवत् निषध, नील, रुक्मि, शिखरि, ये छह कुलाचल हैं।

कुलाचलों के वर्णनः—

हेमार्जुनतपनीयवैडूर्यरजतहेममयाः ॥ १२ ॥

अर्थः—ऊपर कहे हुए छह पर्वत क्रमसे सुवर्ण, चांदी, ताया हुआ सुवर्ण, नीलमणी, चाँदी और सुवर्ण के समान वर्ण वाले हैं।

पर्वतों का आकार—

मणिविचित्रपार्श्वाउपरि मूले च तुल्यविस्ताराः ॥१३॥

अर्थः—वे पर्वत कई तरह की मणिओं से चित्र विचित्र हैं तट जिनके तथा ऊपर नीचे और मध्य में एक समान विस्तार वाले हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उन पर्वतों पर सरोवरों के नाम:—

पद्ममहापद्मतिगिंछकेशरिमहापुण्डरी-
कपुण्डरीका ह्रदाः तेषामुपरि ॥ १४ ॥

अर्थः—उन पर्वतों के उपर क्रमसे पद्म, महापद्म, तिगिंछ, केशरि, महापुण्डरीक, और पुण्डरीक नाम के सरोवर है।

प्रथम सरोवर की लम्बाई चौडाई:—

प्रथमोयोजनसहस्रायामस्तदर्द्धविष्कम्भो ह्रदः ॥ १५ ॥

अर्थः—पहिला सरोवर एक हजार योजन लम्बा और पांच सौ योजन विस्तार वाला है।

प्रथम सरोवर की गहराई:—

दशयोजनावगाहः ॥ १६ ॥

अर्थ—प्रथम सरोवर दशयोजन गहरा है।

सरोवर के मध्य में क्या है:—

तन्मध्ये योजनं पुष्करम् ॥ १७ ॥

अर्थ—प्रथम सरोवर के बीच में एक योजन विस्तार वाला कमल है।

अन्य सरोवरों में कमलों का प्रमाण:—

तद्द्विगुणद्विगुणा ह्रदाः पुष्कराणि च ॥ १८ ॥

अर्थ—आगे के सरोवर और कमल क्रम से प्रथम सरोवर तथा उसके कमल से दूने दूने विस्तार वाले हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ---यह दूने दूने का क्रम तिगिंछ नामक सरोवर तक ही है। उसके आगे तीन सरोवर और तीन कमल दक्षिण के सरोवर तथा कमलों के समान विस्तार वाले हैं।

कमलों में रहने वाली छह देवियाँ:—

तन्निवासिन्यो देव्यः श्रीह्रीधृतिकीर्तिबुद्धिलक्ष्म्यः पल्योपमस्थितयः ससामानिकपरिषत्काः ॥१९॥

अर्थ---उन कमलों पर रहने वाली छह देवियाँ हैं जिनके नाम–श्री ह्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि, लक्ष्मी हैं, जिनकी एक पल्य की आयु है। तथा सामानिक और परिषद् जाति के देवों सहित रहती हैं।

उन सरोवरों में से निकलने वाली नदियाँ:—

गङ्गासिन्धुरोहिद्रोहितास्याहरिद्धरिकान्तासीतासीतोदानारीनरकान्तासुवर्णरूप्यकूलारक्तारक्तोदाः सरितस्तन्मध्यगाः ॥ २० ॥

अर्थः—गंगा, सिन्धु, रोहित, रोहितास्या, हरित, हरिकान्ता, सीता, सीतोदा, नारी, नरकान्ता, सुवर्णकूला, रूप्यकूला, रक्ता, रक्तोदा ये चौदह नदियां जम्बूद्वीप के पूर्वोक्त सात क्षेत्रों के बीच में बहती हैं।

भावार्थः—पहिले पद्म, और छठवें पुण्डरीक नामक सरोवर से क्रम से आदि और अन्त की तीन तीन नदियां

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निकलती हैं। तथा बाकी के सरोवरों से दो दो नदियां निकली हैं। भरत में गङ्गा, सिन्धु, हिमवत क्षेत्र में रोहित, रोहितस्या, हरि क्षेत्र में-हरित तथा हरिकान्ता, विदेह क्षेत्र में सीता तथा सीतोदा, रम्यकक्षेत्रमें नारी तथा नरकान्ता, हैरण्यवतक्षेत्रमें सुवर्णकूला तथा रूप्यकूला और ऐरावत क्षेत्र में रक्ता तथा रक्तोदा नदियां बहती हैं।

नदियों के बहने का क्रमः—

द्वयोर्द्वयोः पूर्वाःपूर्वगाः ॥ २१ ॥

अर्थः—दो दो नदियों में से प्रथम नम्बर वाली नदी पूर्व समुद्र में जाती हैं। जैसेः—गङ्गासिन्धु में से गंगा पूर्व में जाती है।

शेषास्त्वपरगाः ॥ २२ ॥

अर्थः—बाकी बची हुई सात नदियां पश्चिम के समुद्र में जाती हैं। जैसेः—गङ्गा सिन्धु में से सिन्धु नदी पश्चिम समुद्र में जाती है।

महा नदियों की सहायक नदियांः—

चतुर्दशनदीसहस्रपरिवृत्ता गङ्गासिन्ध्वादयो नद्याः ॥ २३ ॥

अर्थः—गङ्गा सिन्धु आदि नदियों के युगल चौदह हजार सहायक नदियों से घिरे हुए हैं।

अर्थः—सहायक नदियों का क्रम भी विदेह क्षेत्र तक आगे आगे के युगलों में पूर्व के युगलों से दूना दूना है और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उत्तर के तीन क्षेत्रों में दक्षिण के तीन क्षेत्रों के समान है ।

भरत क्षेत्र का विस्तार:—

भरतः षड्विंशतिपञ्चयोजनशतविस्तारः
षट्चैकोनविंशतिभागा योजनस्य ॥ २४ ॥

अर्थः—भरतक्षेत्र पांच सौ छब्बीस योजन और एक योजन के उन्नीस भाग में से छह भाग अधिक विस्तार वाला है ।

भावार्थः—भरतक्षेत्र का विस्तार ५२६।६।१९ योजन है ।

आगे के क्षेत्र और पर्वतों का विस्तार:—

तद्द्विगुणद्विगुणविस्तारा वर्षधरवर्षा विदेहान्ताः ॥ २५ ॥

अर्थः—विदेह क्षेत्र पर्यन्त के पर्वत और क्षेत्र भरत क्षेत्र से दूने दूने विस्तार वाले हैं ।

विदेहक्षेत्र के आगे के पर्वत और क्षेत्रों का विस्तार:—

उत्तरा दक्षिणतुल्याः ॥ २६ ॥

अर्थः—विदेह क्षेत्र से उत्तर के तीन पर्वत और तीन क्षेत्र दक्षिण के पर्वत और क्षेत्रों के समान विस्तार वाले हैं ।

भरत और ऐरावत क्षेत्र में काल चक्र का परिवर्तन:—

भरतैरावतयोर्वृद्धिह्रासौ षट्समयाभ्यामुत्सर्पिण्यवसर्पिणी-
भ्याम् ॥ २७ ॥

अर्थः—छह कालों से युक्त उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी के द्वारा भरत और ऐरावत क्षेत्र में जीवों की आयु

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवगाहना, सुख दुख आदि की वृद्धि तथा हीनता होती रहती है।

भावार्थः—बीस कोड़ा कोड़ी सागर का एक कल्प काल होता है। उसके दो भेद हैं—(१) उत्सर्पिणी (२) अवसर्पिणी।

उत्सर्पिणीः—जिसमें जीवों के सुख दुःख, आयु, तथा अवगाहना की वृद्धि होती है।

अवसर्पिणी—जिसमें जीवों के सुख दुःख आयु तथा अवगाहना की हीनता होती है।

काल के ६ भेद–(१) सुषमा सुषमा, चार कोड़ा कोड़ी सागर का। (२) सुषमा तीन कोड़ाकोड़ी सागर का, (३) सुषमा दुःषमा—दो कोड़ा कोड़ी सागर का (४) दुःषमा सुषमा–ब्यालीस हजार वर्ष कम एक कोड़ा कोड़ी सागर का (५) दुःषमा–इक्कीस हजार वर्ष का, (६) दुःषमा–दुःषमा इक्कीस हजार वर्ष का। भरत तथा ऐरावत क्षेत्र में इन छह भेदों सहित उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी का परिवर्तन होता रहता है।

अन्य क्षेत्रों की व्यवस्थाः-

ताभ्यामपरा भूमयोऽवस्थिता ॥ २८ ॥

अर्थः—भरत और ऐरावत के सिवाय अन्य क्षेत्र

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एक ही अवस्था में रहते हैं। उनमें काल का परिवर्तन नहीं है।

हिमवत् आदि क्षेत्रों में आयु की व्यवस्था:-

एकद्वित्रिपल्योपमस्थियो हैमवतकहारिवर्षकदेवकुरवकाः ॥ २९ ॥

अर्थः—हिमवत, हरिवर्षक और देवकुरु में रहने वाले मनुष्य तथा तिर्यंच क्रम से एक पल्य दो पल्य और तीन पल्य की आयु वाले होते हैं।

भावार्थः—इन तीन क्षेत्रों में मनुष्यों के शरीर की ऊँचाई क्रम से एक, दो, तीन कोसकी होती है।

हैरण्यवत आदि क्षेत्रों में आयु की व्यवस्था:-

तथोत्तराः ॥ ३० ॥

अर्थः—उत्तर के क्षेत्रों में रहने वाले मनुष्य तियंञ्च भी हिमवान आदि के मनुष्य तिर्यञ्च के समान आयु वाले होते हैं।

भावार्थः—हैरण्यवत क्षेत्र की रचना हैमवत क्षेत्र के समान, रम्यक क्षेत्र की रचना हरि क्षेत्र के समान और उत्तर कुरु की रचना देवकुरु के समान है। इस प्रकार उत्तम, मध्यम, और जघन्य रूप तीनों भोग भूमियों के दो दो क्षेत्र हैं। जम्बू द्वीप में छह भोग भूमि और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In.Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धातकी द्वीप में बारह भोग भूमि, तथा पुष्करार्ध द्वीप में बारह भोग भूमि, सब मिलकर कुल ३० भोगभूमि अढ़ाई द्वीप में हैं।

विदेह क्षेत्र में आयु की व्यवस्था:-

विदेहेषु संख्येयकालाः ॥ ३१ ॥

अर्थः—विदेह क्षेत्रों में मनुष्य तथा तिर्यञ्च की आयु संख्यात वर्ष की होती है।

भावार्थः—विदेह क्षेत्र में मनुष्य की ऊँचाई ५०० धनुष की, उत्कृष्ट आयु एक करोड़ पूर्व की होती है।

भरत क्षेत्रका अन्य प्रकार से विस्तार:—

भरतस्य विष्कम्भो जम्बूद्वीपस्य नवतिशतभागः ॥ ३२ ॥

अर्थः—भरत क्षेत्र का विस्तार जम्बू द्वीप से एक सो नव्वेवाँ भाग है।

भावार्थः—२४ वें सूत्र में भरत क्षेत्र का जो विस्तार बतलाया है उसमें और इसमें कोई भेद नहीं हैं केवल कथन शैली अलग है।

धातकी द्वीप का वर्णन:—

द्विर्धातकीखण्डे ॥ ३३ ॥

अर्थः—धातकी द्वीप में क्षेत्र, कुलाचल, मेरु, नदी आदि समस्त पदार्थों की रचना जम्बूद्वीप से दूनी दूनी है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुष्कर द्वीप का वर्णनः—

पुष्करार्धेच ॥ ३४ ॥

अर्थः—पुस्करार्ध द्वीप में भी क्षेत्र, कुलाचल, मेरु, नदी आदि समस्त पदार्थों की रचना जम्बू द्वीप से दूनी दूनी है।

भावार्थः—पुष्कर द्वीप का विस्तार सोलह लाख योजन है। उसके ठीक बीच में चूडी के आकार मानुषोत्तर पर्वत है, जिससे इस द्वीप के दो भाग होगये।

मनुष्य क्षेत्रः—

प्राङ्मानुषोत्तरान्मनुष्याः ॥ ३५ ॥

अर्थः—मानुषोत्तर पर्वत के पहिले अर्थात् अढ़ाई द्वीप में ही मनुष्य होते हैं।

भावार्थः—मानुषोत्तर पर्वत के आगे मनुष्य का कोई भी अंगोंपाग जा नहीं सकता है, क्योंकि वहाँ की जलवायु मनुष्य के परमाणु के अनुकूल नहीं है।

मनुष्य के भेदः—

आर्याम्लेच्छाश्च ॥ ३६ ॥

अर्थः—आर्य और म्लेच्छ के भेद से मनुष्य दो प्रकार के होते हैं। (१) आर्य—जो जीव आत्मिक धर्म की साधना करें उसे आर्य कहते हैं। (२) म्लेच्छ—जो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जीव आत्मिक धर्म की साधना न कर सके उसे म्लेच्छ कहते हैं।

कर्मभूमियों का वर्णन:—

भरतैरावतविदेहाः कर्मभूमियोऽन्यत्र देवकुरूत्तरकुरुभ्यः ॥३७॥

अर्थः—देवकुरु और उत्तरकुरु छोड़कर पांचभरत, पांचऐरावत और पांचविदेह—इस तरह अढ़ाई द्वीप में कुल पन्द्रह कर्म भूमियाँ हैं।

भावार्थः—जहाँ पर असि, मषि, कृषि, वाणिज्य, विद्या और शिल्प इन छह कर्मों के द्वारा आजीविका होती है उसे कर्मभूमि कहते हैं।

मनुष्यों की उत्कृष्ट तथा जघन्य आयु:—

नृस्थिती परावरे त्रिपल्योपमान्तर्मुहूर्ते ॥ ३८ ॥

अर्थः—मनुष्यों की उत्कृष्ट आयु तीन पल्य की और जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त की होती है।

तिर्यञ्चों की आयुः—

तिर्यग्योनिजानाञ्च ॥ ३९ ॥

अर्थः—तिर्यञ्चों की उत्कृष्ट आयु तीन पल्य की और जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त की होती है।

इति श्रीमत् उमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे)

तृतीयोध्यायः ॥ ३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चतुर्थ अध्याय

देवों के भेद:—

देवाश्चतुर्णिकायाः ॥ १ ॥

अर्थः—स्वर्ग के देवों के चार भेद हैं। (१) भवनवासी, (२) व्यन्तर, (३) ज्योतिषी, (४) वैमानिक।

भवनत्रिक देवों में लेश्या का स्वरूप:—

आदितस्त्रिषु पीतान्तलेश्याः ॥ २ ॥

अर्थः—भवनवासी, व्यन्तर तथा ज्योतिषी देवों में कृष्ण, नील, कापोत, पीत-ये चार लेश्यायें होती हैं।

भावार्थः—भवनत्रिक देवों में अपर्याप्त अवस्था में कृष्ण, नील, कापोत लेश्या रहती है। परन्तु पर्याप्त अवस्था में पीत लेश्या ही होती है। जिन आगम में प्रधान रूप से जहां जहां लेश्या का वर्णन किया है, वहां वहां कषाय में लेश्या का आरोप करके कथन किया गया है। लेश्या दुःख दायक नहीं है। परन्तु कषाय ही दुःख दायक है। लेश्या अनेक प्रकारकी नहीं है, एक प्रकार की है परन्तु कषाय के कारण अनेक प्रकार की मानी गई है।

चतुर्निकाय देवों के अन्तर्भेद:—

दशाष्टपञ्चद्वादशविकल्पाः कल्पोपपन्नपर्यन्ताः ॥ ३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—— कल्पोपन्न पर्यन्त अर्थात् सोलहवां स्वर्गतक उक्तचार प्रकार के देवों के क्रम से दस, आठ, पांच, और बारह भेद हैं।

चार प्रकार के देवों के सामान्य भेदः——

इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशपारिषदात्मरक्षलोकपालानीक-प्रकीर्णकाभियोग्यकिल्विषिकाश्चैकशः ॥ ४ ॥

अर्थः——उक्त चार प्रकार के देवों में प्रत्येक के इन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश, पारिषद, आत्मरक्ष, लोकपाल, अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक ये दस भेद होते हैं। इन्द्र–जो अणिमा आदि ऋद्धियों से सहित हों उन्हें इन्द्र कहते हैं। वे इन्द्र राजा के तुल्य होते हैं।

सामानिकः——जिनकी आयु, वीर्य और भोग उपभोग आदि इन्द्र के तुल्य हों, परन्तु आज्ञा, रूप, ऐश्वर्य से रहित हों उन्हें सामानिक कहते हैं।

त्रायस्त्रिंशः——जो देव मंत्री, पुरोहित के स्थान पर हों उन्हें त्रायस्त्रिंश कहते हैं। ये देव एक इन्द्रकी सभा में तेतीस ही होते हैं।

पारिषद :——जो देव इन्द्र की सभा में बैठने वाले हों उन्हें पारिषद कहते हैं।

आत्मरक्षः——जो देव इन्द्र के अंगरक्षक के सदृश होते हैं उन्हें आत्मरक्ष कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लोकपालः——जो पुलिस कमिश्नर के समान लोक का पालन करते हैं उन्हें लोकपाल कहते हैं।

अनीकः—सात प्रकार की सेना में काम आने वाले देव अनीक कहलाते हैं।

प्रकीर्णकः——जो देव नगरवासियों के समान हों उन्हें प्रकीर्णक कहते हैं।

अभियोग्यः——जो देव दासों के समान हाथी घोडा आदि के काम में आवें वे अभियोग्य हैं।

किल्विषिकः——जो देव चाण्डाल आदि की तरह नीच काम करने वाले हों उन्हें किल्विषिक कहते हैं।

व्यन्तर और ज्योतिषी देवों में इन्द्रादिक भेदों की विषमता:—

त्रायस्त्रिंशलोकपालवर्ज्या व्यन्तरज्योतिष्काः ॥ ५ ॥

अर्थः——व्यन्तर और ज्योतिषी देवों में त्रायस्त्रिंश तथा लोकपाल नहीं होते हैं।

देवों में इन्द्रों की व्यवस्था:—

पूर्वयोर्द्वीन्द्राः ॥ ६ ॥

अर्थः—भवनवासी और व्यन्तर देवों में प्रत्येक भेद में दो दो इन्द्र होते हैं।

भावार्थ——भवनवासियों के दस भेदों में बीस इन्द्र, और व्यन्तरों के आठ भेदों में सोलह इन्द्र होते हैं। तथा इतने ही प्रतीन्द्र होते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देवों में स्त्रीभोग का वर्णन:—

कायप्रवीचारा आ ऐशानात् ॥ ७ ॥

अर्थः—भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी तथा सौधर्म, ईशान स्वर्ग वाले देव शरीर से मनुष्यों की तरह काम सेवन करते हैं।

और देवों में कामवासना का वर्णन:—

शेषाः स्पर्शरूपशब्दमनः प्रवीचाराः ॥ ८ ॥

अर्थः—शेष स्वर्ग के देव देवियों का स्पर्श करने से, रूप देखने से, शब्द सुनने से और मन में विचारने से काम सेवन होता है।

भावार्थः—तीसरे और चौथे स्वर्ग के देव देवांगनाओं के स्पर्शमात्र से, पांचवें, छठवें, सातवें, और आठवें स्वर्ग के देव देवाङ्गनाओं के मात्र रूप देखने से, नववें, दसवें, ग्यारहवें, और बारहवें स्वर्ग के देव देवाङ्गनाओं के मात्रशब्द सुनने से तथा तेरहवें, चौदहवें, पन्द्रहवें, सोलहवें स्वर्ग के देव देवाङ्गनाओं के मन के विचारने मात्र से तृप्ति हो जाती है। अर्थात् उनकी काम वासना शान्त हो जाती है।

कल्पातीत देवों का नियम:—

परेऽप्रवीचाराः ॥ ९ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—सोलहवें स्वर्ग के आगे के देवों को काम सेवन करने की इच्छा होती ही नहीं है ।

भवनवासी देवों के दस भेदः—

भवनवासिनोऽसुरनागविद्युत्सुपर्णाग्निवातस्तनितो-
दधिद्वीपदिक्कुमाराः ॥ १० ॥

अर्थः—भवनवासी देवों के दस भेद हैं—(१) असुरकुमार (२) नागकुमार (३) विद्युत्कुमार (४) सुपर्ण-कुमार (५) अग्निकुमार (६) वातकुमार (७) स्तनितकुमार (८) उदधिकुमार (९) द्वीपकुमार (१०) दिक्कुमार ।

व्यन्तर देवों के आठ भेदः—

व्यन्तराः किन्नरकिम्पुरुषमहोरगगंधर्वयक्षराक्षस
भूतपिशाचाः ॥ ११ ॥

अर्थः—व्यन्तर देवों के आठ भेद होते हैं (१) किन्नर, (२) किम्पुरुष, (३) महोरग, (४) गन्धर्व, (५) यक्ष, (६) राक्षस, (७) भूत, (८) पिशाच ।

ज्योतिषी देवों के पांच भेदः—

ज्योतिष्काःसूर्याचन्द्रमसौग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाश्च
॥ १२ ॥

ज्योतिषी देवों के पांच भेद हैं, (१) सूर्य, (२) चन्द्र, (३) ग्रह, (४) नक्षत्र, (५) प्रकीर्णकतारा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—ज्योतिषी देवों का निवास मध्य लोक के सम पृथ्वी तल से सात सौ नव्बे योजन की ऊँचाई से लेकर एक सो दस योजन की ऊँचाई तक है।

ज्योतिषी देवों का विशेष वर्णन:—

मेरुप्रदक्षिणा नित्यगतयो नृलोके ॥ १३ ॥

अर्थः—ज्योतिषी देव मनुष्य लोक में मेरु पर्वत की प्रदक्षिणा देते हुए हमेशा गमन करते रहते हैं।

व्यवहार काल की उत्पत्ति:—

तत्कृतः कालविभागः ॥ १४ ॥

अर्थः—ज्योतिषी देवों के गतिशील के कारण घड़ी, घंटा, दिन, रात, पक्ष, मासादिक आदिका व्यहार का विभाग होता है।

मनुष्य लोक के बाहर की व्यवस्था:—

बहिरवस्थिताः ॥ १५ ॥

अर्थः—मनुष्य लोक के बाहर अर्थात् अढ़ाई द्वीप से बाहर के ज्योतिषी देव स्थिर रहते हैं।

वैमानिक देवों का वर्णन:—

वैमानिकाः ॥ १६ ॥

अर्थः—अब वैमानिक देवों का वर्णन प्रारंभ होता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वैमानिक देवों के भेदः--

कल्पोपन्नाः कल्पातीताश्च ॥ १७ ॥

अर्थः—वैमानिक देवों के दो भेद हैं (१) कल्पोपन्न, (२) कल्पातीत ।

भावार्थः—जिनमें इन्द्रादि दस भेदों की कल्पना होती है-ऐसे सोलह स्वर्ग तक के देवों को कल्पोपन्न कहते हैं। और सोलहवें स्वर्ग से ऊपर के देवों को कल्पातीत कहते हैं।

कल्पों का स्थितिक्रमः—

उपर्युपरि ॥१८ ॥

अर्थः—सोलह स्वर्गों के आठ युगल, नवग्रैवेयक, नव अनुदिश और पांच अनुत्तर ये सब विमान क्रम से ऊपर ऊपर हैं।

वैमानिक देवों के रहने का स्थानः—

सौधर्मैशानसानत्कुमारमाहेन्द्रब्रह्मब्रह्मोत्तरलान्तवकापिष्ठशुक्रमहाशुक्रशतारसहस्रारेष्वानतप्राणतयोरारणाच्युतयोर्नवसुग्रैवेयकेषु विजयवैजयन्तजयन्तापराजितेषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥१६॥

अर्थ;—सौधर्म-ऐशान, सानत्कुमार-माहेन्द्र, ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर, लान्तव-कापिष्ठ,शुक्र-महाशुक्र,सतार-सहस्रार, इन छह युगलों के बारह स्वर्ग में, आनत-प्राणत, इन दो स्वर्गों

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

में, आरण-अच्युत इन दो स्वर्गों में, नवग्रैवेयक विमानों में और नव अनुदिश विमानों में तथा विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्धि इन पांच अनुत्तर विमानों में वैमानिक देव रहते हैं।

भावार्थः—इस सूत्र में अनुदिश विमानों का पाठ नहीं है तथापि 'नवसु' इस पद से उनका ग्रहण कर लेना चाहिए।

वैमानिक देवों में उत्तरोत्तर विशेषताः—

स्थितिप्रभावसुखद्युतिलेश्याविशुद्धीन्द्रियावधि-
विषयतोऽधिकाः ॥ २० ॥

अर्थः—वैमानिक देवों में ऊपर ऊपर, स्थिति, (आयु) प्रभाव, सुख, द्युति, लेश्या की विशुद्धता, (कषायकीमन्दता) इन्द्रिय-विषय, अवधिज्ञान का विषय में अधिकता है।

वैमानिक देवों में उत्तरोत्तर हीनताः—

गतिशरीरपरिग्रहाभिमानतो हीनाः ॥ २१ ॥

अर्थः—ऊपर ऊपर के देवों में, गति (गमनक्रिया) शरीर,परिग्रह और अभिमान की अपेक्षा हीन हीन हैं।

भावार्थः—सोलहवें स्वर्ग से आगे के देव अपने विमान को छोड़कर अन्यत्र कहीं नहीं जाते। उनकी कषाय इतनी मन्दतम है कि तीर्थंकर के समवशरण में जाने की इच्छा नहीं होती।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वैमानिक देवों में लेश्या का वर्णन:--

पीतपद्मशुक्ललेश्या द्वित्रिशेषेषु ॥ २२ ॥

अर्थः—दो युगलों में तीन युगलों में तथा शेष के समस्त विमानों में क्रम से पीत, पद्म और शुक्ल लेश्या होती है।

भावार्थः—प्रथम, द्वितीय स्वर्ग में पीत लेश्या, तीसरे और चौथे स्वर्ग में पीत और पद्म लेश्या, पांचवें, छठवें, सातवें, आठवें स्वर्ग में पद्म लेश्या। नवमें, दशवें, ग्यारहवें, बारहवें स्वर्गों में पद्म और शुक्ल लेश्या। तथा शेष समस्त विमानों में शुक्ल लेश्या है। नव अनुदिश और पांच अनुत्तर विमानों में परम शुक्ल लेश्या होती है। लेश्या का अर्थ यहां कषाय की मन्दता जानना चाहिए।

कल्प संज्ञा कहाँ तक है:--

प्राग्ग्रैवेयकेभ्यः कल्पाः ॥ २३ ॥

अर्थः—ग्रैवेयकों से पहिले पहिले के अर्थात् सोलहवें स्वर्ग तक कल्प कहलाते हैं। इनसे आगे के विमान कल्पातीत हैं।

लोकान्तिक देव:--

ब्रह्मलोकालया लौकान्तिकाः ॥ २४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—ब्रह्मलोक जिनका निवास है उन्हें लोकान्तिक देव कहते हैं।

भावार्थः—ब्रह्मलोक के अन्त में रहते हैं तथा एक भवावतारी होने से संसार का अन्त करने वाले हैं, इसी कारण उन्हें लौकान्तिक कहते हैं। ये सब ब्रह्मचारी हैं और द्वादशाङ्ग के पाठी हैं। जब तीर्थंकर को वैराग्य-भावना प्राप्त होती है तब तीर्थंकर को सम्बोधनार्थ आते हैं।

लोकान्तिक देवों के नामः—

सारस्वतादित्यवह्न्यरुणगर्दतोयतुषिताव्याबाधारिष्टाश्च ॥२५॥

अर्थः—लौकान्तिक देवों के आठ भेद हैं—(१) सारस्वत, (२) आदित्य, (३) वह्नि, (४) अरुण (५) गर्दतोय, (६) तुषित, (७) अव्याबाध, (८) अरिष्ट। ये सब ब्रह्मलोक की ऐशान आदि आठ दिशाओं में रहते हैं।

अनुदिश तथा अनुत्तरवासी देवों में अवतार का नियमः—

विजयादिषु द्विचरमाः ॥ २६ ॥

अर्थः—वियज, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित तथा अनुदिश विमानों के अहमिन्द्र द्विचरम होते हैं।

भावार्थः—विशेष से विशेष मनुष्य के दो भव करके नियम से मोक्ष में चले जाते हैं। सर्वार्थसिद्धि के अह-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मिन्द्र एक भवावतारी ही होते हैं और सब अवधिज्ञान सहित जन्म लेते हैं।

तिर्यंचयोनिवाले जीव कौन हैं:—

औपपादिकमनुष्येभ्यः शेषास्तिर्यग्योनयः ॥ २७ ॥

अर्थः—उपपाद जन्म वाले देव नारकी तथा मनुष्यों के अतिरिक्त जीव तिर्यंच हैं।

भवनवासी देवों की उत्कृष्ट आयु:—

स्थितिरसुरनागसुपर्णद्वीपशेषाणाम् सागरोपम-
त्रिपल्योपमार्द्ध हीनमिताः ॥ २८ ॥

अर्थः—भवनवासी देवों में असुरकुमार, नागकुमार, सुपर्णकुमार, द्वीपकुमार और शेष के छह कुमारों की आयु क्रम से एक सागर, तीनपल्य, अढ़ाईपल्य, दो पल्य और डेढ़पल्य है।

वैमानिक देवों की उत्कृष्ट आयु:—

सौधर्मैशानयोः सागरोपमे अधिके ॥ २९ ॥

अर्थः—सौधर्म और ऐशान स्वर्ग के देवों की आयु दो सागर से कुछ अधिक है।

सानत्कुमारमाहेन्द्रयोः सप्त ॥ ३० ॥

अर्थ—सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्ग में देवों की आयु सात सागर से कुछ अधिक है।

त्रिसप्तनवैकादशत्रयोदशपंचदशभिरधिकानि तु ॥ ३१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—आगे के युगलों में सातसागर से क्रम पूर्वक तीन, सात, नव, ग्यारह, तेरह, पन्द्रहसागर अधिक आयु है।

भावार्थः—ब्रह्म और ब्रह्मोत्तर स्वर्ग में दशसागर से कुछ अधिक, लान्तव और कापिष्ठ स्वर्ग में चौदह से कुछ अधिक, शुक्र और महाशुक्र में सोलहसागर से कुछ अधिक, सतार और सहस्रार स्वर्ग में अठारह सागर से कुछ अधिक, आनत और प्राणत स्वर्ग में बीस सागर, तथा आरण और अच्युत स्वर्ग में बाईससागर उत्कृष्ट आयु है।

आरणाच्युतादूर्ध्वमेकैकेन नवसु ग्रैवेयकेषु
विजयादिषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥ ३२ ॥

अर्थः—आरण और अच्युत स्वर्ग से ऊपर नव ग्रैवेयकों में तथा नव अनुदिशों में तथा विजय आदि चार विमान और सर्वार्थसिद्धि विमान में एक एक सागर बढती हुई आयु है।

भावार्थ—पहिले ग्रैवेयक में तेईस सागर दूसरे में चौबीस सागर, तीसरे में पच्चीस सागर, चौथे में छब्बीस सागर, पांचवें में सत्ताईस सागर, छठवें में अठ्ठाईस सागर, सातवें में उनतीस सागर, आठवें में तीस सागर, नवमें में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इकत्तीस सागर, तथा नव अनुदिशों में बत्तीस सागर और पांच अनुत्तरों में तेतीस सागर उत्कृष्ट आयु है।

स्वर्गों में जघन्य आयु का वर्णन:—

अपरा पल्योपमधिकम् ॥ ३३ ॥

अर्थ:—सौधर्म और ऐशान स्वर्ग में जघन्य आयु एक पल्य से कुछ अधिक है।

परतःपरतःपूर्वा पूर्वानन्तरा: ॥ ३४ ॥

अर्थ:—पहिले पहिले युगल की उत्कृष्ट आयु आगे आगे के युगलों में जघन्य आयु है ।

भावार्थ:—सौधर्म और ऐशान स्वर्ग की जो उत्कृष्ट आयु कुछ अधिक दो सागर की है वह सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्ग में जघन्य आयु है। इसी क्रम से आगे जानना चाहिए।

नारकियों की जघन्य आयु:—

नारकाणां च द्वितीयादिषु ॥ ३५ ॥

अर्थ:—प्रथम नरक में जो उत्कृष्ट आयु है वह दूसरे नरक की जघन्य आयु है। इसी तरह समस्त नरकों में जानना चाहिए।

प्रथम नरक की जघन्य आयु:—

दशवर्षसहस्राणि प्रथमायाम् ॥ ३६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—प्रथम नरक में नारकियों की जघन्य आयु दशहजार वर्ष की है।

भवनवासियों की जघन्य आयुः—

भवनेषु च ॥ ३७ ॥

अर्थः—भवनवासियों में भी जघन्य आयु दशहजार वर्ष की है।

व्यन्तरों की जघन्य आयुः—

व्यन्तराणां च ॥ ३८ ॥

अर्थः—व्यन्तर देवों की भी जघन्य आयु दशहजार वर्ष की है।

व्यन्तरों की उत्कृष्ट आयु :—

परा पल्योपमधिकम् ॥ ३९ ॥

अर्थः—व्यन्तरों की उत्कृष्ट आयु एक पल्य से कुछ अधिक है।

ज्योतिषी देवों की उत्कृष्ट आयुः—

ज्योतिष्काणां च ॥ ४० ॥

अर्थः—ज्योतिषी देवों की भी उत्कृष्ट आयु एक पल्य से कुछ अधिक है।

ज्योतिषी देवों की जघन्य आयुः—

तदष्टभागोऽपरा ॥ ४१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः––ज्योतिषी देवों की जघन्य आयु एक पल्य के आठवें भाग है ।

लौकान्तिक देवों की आयुः––

लौकान्तिकानामष्टौ सागरोपमाणि सर्वेषाम् ॥ ४२ ॥

अर्थः––समस्त लौकान्तिक देवों की जघन्य और उत्कृष्ट आयु आठ सागर प्रमाण है ।

इति श्रीमत् उमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे) मध्ये चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पञ्चम अध्याय

अजीव द्रव्य का वर्णन:—

अजीवकाया धर्माधर्माकाशपुद्गलाः ॥ १ ॥

अर्थः—धर्म अधर्म आकाश और पुद्गल द्रव्य ये चार अजीव तथा बहु प्रदेशी हैं।

द्रव्याणि ॥ २ ॥

अर्थः—ऊपर लिखे चार पदार्थ द्रव्य हैं।

और भी द्रव्यः—

जीवाश्च ॥ ३ ॥

अर्थः—जीव भी द्रव्य हैं।

द्रव्य का लक्षण:—

नित्यावस्थितान्यरूपाणि ॥ ४ ॥

अर्थः—द्रव्य नित्य अवस्थित एवं अरूपी हैं।

नित्यः—जिसका किसी काल में नाश न हो उसे ही नित्य कहते हैं।

अवस्थितः—जो द्रव्य अपनी संख्या का उलंघन नहीं करता अर्थात् जितना है उतना ही रहता है, न कमती होता है और न बढता ही है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अरूपाणिः—धर्म, अधर्म, आकाश और जीव द्रव्य अरूपी द्रव्य है, जिसमें रूप रस गन्ध स्पर्श न हो उसे अरूपी कहते हैं।

पुद्‌गल कैसा है:—

रूपिणः पुद्‌गलाः ॥ ५ ॥

अर्थः-पुद्‌गल द्रव्य मूर्तिक है, अर्थात् उसमें रूप, रस, गन्ध पाये जाते हैं।

द्रव्य की सख्या:—

आ आकाशादेक द्रव्याणि ॥ ६ ॥

अर्थः—आकाश पर्यन्त एक एक द्रव्य है।

भावार्थः—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय और आकाश द्रव्य एक एक अखण्ड द्रव्य है। जीव द्रव्य अनन्त है और पुद्‌गल द्रव्य अनन्तानन्त है और काल द्रव्य असंख्यात है।

क्रिया रहित कौन द्रव्य है ?:—

निष्क्रियाणि च ॥ ७ ॥

अर्थः—धर्म, अधर्म आकाश ये तीनों द्रव्य क्रिया रहित हैं, अर्थात् इसमें गमन करने की शक्ति नहीं है। च शब्द से काल द्रव्य भी क्रिया रहित ही है।

द्रव्यों के प्रदेशां का वर्णन:—

असंख्येयाः प्रदेशा धर्माधर्मैकजीवानाम् ॥ ८ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः---धर्म अधर्म और जीव द्रव्य असंख्यात प्रदेशी है।

भावार्थः---जितने आकाश क्षेत्र को एक पुद्गल परमाणु रोकता है उतने आकाश क्षेत्र का नाम एक प्रदेश है। शुद्ध पुद्गल परमाणु से इन द्रव्यों को मापा जावे तो असंख्यात प्रदेशी लम्बा है।

आकाश कितना लम्बा है ?:--

आकाशस्यानन्ताः ॥९॥

अर्थः---आकाश द्रव्य अनन्त प्रदेशी है, परन्तु लोकाकाश असंख्यात प्रदेशी है।

पुद्गल द्रव्य कितना प्रदेशी है:--

संख्येयासंख्येयाश्च पुद्गलानाम् ॥ १० ॥

अर्थः---पुद्गल द्रव्य संख्यात असंख्यात और च शब्द से अनन्त प्रदेशी है।

नाणोः ॥ ११ ॥

अर्थः---परन्तु पुद्गल परमाणु एक प्रदेशी है।

सब द्रव्य कहाँ रहते हैं:--

लोकाकाशेऽवगाहः १२ ॥

भावार्थः---सब द्रव्यों का निवास लोकाकाश में ही है।

धर्म अधर्म द्रव्य कितने बडे हैं:--

धर्माधर्मयोः कृत्स्ने ॥ १३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—धर्म, अधर्म द्रव्य का अवगाह तिल में तेल की तरह समस्त लोकाकाश में है।

और पुद्गल द्रव्यः—

एकप्रदेशादिषु भाज्यः पुद्गलानाम् ॥१४॥

अर्थः—पुद्गल द्रव्य का अवगाह लोकाकाश के एक प्रदेश को लेकर संख्यात असंख्यात प्रदेशों में विभाग करने योग्य है।

जीव कहाँ रहते हैं:—

असंख्येयभागादिषु जीवानाम् ॥ १५ ॥

अर्थः—जीवों का अवगाह लोकाकाश के असंख्यातवें भाग से लेकर सम्पूर्ण लोकाकाश क्षेत्र है।

जीव द्रव्य असंख्यात प्रदेशी असंख्यात भाग में कैसे रहते हैं:—

प्रदेशसंहारविसर्पाभ्याम् प्रदीपवत् ॥१६॥

अर्थः—जीव द्रव्य में प्रदेशों के संकोच और विस्तार करने की शक्ति है। जिस कारण लोकाकाश के असंख्यातवें भागों में रहता है, दीपक के प्रकाश की तरह।

भावार्थः—दीपक का प्रकाश बहुत फैल रहा है परन्तु उसके ऊपर छोटा बर्तन डाल देने से बर्तन के भीतर ही प्रकाश रहता है। उसी प्रकार नाम कर्म के उदय के अनुकूल जैसा जैसा शरीर मिलता है उसके अनुकूल जीव अपना परिणमन करता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धर्म और अधर्म द्रव्य का लक्षण तथा उपकार:—

गतिस्थित्युपग्रहौ धर्माधर्मयोरुपकारः ॥ १७ ॥

अर्थः—स्वयमेव गमन तथा स्थिति को प्राप्त हुये जीव और पुद्गलों की गति तथा स्थिति में सहायता देना क्रम से धर्म और अधर्म का उपकार है।

भावार्थः—जीव और पुद्गल द्रव्य गमन करे तो धर्म द्रव्य निमित्त कहा जाता है। यदि गमन न करे तो जबरदस्ती से चलाता नहीं है।

आकाश का लक्षण तथा उपकार:—

आकाशस्यावगाहः ॥ १८ ॥

अर्थः—समस्त द्रव्यों को अवकाश देना आकाश का उपकार है।

भावार्थः—जो सब द्रव्यों को ठहरने के लिये स्थान देवे उसे आकाश द्रव्य कहते हैं।

पुद्गल द्रव्य का उपकार:—

शरीरवाङ्मनः प्राणापानाः पुद्गलानाम् ॥ १९ ॥

अर्थः—औदारिक आदि शरीर, वचन, द्रव्य मन, तथा श्वासोच्छ्वास ये पुद्गल द्रव्य के उपकार हैं। अर्थात् शरीर आदि की रचना पुद्गल से ही होती है।

और भी:—

सुखदुःखजीवितमरणोपग्रहाश्च ॥ २० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—इन्द्रियजन्य सुख दुःख की सामग्री शरीर का रहना, शरीरका नाश होना, ये पुद्गल का फल है।

भावार्थः—बाह्य सामग्री सुख दुःख का कारण नहीं है। परन्तु बाह्य सामग्री के आश्रित राग होता है, जिस कारण, कारणमें कार्य का उपचार कर पर पदार्थ को सुख दुःख का कारण कहा है।

जीवों का उपकारः—

परस्परोपग्रहो जीवानाम् ॥ २१ ॥

अर्थः—जीवों का परस्पर उपकार है।

भावार्थः—परस्पर उपकार कहना यह लौकिक व्यवहार है। परमार्थ से विचार किया जावे तो कोई किसी का उपकार करते ही नहीं हैं। देशनारूप अपनी ज्ञान की पर्याय होने से व्यवहार में कहा जायगा कि गुरुद्वारा ज्ञान हुआ, पर यथार्थ में गुरु ज्ञान कराता नहीं है।

काल द्रव्य का उपकारः—

वर्तनापरिणामक्रियाः परत्वापरत्वे च कालस्य॥ २२ ॥

अर्थः—वर्तना, परिणाम, क्रिया, परत्व और अपरत्व से काल द्रव्य के उपकार हैं।

भावार्वः—वर्तना—द्रव्यों को बर्तावे अर्थात् अवस्था करावे उसे वर्तना कहते हैं।

परिणामः—अवस्था का नाम परिणाम है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्रियाः—हलन चलन रूप परिणति का नाम क्रिया है।

परत्वापरत्वः—छोटे बडे व्यवहार को परत्वापरत्व कहते हैं।

भावार्थः—यह सब उपचार का कथन है। हर एक द्रव्य अपने अपने गुण पर्याय में परिणमन करता है। पर को निमित्त कहना उपचार मात्र है, क्योंकि एक ही समय में अनन्त जीव जनमते हैं। अतः काल को निमित्त कैसे कह सकते हैं।

पुद्गल द्रव्य का लक्षणः—

स्पर्शरसगन्धवर्णवन्तः पुद्गलाः ॥ २३ ॥

अर्थः—स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण वाले पुद्गल हैं।

पुद्गल की स्कन्धरूप पर्यायः—

शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायात-
पोद्योतवन्तश्च ॥ २४ ॥

अर्थः—शब्द, गन्ध, सूक्ष्मता, स्थूलता, संस्थान, भेद, अन्धकार, छाया, आतप और उद्योत इत्यादि सभी पुद्गल द्रव्य की पर्याय हैं।

पुद्गल के भेदः—

अणवः स्कन्धाश्च ॥ २५ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—पुद्गल के दो भेद हैं । एक अणु दूसरा स्कन्ध ।

अणुः—जिसका दूसरा टुकडा न हो सके, ऐसे पुद्गल को अणु कहते हैं ।

स्कन्धः—दो, व तीन, संख्यात, असंख्यात, एवं अनन्त परमाणुओं के पिण्ड को स्कन्ध कहते हैं ।

स्कन्धों की उत्पत्ति का कारणः—

भेदसंघातेभ्यः उत्पद्यन्ते ॥ २६ ॥

अर्थः—पुद्गल द्रव्य के स्कन्ध भेद (अर्थात् अलग होना,) संघात [अर्थात् मिलना] और भेद संघात दोनों से स्कन्ध बनते हैं ।

अणु की उत्पत्ति का कारणः—

भेदादणुः ॥ २७ ॥

अर्थः—अणु की उत्पत्ति भेद से ही होती है ।

चाक्षुस्कन्ध की उत्पतिः—

भेदसंघाताभ्याम् चाक्षुषः ॥ २८

अर्थः—चक्षु इन्द्रिय से देखने योग्य स्कन्ध भेद और संघात दोनों से ही उत्पन्न होते हैं, अकेले भेद से उपत्न्न नहीं हो सकते ।

द्रव्य का लक्षणः—

सद् द्रव्यलक्षणम् ॥ २९ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—द्रव्य का लक्षण सत् अर्थात मौजूदगी है ।

सत् का लक्षणः—

उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तंसत् ॥ ३० ॥

अर्थः—जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य कर सहित हो वह सत् है।

उत्पादः—द्रव्य में नवीन पर्याय की उत्पत्ति को, उत्पाद कहते हैं। जैसे—बालक से युवा।

व्ययः—पूर्व पर्याय के विनाश को व्यय कहते हैं। जैसेः—जवानी की उत्पत्ति से बालपन का नाश।

ध्रौव्यः—दोनों अवस्था में मौजूद रहने को ध्रौव्य कहते हैं। जैसे दोनों अवस्थाओं में आत्मा वही का वही है।

नित्य का लक्षणः—

तद्भावाव्यं नित्यम् ॥ ३१ ॥

अर्थः—जो द्रव्य तद्भाव रूप से अव्यय है वही नित्य है।

भावार्थः—सामान्य का नाम नित्य है। परन्तु सामान्य विशेष बिना नहीं रहता इसलिये विशेष की अपेक्षा से अनित्य भी है। अपेक्षा से कथन करने का नाम स्याद्वाद है। एक ही द्रव्य में नित्य अनित्य कैसे रहते हैं उसके स्पष्टीकरण के लिये कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्पितानर्पितसिद्धेः ॥ ३२ ॥

अर्थः--विवक्षित और अविवक्षित रूप से एक ही द्रव्य में नाना धर्म रहते हैं। वक्ता जिस धर्म को कहने की इच्छा करता है उसे अर्पित अर्थात् विवक्षित कहते है और वक्ता उस समय जिस धर्म को नहीं कहना चाहता है वह अनर्पित अविवक्षित है।

भावार्थः—द्रव्यार्थिकनय से पदार्थ नित्य है और पर्यायार्थिक नय से पदार्थ अनित्य भी है। जिस समय द्रव्यार्थिक नय से कथन करेगा उस समय पर्यायार्थिक नय से कथन नहीं कर सकता, इसका यह अर्थ नहीं कि पर्याय है ही नहीं। अपेक्षा से कथन करना उसे स्याद्वाद कहते हैं। जिस द्रव्य का जो गुण पर्याय है उसे उसी द्रव्य का कहना अनेकान्त है। अनेकान्त का अर्थ द्रव्य अनन्त धर्म वाला है। और गुण पर्याय को धर्म कहते हैं। एक एक गुण स्वतन्त्र परिणमन करते हैं। कोई गुण किसी गुण के अधीन नहीं है। यदि एक गुण दूसरा गुण का कार्य कर देवे तो दूसरे गुण का नाश होजायगा। ऐसे ही यदि एक पर्याय दूसरी पर्याय का कार्य कर देवे तो दोनों पर्याय एक हो जांयगी, परन्तु वस्तु का स्वरूप ऐसा नहीं है। इतना ज्ञान किये बाद अपेक्षा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

से कथन करना उसे स्याद्वाद कहते हैं।

स्याद्वाद दो प्रकार के हैं:—(१) तादात्म्य सम्बन्ध (२) संयोग सम्बन्ध।

तादात्म्य सम्बन्ध:—

तादात्म्य सम्बन्ध:—कथंचित् आत्मा नित्य है कंथचित् आत्मा अनित्य है, कथंचित् आत्मा सत् है कथंचित् आत्मा असत् है। कथंचित् आत्मा एक है, कंथचित् आत्मा अनेक है।

संयोग सम्बन्ध स्याद्वाद:—संयोग सम्बन्ध स्याद्वाद में निमित्त नैमित्तक सम्बन्ध सिद्ध किया है। जैसा निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध है तैसा न जाने तो अज्ञान कहलायेगा। जैसे कंथचित् आत्मा ज्ञान से जानता है, कंथचित् आत्मा इन्द्रियों से जानता है, कंथचित् आत्मा चेतन प्राण से जीता है, कंथचित् आत्मा चार प्राण से जीता है। कथंचित् आत्मा असंख्यात प्रदेशी है, कथंचित् आत्मा देह प्रमाण हैं। कथंचित् आत्मा राग का कर्त्ता है, कथंचित् आत्मा कर्म का कर्त्ता है। कथंचित् पुद्गल कर्म का कर्त्ता है कथंचित् पुद्गल राग का कर्त्ता हैं। प्रवचन सार ग्रन्थ में संयोग सम्बन्ध स्याद्वाद सिद्ध किया है। जैसे:—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इंदियपाणो य तधा बलपाणो तह य आउपाणो य ।
आणप्पाणप्पाणो जीवाणं होंति पाणा ते ॥ १४६ ॥

पाणेहिं चदुहिं जीवदि जीविस्सदि जो हि जीविदो पुव्वं ।
सो जीवो पाणा पुण पोग्गलदव्वेहिं णिव्वता ॥ १४७ ॥

अर्थ;—इन्द्रिप्राण, बलप्राण, आयुप्राण और स्वासोच्छ्वास प्राण ये चार जीवों के प्राण हैं। जो चार प्राणों से जीता है, जीयेगा औह पहले जीता था वह जीव है। फिर भी प्राण पुद्गल द्रव्य की अवस्था है। एवं प्रवच्चन सार में गाथा ११७ में लिखा है कि।

कम्मं णामसमक्खं सभावमध अप्पणो सहावेण
अभिभूयणरं तिरियं णेरइयं वा सुरं कुणदी ॥ ११७ ॥

अर्थः—यहाँ नाम संज्ञा वाला कर्म अपने स्वभाव से जीव के स्वभाव का पराभव करके मनुष्य, तिर्यंच, नारक अथवा देव इन पर्यायों को करता है।

यहाँ निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध दिखलाया है कि पुद्गल द्रव्य निमित्त है और तद्रूप आत्मा की अवस्था नैमित्तिक है। उसी प्रकार समय सार ग्रन्थ में भी कलश संख्या २०५ में कहा है कि।

"मा कर्तारममी स्पृशंतु पुरुषं सांख्या इवाप्यार्हताः
कर्त्तारं कलयंतु तं किल सदा भेदावबोधादधः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऊर्द्ध, तूद्धत बोधधामनियतं प्रत्यक्षमेनं स्वयं
पश्यंतु च्युतकर्तृभावमचलं ज्ञातरमेकं परं ॥ २०५ ॥

अर्थः—अरहन्त के मत के जैनी जन हैं वे आत्मा को सर्वथा अकर्त्ता सांख्यमतियों की तरह मत मानो। उस आत्मा को भेदविज्ञान होने के पूर्व रागदिक का कर्त्ता मानो और भेद ज्ञान होने के बाद उद्धत ज्ञान मंदिर में निश्चित नियम रूप रागदिक का कर्त्ता पण कर रहित निश्चल एक ज्ञाता ही अपने आप प्रत्यक्ष देखो। देखिये यहाँ भी रागादिक आत्मा की अवस्था होते हुये भी सम्यग् दृष्टी आत्मा अपने को राग का कर्त्ता न मान कर उस राग का पुद्गल द्रव्य कर्म को कर्त्ता मानकर अपने को मात्र ज्ञाता दृष्टा ही मानता है। यह निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध तथा स्याद्वाद दिखलाया है।

परमाणुओं के बन्ध होने के कारण:—

स्निग्धरूक्षत्वाद् बन्धः ॥ ३३ ॥

भावार्थः—चिकना और रूखापन के निमित्त से परमाणुओं का स्कन्ध होजाता है।

न जघन्यगुणानाम् ॥ ३४ ॥

अर्थः—जघन्य गुण सहित परमाणुओं का बन्ध नहीं होता।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—स्लिग्धता और रूक्षता के अविभागी प्रतिच्छेदों को गुण कहते हैं। जिस परमाणु में स्निग्धता और रूक्षता का एक अविभाग अंश हो उसे जघन्य गुण सहित परमाणु कहते हैं।

गुणसाम्ये सदृशानाम् ॥ ३५ ॥

अर्थः—गुणों की समानता होने पर समान जातीय परमाणुओं के साथ बन्ध नहीं होता।

भावार्थः—दो गुणों वाले स्निग्ध परमाणुओं का दूसरे दो गुणों वाले स्निग्ध अथवा रूक्ष परमाणुओं के साथ बन्ध नहीं होता।

बन्ध किनका होता है:—

द्व्यधिकादिगुणानान्तु ॥ ३६ ॥

अर्थः—दो अधिक गुण वालों के साथ ही बन्ध होता है।

भावार्थ—एक परमाणु से दूसरे परमाणु में दो अधिक गुण होंगे तब ही बन्ध होगा। उसी प्रकार एक स्कन्ध से दूसरे स्कन्ध में दो अधिक गुण होंगे तब ही बन्ध होगा। जैसे एक स्कन्ध में रूक्षता की मात्रा २० की है और दूसरे स्कन्ध में रूक्षता या स्निग्धता की मात्रा २२ की है तो २० वाला स्कन्ध २२ के साथ बन्ध रूप हो जायगा। दो से अधिक और कम गुण वालों के साथ में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बन्ध नहीं होता। रुक्ष का रूक्ष एवं स्निग्ध के साथ में और स्निग्ध का रूक्षएवं स्निग्ध साथ में यदि दो पाइन्ट विशेष होगा तो बन्ध हो जायगा।

बन्धेऽधिकौ पारिणामिकौ च ॥ ३७ ॥

अर्थः—बन्ध रूप अवस्था में अधिक गुण वाले परमाणुओं को अपने रूप परिणमाने वाले होते हैं।

भावार्थः—जिसमें दो गुण विशेष होंगे वह दो गुण कम वाले स्कन्ध को अपनी जाति रूप परिणमन करा लेगा।

द्रव्य का लक्षणः—

गुणपर्य्ययवद् द्रव्यम ॥ ३८ ॥

अर्थः—जिसमें गुण और प्रर्याय पायी जावे उसे द्रव्य कहते हैं।

गुणः—द्रव्य की सब हालत में और सर्वांग में निरन्तर रहे उसे गुण कहते हैं। जैसे आत्मा का गुण ज्ञान, पुद्गल का गुण रूप, रस, गन्ध, स्पर्श।

पर्यायः—गुण की एक समय की अवस्था का नाम पर्याय है। जैसे ज्ञान की पर्याय मति आदि, रूप की पर्याय हरा पीला आदि।

काल भी द्रव्य हैः—

कालश्य ॥ ३९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—काल भी द्रव्य है क्योंकि यह भी सत् स्वरूपी उत्पाद व्यय ध्रौव्य युक्त सहित गुण पर्याय को धारण करता है अतः यह भी द्रव्य है।

काल द्रव्य की पर्यायः –

सोऽनन्तसमयः ॥ ४० ॥

अर्थः—काल द्रव्य अनन्त समय रूपी पर्याय वाला है।

भावार्थः—एक समय में एक ही पर्याय होती है, परन्तु भूत भविष्य की अपेक्षा से अनन्त समय रूपी पर्याय वाला कहा जाता है। पर्याय काल का छोटा से छोटा हिस्सा का नाम है। समय रूपी समय का समूह का नाम आवली, सेकिन्ड, मिनिट, घड़ी, घन्टा, दिन, रात, पक्ष, मास, वर्ष आदि है। काल नाम का द्रव्य आकाश के एक एक प्रदेश पर रत्न की राशि रूप स्थित है। वह निश्क्रियत्व है। एक प्रदेशी है।

गुण का लक्षणः—

द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः ॥ ४१ ॥

अर्थः—जो द्रव्य के आसरे हो और स्वयं दूसरे गुणों से रहित हो वह गुण कहलाता है।

भावार्थः—यहाँ अनेकान्त दिखलाया है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एक गुण में दूसरा गुण का अन्योन्य अभाव है। ज्ञान गुण ज्ञान का ही कार्य करता है, वह दर्शन गुण का कार्य नहीं कर सकता। यदि एक गुण दूसरे गुण का कार्य करे तो दूसरे गुण का नाश हो जावे। कषाय चारित्र गुण की पर्याय है, वह क्रिया गुण की लेश्या रूप पर्याय का कार्य नहीं कर सकती क्योंकि क्रिया गुण में चारित्र गुण का अन्योन्य अभाव है। जो एक एक गुण को अलग अलग स्वीकार न करे उसे अनेकान्त का ज्ञान नहीं है।

तद्भावः परिणामः ॥ ४२ ॥

अर्थः—द्रव्य तथा गुण की एक समय की अवस्था का नाम पर्याय हैं। वह पर्याय गुण तथा द्रव्य से अभिन्न है।

भावार्थः—यहाँ पर्याय में भी अनेकान्त दिखलाया है। एक समय में एक ही पर्याय होती है। क्रोध में मान का अभाव है, मतिज्ञान में श्रुतिज्ञान का अभाव है। रूप में रसका अभाव हैं। हरा में पीला का अभाव है। उष्ण में शीत का अभाव है। भूत काल की पर्याय का वर्तमान में अभाव है, जिसको प्रागभाव कहते हैं। भावी पर्याय का वर्तमान पर्याय में अभाव है जिसको प्रध्वंश भाव कहते हैं। व्यय में उत्पादन का अभाव है, उत्पादन में व्यय का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अभाव है। उत्पाद-व्यय में ध्रौव्य का अभाव है। ऐसा ज्ञान जिसको नहीं है, उस जीव को अनेकान्त का ज्ञान नहीं है। और वह जीव अज्ञानी है।

इति श्रीमत् उमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे) मध्ये पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

षष्टम अध्याय

आश्रव तत्त्व का वर्णनः—

कायवाङ्मनःकर्मयोगः ॥ १ ॥

अर्थः—काय, वचन और मन की क्रिया को योग कहते हैं।

स आश्रवः ॥ २ ॥

उस योग का नाम आश्रव है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—मन, वचन, काय का हलन चलन आश्रव नहीं है परन्तु आश्रव होने में निमित्त कारण है। निमित्त को आ व कहना उपचार का कथन है। आश्रव दो प्रकार का है (१) चेतन आश्रव (२) जड़ आश्रव।

चेतन आश्रवः—आत्मा में एक योग नाम का गुण है उस गुण की कम्पन अवस्था का नाम चेतन आश्रव है। वह आश्रव तेरहवां गुणस्थान के अन्त तक रहता है। वह आश्रव होने में मन, वचन, काय का योग निमित्त कारण है।

जड आश्रवः—लोक में अनेक प्रकार की पुद्गल वर्गणा है, उसमें एक कार्माण नाम की वर्गणा है। उस वर्गणा का कर्म बनने के लिये आत्मा के प्रदेश के निकट आना उसी का नाम जड आश्रव है।

आश्रव के भेदः—

शुभः पुण्यस्याशुभः पापस्य ॥ ३ ॥

अर्थः—शुभः आश्रव पुण्य के कारण हैं और पाप आश्रव पाप के कारण हैं।

भावार्थः—आश्रव एक प्रकारका है तो भी बंध तत्व का आश्रव तत्त्व में आरोप करके पुण्य आश्रव पाप आश्रवे कहा जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुण्य आश्रवः—जिस आश्रव के साथ में मंद कषाय रूप चारित्र गुण की परिणति है उसे पुण्य आश्रव कहा जाता है।

पाप आश्रवः—जिस आश्रव के साथ में तीव्र कषाय रूप चारित्र गुण की परिणति है उसे पाप आश्रव कहा जाता है।

आश्रव में भेदः—

सकषायाकषाययोः साम्परायिकेर्यापथयोः ॥ ४ ॥

अर्थः—कषाय सहित जीवों के सांपरायिक आश्रव और कषाय रहित जीवों के ईर्यापथ आश्रव होता है।

कषायः—चारित्र गुण की विकारी अवस्था का नाम कषाय है। उस कषाय-भाव को सांपरायिक कहते हैं।

ईर्यापथः—कषाय रहित परन्तु लेश्या सहित जीवों में जो आश्रव होता है उसे ईर्यापथ आश्रव कहते हैं। लेश्या क्रियागुण की क्षेत्रान्तर रूप पर्याय का नाम है जिसे प्रवृत्ति कहते हैं।

एक से दस गुणस्थान तक कषाय सहित आश्रव होता है अर्थात् वहां तक सांपरायिक आश्रव है और ग्यारहवें से तेरहवें गुणस्थान के अन्त तक कषाय रहित परन्तु लेश्या सहित आश्रव होता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC-0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सांपरायिक आश्रव के भेद:—

इन्द्रियकषायाव्रतक्रियाः पंचचतुःपंचपंच-
विंशतिसंख्याः पूर्वस्य भेदाः ॥ ५ ॥

अर्थः—स्पर्शनादि पांच इन्द्रियां, क्रोधादि चार कषाय, हिंसादि पांच अव्रत और सम्यक्त्व के पच्चीस मल उसके द्वारा सांपरायिक आश्रव होता है।

भावार्थः—पांचइन्द्रियाँ–रागादिक में कारण पडती हैं जिससे निमित्त की अपेक्षा से इन्द्रियों को कारण कहा है।

कषायः–अनन्तानुबंध, अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान, तथा संज्वलन कषाय रूप क्रोधादि परिणाम ये ही सांपरायिक आश्रव है।

अव्रतः–हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह आदि के भाव का नाम अव्रत है। ये भी कषाय में गर्भित हैं।

पच्चीसमलः–आठ मद, तीन मूढता, छह अनायतन और शंकादि आठ दोष ये मिलकर पच्चीस भाव मिथ्यात्व का कारण है। वह भी सांपरायिक आश्रव है।

आश्रव में भेद पड़ने का कारण:—

तीव्रमंदज्ञाताज्ञातभावाधिकरणवीर्यविशेषेभ्यस्तद्विशेषः ॥ ६ ॥

अर्थः—तीव्रभाव, मंदभाव, ज्ञातभाव, अज्ञातभाव,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अधिकरण और वीर्य विशेष से आश्रव में हीनता व अधिकता होती है।

भावार्थः—यथार्थ में आश्रव तो एक ही प्रकार का है परन्तु बंध तत्त्व में हीन अधिकता होती है। बंध तत्त्व में आश्रव तत्त्व का अभाव है और आश्रव तत्त्व में बंध तत्त्व का अभाव है क्योंकि आश्रव और बंध दोनों अलग अलग गुण की पर्याय हैं।

तीव्रभावः—तीव्र क्रोधादिक को कहते हैं।

मंदभावः—देवगुरु धर्म प्रत्यय के राग को कहते हैं।

ज्ञातभावः—जान बूझकर कषाय करने को कहते हैं।

अज्ञातभावः—अज्ञान अथवा प्रमाद से हिंसा हो जाने को कहते हैं।

अधिकरणः—कषाय करने के कारण को कहते हैं।

वीर्यः—शक्ति को कहते हैं।

अधिकरण के भेदः—

अधिकरणं जीवाजीवाः ॥ ७ ॥

अर्थः—अधिकरण के दो भेद हैं (१) जीव और (२) पुद्गल (अजीव) ये दोनों कषाय करने में कारण पड़ते हैं। परन्तु कषाय कराते नहीं हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जीव अधिकरण के भेदः—

आद्यं संरम्भसमारम्भारम्भयोगकृतकारितानु-
मतकषायविशेषैस्त्रिस्त्रिस्त्रिश्चतुश्चैकशः ॥ ८ ॥

अर्थः—संरंभ, समारंभ, आरंभ, मन, वचन, काय रूप तीन योग कृत, कारित, अनुमोदना तथा क्रोधादिक चार कषायों की अपेक्षा से जीव अधिकरण का १०८ भेद होता है।

भावार्थः—संरंभादि तीन को तीन योग से गुणा करने से नौ भेद हुआ। इन नौ भेद को कृतादि तीन से गुणा करने से सत्ताइस भेद हुआ। इन सत्ताइस भेद को क्रोध, मान, माया, लोभ रूप चार कषाय से गुणा करने से १०८ भेद होता है।

समरंभः—हिंसा करने के विकल्प को कहते हैं।

समारंभः—हिंसा करने के सन्मुख जाने को कहते हैं।

आरंभः—हिंसा करने को कहते हैं।

कृतः—हिंसा स्वयं करने को कहते हैं।

कारितः—दूसरे से हिंसा कराने को कहते हैं।

अनुमोदनाः—दूसरे के हिंसा किये हुए को अच्छा मानने को कहते हैं।

पुद्गल अधिकरण के भेदः—

निर्वर्तनानिक्षेपसंयोगनिसर्गाद्विचतुर्द्वित्रिभेदाः परम् ॥ ९ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—दो प्रकार की निर्वर्त्तना, चार प्रकार का निक्षेप, दो प्रकार का संयोग और तीन प्रकार का निसर्ग इस प्रकार ग्यारह भेद पुद्गल अधिकरण का है।

निर्वर्त्तनाः– (१) शरीरादि दस प्राण के कारण से कषाय करना। (२) पांच इन्द्रियों के विषय के कारण कषाय करना।

निक्षेपः–वस्तु के रखने या उठाने को निक्षेप कहते हैं।

(१) अप्रत्यवेक्षित निक्षेपः––आधार बिना देखे वस्तु को रख देना।

(२) दुःप्रमृष्ट निक्षेपः––अयत्नाचार से वस्तु को रख देना।

(३) सहसानिक्षेपः––जल्दी से वस्तु को पटक देना।

(४) अनाभोग निक्षेपः–वस्तु को बेतरतीब रखना अर्थात् जहां का तहां फेंक देना।

संयोगः–मिला देने के कार्य को संयोग कहते हैं।

(१) भुक्तपान संयोगः–खान-पीन के सामग्री में और सामग्री मिला देने से कषाय करना।

(२) उपकरण संयोगः–गहनादि सामग्रियों में दूसरी चीज मिलादेने से कषाय करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निसर्गः—प्रवृत्तने को निसर्ग कहते हैं।

(१) काय निसर्गः—काय की चेष्टा से कषाय करना।

(२) वाग्निसर्गः—वचन के कारण से कषाय करना।

(३) मनोनिसर्गः—मनद्वारा कषाय करना।

कर्म के उदय के अनुकूल समय समय में बंध पड़ता है उस बंध से सिद्धान्त में जैसा कहा है उसके अनुकूल सप्त अष्ट कर्मों में बटवारा हो जाता है, परन्तु उस बंध में उदीरणाभाव द्वारा जो संक्रमण, अपकर्षण, उत्कर्षण आदि होता है। उसका स्वरूप अब दिखलाते हैं।

ज्ञानावरण दर्शनावरण में बंध पडने का कारणः

तत्प्रदोषनिह्नवमात्सर्यान्तरायासादनो-
पघाता ज्ञानदर्शनावरणयोः ॥ १० ॥

अर्थः—ज्ञान और दर्शन के विषय में छह प्रकार का दोष लगाने से ज्ञानावरण कर्म तथा दर्शनावरण कर्म में विशेष बंध पड़ता है।

(१) प्रदोषः—धर्मात्मा जीव के तत्त्वज्ञान की प्रशंसा सुनकर सहन न होने को अर्थात् अन्तरंग में जलने को कहते हैं।

(२) निह्नवः—किसी कारण से ज्ञान को छुपाने को कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३) मात्सर्यः—दूसरा सीख लेगा तो मेरा मान नहीं रहेगा ऐसे विचार कर दूसरे को नहीं सिखलाने को कहते हैं।

(४) अन्तरायः—अन्य जीव ज्ञानाभ्यास करता है उसमें विघ्न डालने को कहते हैं।

(५) आसादनः—समयसार सुनने से हमारी अज्ञान दशा जान जायगा इस कारण समयसार पढने का निषेध करना।

(६) उपघातः—पदार्थ का स्वरूप यथार्थ निरूपण करने पर भी उसमें दोष लगाना उसे उपघात कहते हैं।

असाता वेदनीय के बंध का कारणः—

दुःखशोकतापाक्रन्दनवधपरिदेवनान्यात्म-
परोभयस्थानान्यसद्वेद्यस्य ॥ ११ ॥

अर्थः—अपने तथा पर के कारण से छह प्रकार का परिणाम करने से असाता वेदनीय का बंध पड़ता है।

दुखः—अनिष्ट संयोग से दुखी होने से।
शोकः— इष्ट वियोग से दुखी होना।
तापः—अपनी निन्दा सुनकर दुखी होना।
आक्रन्दनः— इन्द्रियों के विषयों के कारण रोना।
वधः—जीव हिंसा करने का भाव होना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परिवेदनः—अपनी इच्छा की पूर्ति के लिये करुणा भाव से रुदन करना।

सातावेदनीय के बंध का कारणः—

भूतव्रत्यनुकम्पादानसरागसंयमादियोगः
क्षान्तिः शौचमिति सद्वेद्यस्य ॥ १२ ॥

अर्थः——भूतव्रत्यनुकम्पा, दान, सरागसंयम, योग, क्षान्ति तथा शौच आदि भाव, सातावेदनीय कर्म के बन्ध के कारण हैं।

भूतव्रत्यनुकम्पाः—प्राणि मात्र को दुःखी देखकर दुःख से छुडाने का भाव अनुकम्पा है और व्रती, श्रावक तथा मुनिमहाराजों को आहारादि दान देने के भाव प्रशस्तराग है। अनुकम्पा में दया प्रधान है और प्रशस्तराग में भक्ति प्रधान है।

दानः—निज और पर के उपकार योग्य वस्तु के देने को दान कहते हैं।

सरागसंयमः—अणुव्रत तथा महाव्रत के विकल्प को सरागसंयम कहते हैं।

योगः—देव गुरु धर्म प्रत्यय मन वचन, काय को लगाना उसे योग कहते हैं।

क्षान्तिः—क्रोधादि कषायों को मंद करना उसे क्षान्ति कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शौचः– लोभ को छोड़ना अर्थात् परिग्रह को कम करना उसे शौच कहते हैं। इति शब्द से अर्हन्त भक्ति, गुरु उपासना, शास्त्रस्वाध्याय, अनशनादि तप से साता वेदनीय का बंध पड़ता है।

दर्शन मोहनीय अर्थात् मिथ्यात्व के बंध का कारण:—

केवलिश्रुतसंघधर्मदेवावर्णवादो दर्शनमोहस्य ॥ १३ ॥

अर्थः—केवली, शास्त्र, मुनिसंघ, व्यवहारधर्म और देव पर्याय इनका अवर्णवाद करने से दर्शन मोहनीय कर्म का बन्ध पड़ता है।

अवर्णवादः–गुणवान को झूठा दोष लगाने को अवर्णवाद कहते हैं।

केवली का अवर्णवादः–"केवली भोजन करते हैं" "केवली को रोग होता है" ऐसा कहना केवली का अवर्णवाद है।

शास्त्र का अवर्णवादः–शास्त्र में मांस भक्षण आदि करना लिखा है ऐसा कहना शास्त्र का अवर्णवाद है।

संघ का अवर्णवादः–मुनि नग्न है, बेशरम है, गंदा है ऐसा कहना संघ का अवर्णवाद है।

धर्म का अवर्णवादः–वीतराग भाव से धर्म नहीं होता है, क्रिया से धर्म होता है ऐसा कहना धर्म का अवर्णवाद है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देव का अवर्णवादः—देव मांस खाते हैं, मदिरा पीते हैं, देव को बलि चढ़ाने से प्रसन्नता होती है, ऐसा कहना देव का अवर्णवाद है।

भावार्थ—पुण्य में धर्म मानना, कर्म के उदय से मनुष्यादि जो जो पर्याय मिलती है उसको अपनी मानना, मैं पर जीव को मार सकता हूं, पर जीव को बचा सकता हूं, पर जीव को सुख दुःख दे सकताहूँ, ऐसी मान्यता से तथा देव मेरा कल्याण कर सकता है, गुरु मेरा कल्याण कर सकताहै, शिखर जी के कंकर कंकर पूज्य हैं ऐसी मान्यता से दर्शन मोहनीय कर्म का अर्थात् मिथ्यात्व का बंध पड़ता है।

चारित्र मोहनीय के बंध का कारणः—

कषायोदयात्तीव्रपरिणामश्चारित्रमोहस्य ॥ १४ ॥

अर्थः—कषाय के उदय से होने वाले तीव्र परिणाम चारित्र मोहनीय के बंध का कारण।

भावार्थः—क्रोधदिक कषाय तथा हास्यदिक नोकषाय ये सब चारित्र मोहनीय के बंध के कारण हैं।

नरक आयु के बंध का कारणः—

बह्वारम्भपरिग्रहत्वं नारकस्यायुषः ॥१५ ॥

अर्थः—बहुत आरम्भ करने का भाव, तथा परिग्रह रखने के भाव से नरक आयु का बन्ध होता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तिर्यंच आयु के बंध का कारण:—

माया तैर्यग्योनस्य ॥१६ ॥

अर्थ:—माया, कपट करने के भाव से तिर्यंच आयु का बंध पड़ता है।

मनुष्य आयु के बंध का कारण:—

अल्पारम्भपरिग्रहत्वं मानुषस्य ॥ १७ ॥

अर्थ:—अल्पारम्भ तथा थोड़ा परिग्रहरखने के भाव से मनुष्य आयु का बंध होता है।

और मनुष्य आयु के कारण:—

स्वभावमार्दवं च ॥ १८ ॥

अर्थ:—स्वभाव से सरल परिणामी होना मनुष्य आयु का कारण होता है।

सब गति के आयु का कारण:—

निःशीलव्रतत्वं च सर्वेषाम् ॥ १९ ॥

अर्थ:—सातशील अर्थात् तीन गुण व्रत, चार शिक्षा व्रत और पांच अहिंसदि व्रतों से रहित आचरण समस्त आयु के कारण हैं।

भावार्थ:—व्रतादिक रहित तीव्र तरकषाय से नरक आयु तीव्रकषाय से तिर्यंच आयु, मंद तथा मंदतर कषाय से मनुष्य तथा देव आयु का बंध पड़ता है।

देव आयु के कारण:—

सरागसंयमसंयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि देवस्य॥२०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—सरागसंयम, संयमासंयम, अकामनिर्जरा, और मिथ्यात्व सहित तप, देव आयु के कारण हैं।

भावार्थः—सरागसंयम अर्थात् संयम के साथ में जितने अंश में राग भाव है उस राग भाव से एवं संयमासंयम, अकाम निर्जरा और मिथ्यादृष्टि जो तप करते हैं वे पुण्यभाव हैं, उस पुण्यभाव से देव आयु का बंध पड़ता है।

और भी देव आयु के कारण:—

सम्यक्त्व च ॥ २१ ॥

अर्थः—सम्यग्दृष्टि जीव कल्पवासी देव का आयु बांधता है। च शब्द से देव पर्याय वाले सम्यग्दृष्टि आत्मा मनुष्य आयु का बंध बांधता है।

भावार्थः—सम्यग्दर्शन बंध का कारण नहीं क्योंकि सम्यग्दर्शन संवरभाव है परन्तु सम्यग्दर्शन के साथ में जो राग भाव है उस राग भाव से देव तथा मनुष्य आयु का बंध पडता है।

अशुभ नाम कर्म के बंध का कारण:—

योगवक्रताविसंवादनं चाशुभस्य नाम्नः ॥ २२ ॥

अर्थः—योग वक्रता अर्थात् मन, वचन, काय की कुटिल प्रवृत्ति तथा विसंवाद अर्थात् कलह करने के रूप प्रवृति से अशुभ नाम कर्म का बंध पडता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शुभ नाम कर्म के बंध कारण:—

तद्विपरीतं शुभस्य ॥ २३ ॥

अर्थः—मन, वचन, काय योग की सरलता तथा सरल परिणाम से शुभ नाम कर्म का बंध पडता है।

तीर्थंकर नाम कर्म का कारण:—

दर्शनविशुद्धिर्विनयसम्पन्नता शीलव्रतेष्वनतीचारोऽभीक्ष्णज्ञानोपयोगसंवेगौ शक्तितस्त्यागतपसी साधुसमाधिर्वैयावृत्यकरणमर्हदाचार्यबहुश्रुतप्रवचनभक्तिरावश्यकापरिहाणिर्मार्गप्रभावना प्रवचनवत्सलत्वमिति तीर्थंकरत्वस्य ॥ २४ ॥

अर्थः—दर्शन विशुद्धि आदि सोलह भावना तीर्थंकर नाम कर्म के बंध का कारण है।

(१) दर्शनविशुद्धि—सम्यग्दर्शन निर्मल रखने के लिये, तत्त्वविचार में उपयोग को लगाना इसे दर्शन विशुद्धि कहते हैं। यह पुण्यभाव है। सम्यग्दर्शन से बंध नहीं पड़ता है परन्तु सम्यग्दर्शन सहित पुण्यभाव से बंध पड़ता है।

(२) विनयसम्पन्नता—रत्नत्रय तथा उनके धारकों की उसके पद के अनुकूल विनय करना।

(३) शीलव्रतों में अनतिचार—शील और व्रत में दोष न लगे ऐसी भावना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(४) अभीक्ष्ण ज्ञान उपयोग–हेय उपादेय रूप जानने में विवेक रूप परिणति।

(५) संवेग–रागादिक से बचने की कोशिश।

(६) शक्तितस्त्याग–शक्ति अनुकूल पात्र जीवों को भक्तिपूर्वक, दीनों को करुणापूर्वक दान देने का भाव।

(७) तप–शक्ति अनुकूल अनशनादि तप करने का भाव।

(८) साधुसमाधि–साधु पुरुषों तथा साधर्मी को विघ्न आने से दूर करने की भावना।

(९) वैयावृत्यः––साधर्मी जीवों की सेवा करने का भाव।

(१०) अर्हद्भक्तिः–सर्वज्ञ वीतरागदेवके गुण में अनुराग।

(११) आचार्यभक्तिः–आचार्य परमेष्ठी के गुण में अनुराग।

(१२) बहुश्रुतभक्तिः–उपाध्याय परमेष्ठी के गुण में अनुराग।

(१३) प्रवचनभक्तिः–जिनवाणी जिनशास्त्र आदि में भक्ति।

(१४) आवश्यक परिहाणिः–सामायिकादि आवश्यक क्रिया में उपयोग लगाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(१५) मार्गप्रभावना:—जैनधर्म की प्रभावना करना एवं शास्त्र दान, शास्त्रवितरण करने की भावना।

(१६) प्रवचनवात्सल्य:—साधर्मी के प्रति गोवत्स की तरह अन्तरंग से प्रेम करना।

नीच गोत्र कर्म का कारण:—

परात्मनिन्दाप्रशंसे सदसद्गुणोच्छादनोद्भावने च नीचैर्गोत्रस्य ॥ २५ ॥

अर्थ:—दूसरे की निन्दा और अपनी प्रशंसा करना तथा दूसरे के प्रगट गुणों का ढ़कना औह अपने झूठे गुणों की प्रशंसा करना, ऐसे भाव से नीच गौत्र का बंध पड़ता है।

उच्च गोत्र के कारण:—

तद्विपर्ययो नीचैर्वृत्यनुत्सेकौ चोत्तरस्य ॥ २६ ॥

अर्थ:—पर जीवों के किंचित्गुणों की प्रशंसा करना और सरल परिणाम, मान कषाय रहित कोमलता रूप भाव से उच्चगोत्र का बंध पड़ता है।

अन्तराय के आश्रव का कारण:—

विघ्नकरणमन्तरायस्य ॥ २६ ॥

अर्थ:—धर्म के कार्य में विघ्न डालने से अन्तरायकर्म का बंध पडता है।

भावार्थ:—धर्म के नाम के चंदे में रुकावट डालना,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पाठशाला के कार्य में विघ्न डालना, इत्यादि भाव अन्तराय कर्म के बंध का कारण है।

इति श्रीमत् उमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे) मध्ये षष्ठमोऽध्यायः ॥ ६ ॥

सप्तम अध्याय

शुभ बंध का वर्णन:—

व्रत किसे कहते हैं:—

हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहेभ्यो विरतिर्व्रतम् ॥ १ ॥

अर्थ:—हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह इन पांच पाप का भाव मिटजाना उसे व्रत कहते हैं।

भावार्थ:—हिंसा करने का भाव, झूठ बोलने का भाव, चोरी करने का भाव, मैथुन सेवन करने का भाव और परिग्रह रखने का भाव पाप भाव है। रक्षा करने का भाव, सत्य बोलने का भाव, चोरी न करने का भाव, ब्रह्मचर्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पालन करने का भाव और परिग्रह न रखने का भाव पुण्य भाव है। उस पुण्य भाव का नाम व्रत है। समयसार ग्रंथ में भी कहा है किः—

मारिमि जीवावेमि य सत्ते जं एवमज्झवसिदं ते।
तं पावबंधगं वा पुण्णस्स व बंधगं होदि ॥ २६१ ॥

अर्थः—मैं जीव को मारता अथवा बचाता हूं जो ऐसा तेरा अभिप्राय है वह पाप का बंधक है अथवा पुण्य का बंधक है।

औरभी गाथा २६३-२६४ में भी लिखा है किः—

एवमलिये अदत्ते अबंभचरे परिग्गहे चेव।
कीरइ अज्झवसाणं जं तेण दु बज्झए पावं ॥ २६३ ॥
तहवि य सच्चे दत्ते बंभे अपरिग्गहत्तणे चेव।
कीरइ अज्झवसाणं जं तेण दु बज्झए पुण्णं ॥ २६४ ॥

अर्थः—असत्य, चोरी, स्त्री का संसर्ग, परिग्रह रखने का जो भाव है उस भाव से पाप का बंध पड़ता है। उसी प्रकार सत्य बोलने में, दिया हुआ वस्तु लेने में (अचौर्यभाव), ब्रह्मचर्य पालन करने का भाव और परिग्रह न रखने का भाव जो है उससे पुण्य बंध पड़ता है।

व्रत के भेदः—

देशसर्वतोऽणुमहती ॥२॥

अर्थः—व्रत के दो भेद हैं (१) अणुव्रत (२) महाव्रत।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—हिंसादि पापों का एक देश त्याग करने को अणुव्रत कहते हैं और सम्पूर्ण त्याग का नाम महाव्रत है।

व्रतों की स्थिरता का कारण:—

तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पञ्च पञ्च ॥ ३ ॥

अर्थः—उन व्रतों की स्थिरता के लिये एक एक व्रत की पांच पांच भावना है।

भावार्थः—बार बार विचार करने को भावना कहते हैं। यदि ये विचारना मिट जावे तो व्रत की रक्षा नहीं हो सकती है अर्थात् व्रत का नाश हो जावेगा।

अंहिसा महाव्रत की पांच भावनाएँ:—

वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पंच ॥ ४ ॥

अर्थः—वचनगुप्ति, मनोगुप्ति, ईर्यासमिति, आदान-निक्षेपण समिति और आलोकितपानभोजन ये पांच अहिंसा महाव्रत की भावनाएँ हैं।

वचनगुप्तिः—जहाँ बने तहाँ तक मौन रहना।

मनोगुप्तिः—पाप का चिन्तवन न कर अर्हंतादि परमेष्ठी के गुणों का चिन्तवन करना।

ईर्यासमितिः—मेरे द्वारा जीव का घात न होवे इस भावना को लेकर चार हाथ भूमि सोधकर मौन से गमन करना।

आदाननिक्षेपण समितिः—वस्तु को उठाने और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रखने में जीव की हिंसा न होवे ऐसा उपयोग सहित रहना।

आलोकित पान भोजनः—४६ दोष, ३२ अन्तराय तथा १४ मलदोष भोजन लेने में टालने का भाव। ये सभी पुण्य भाव हैं। भोजन लेना पुण्य भाव नहीं है बल्कि पाप भाव है, परन्तु दोष टालना पुण्यभाव है।

सत्य महाव्रत की भावनाः—

क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषणं च पञ्च ॥ ५ ॥

अर्थः—क्रोध से वचन बोलने का त्याग, लोभ से वचन बोलने का त्याग, भय से वचन बोलने का त्याग, हास्य से वचन बोलने का त्याग और अनुवीचि भाषण अर्थात् शास्त्र की आज्ञानुसार निर्दोष वचन बोलने का भाव ये पांच सत्य महाव्रत की भावनाएं हैं।

अचौर्य महाव्रत की भावनाः—

शून्यागारविमोचितावासपरोपराधाकरण-
भैक्ष्यशुद्धिसधर्माविसंवादाः पञ्च ॥ ६ ॥

अर्थः—शून्यागारवास–पर्वतों की गुफा, वृक्ष की कोटर, भयानक वन, स्मशानभूमि आदि में रहने की भावना, विमोचितावास–जंगलों में छोडा हुआ झोपडा आदि में रहने की भावना, परोपरोधाकरण–जिस स्थान में ठहरा हो उस स्थान में तिर्यंचादि (कुत्ता आदि) आ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जावे तो उसको न रोकने का भाव, एवं अपने को कोई न रोके ऐसे स्थान में रहने की भावना, भैक्ष्यशुद्धि-- उच्छिष्ट आहार न लेने का भाव, सधर्माविसंवाद-साधर्मी भाइयों से कलह न करने की भावना-ये पांच भावनाएं अचौर्य महाव्रत की हैं।

ब्रह्मचर्य महाव्रत की भावनाः—

स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहराङ्गनिरीक्षणपूर्वरता-
नुस्मरणवृष्येष्टरसस्वशरीरसंस्कारत्यागाः पञ्च ॥७॥

अर्थः--स्त्रीराग कथा श्रवण-स्त्री के भोग विषय की कथा सुनने तथा करने का त्याग, तन्मनोहराङ्ग-निरीक्षण-स्त्रियों के सुन्दर अंगों का विकारभाव से देखने का त्याग, पूर्वरतानुस्मरण-पूर्व में जो भोग किया है उसमें आनन्द मानकर याद करने का त्याग, वृष्येष्ट-रस-शरीर पुष्ट करने के लिये गरिष्ट आहार, पौष्टिक आहार खाने के राग का त्याग, स्वशरीर संस्कार-शरीर सुन्दर बनाने के लिये तेलादि मर्दन करने का त्याग-ये पांच ब्रह्मचर्य महाव्रत की भावनाएं हैं।

परिग्रह महाव्रत की भावनाः—

मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पञ्च ॥ ८ ॥

अर्थः--स्पर्शनइन्द्रियों के विषयों में, रसना इन्द्रियों के विषयों में, घ्राणइन्द्रियों के विषयों में चक्षु इन्द्रियों के

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषयों में अच्छा बुरा करने के राग का त्याग—ये पांच परिग्रह महाव्रत की भावनाएं हैं।

हिंसादि पांच पाप दुखमय हैं:—

हिंसादिष्विहामुत्रापायावद्यदर्शनम् ॥ ९ ॥

अर्थः—हिंसादि पांच पापों के भाव इस लोक में तथा परलोक में सांसरिक सुख तथा पारमार्थिक सुख का नाश करने वाला है ऐसा विचार निरन्तर रखना चाहिए।

दुःखमेव वा ॥ १० ॥

ये पांच पाप दुःखमय ही हैं।

सुखी बनने की भावना:—

मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थानि च
सत्वगुणाधिकक्लिश्यमानाविनयेषु ॥ ११ ॥

अर्थ;—प्राणीमात्र में, गुण से अधिक जीवों में, दुःखी जीवों में और अन्यमती जीवों में मैत्री, प्रमोद, करुण। मध्यस्थ भावना भावे, ये भावना संसारी सुख का कारण है।

संसार और शरीर का विचार:—

जगत्कायस्वभावौ वा संवेगवैराग्यार्थम् ॥ १२ ॥

अर्थः–रागादिक परिणाम का विचार कर और शरीर क्षणभंगुर पर पदार्थ है ऐसा विचार कर शरीर से उदासीनता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और रागादिक छोड़ने की चिंता करना परमार्थ सुख का कारण है।

हिंसा का लक्षण:—

प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं हिंसा ॥ १३ ॥

अर्थ:—प्रमाद के वश होकर पर जीवों का द्रव्य प्राण का वियोग करना, अपनाभाव प्राण बिगाड़ना उसी का नाम हिंसा है।

भावार्थ:—उपयोग रहित चलने से पर जीव की हिंसा न होने पर स्वहिंसा है तथा उपयोग सहित चलने से परजीव की हिंसा होने परभी स्वहिंसा नहीं है।

असत्य का लक्षण:—

असदभिधानमनृतम् ॥ १४ ॥

अर्थ:—कषायके वश होकर मिथ्या वचन और परजीवों को दुःखदायक वचन कहना उसी का नाम असत्य है।

चोरी का लक्षण:—

अदत्तादानं स्तेयम् ॥ १५ ॥

अर्थ:—बिना दी हुई किसी की वस्तु को ग्रहण करने के भाव का नाम चोरी है।

कुशील का लक्षण:—

मैथुनमब्रह्म ॥ १६ ॥

अर्थ:—विकार भाव से स्त्री को देखना तथा उसके

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

साथ रमण करना उसे कुशील कहते हैं।

परिग्रह का लक्षण:—

मूर्च्छा: परिग्रहः ॥ १७ ॥

अर्थ:——ममत्व भाव को परिग्रह कहते हैं।

भावार्थ—पुण्य भाव को मोक्षमार्ग में अच्छा मानना, मोक्षमार्ग में साधक मानना तथा पर पदार्थ में अपनापन मानना मूर्च्छा है।

व्रती किसे कहते हैं:—

निःशल्यो व्रती ॥१८ ॥

अर्थ:——शल्य रहित ही जीव व्रती कहलाते हैं।

भावार्थ:—शल्य तीन प्रकार की है (१) मायाशल्य (१) मिथ्यात्व शल्य और (३) निदान शल्य।

मायाशल्य:—रोटी खाने के लिये त्यागी बने तो वह यथार्थ में व्रती नहीं है।

मिथ्यात्व शल्य:—तत्व का श्रद्धान नहीं है, आगम का ज्ञान नहीं है तो वह व्रती नहीं है।

निदान शल्य:—पर पदार्थ की वांछा के लिये यदि व्रती बने हैं तो व्रती नहीं हैं। ये तीनों दोषों को छोड़कर जो व्रती बनता है वही सच्चा व्रती है।

व्रती के भेद:—

अगार्य्यनगाराश्च ॥ १६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—व्रती के दो भेद हैं (१) अगारी (श्रावक) (२) अनगारी (मुनी, निर्ग्रंथ)

अगारी (श्रावक) का लक्षणः

अणुव्रतोऽगारी ॥२०॥

अर्थः—अणुव्रत अर्थात् एक देश व्रत पालने वाला जीव अगारी कहलाता है।

भावार्थः—अणुव्रत के पांच भेद हैं।

(१) अहिंसाणुव्रतः—संकल्प पूर्वक त्रस जीवों की हिंसा का त्याग।

(२) सत्याणुव्रतः—स्थूल असत्य बोलने का त्याग।

(३) अचौर्याणुव्रतः—स्थूल चोरी करने का त्याग।

(४) ब्रह्मचर्याणुव्रतः—पर स्त्री तथा वेश्यागमन करने का त्याग।

(५) परिग्रहपरिमाणाणुव्रतः—दस प्रकार के बाह्य परिग्रह की मर्यादा करे, मर्यादा से विशेष न रखे उसी का नाम अणुव्रत है।

अणुव्रत की रक्षा के लिये सात शील व्रतः—

दिग्देशानर्थदण्डविरतिसामायिकप्रोषधोपवासोपभोग-
परिभोगपरिमाणातिथिसंविभागव्रतसम्पन्नश्च ॥ २१ ॥

अर्थः—वह व्रती दिग्व्रत, देशव्रत तथा अनर्थदण्ड व्रत इन गुण सहित सामायिक, प्रोषधोपवास, भोग उपभोग

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परिमाण और अतिथिसंविभाग इन चार शिक्षा व्रतों सहित पालन करता है।

दिग्व्रतः—दशों दिशाओं में आने जाने के पाप कार्यों के लिये मरण पर्यंत की मर्यादा करना।

देशव्रतः—दिग्व्रत में जो मर्यादा की है उसमें अमुक काल के लिये कमती मर्यादा करना।

अनर्थदण्डः—बिना प्रयोजन पापक्रिया का नाम अनर्थदण्ड है। इसके पांच भेद हैं।

(१) पापोपदेश—व्यापार आदि हिंसक कार्यों में सलाह देना।

(२) हिंसादान—छुरी, कटारी आदि दान में देना तथा महाव्रतधारी मुनि महाराजों को चटाई, फाउन्टेनपेन, घड़ी आदि देना।

(३) अपध्यान—पर का बुरा चिन्तवन करना अर्थात् ये कब मर जावें, ये कब दिवाला निकालें आदि।

(४) प्रमादचर्या—बिना प्रयोजन वनस्पति को काटना, इलेक्ट्रिक पँखा चलाते रहना, बत्ती जलाते रहना, नल (टूँटी) के नीचे बैठकर पानी गिराते रहना आदि।

(५) दुःश्रुति-राग द्वेष बढाने वाला उपन्यास पढना, दूसरे को दान में देना आदि ये तीन गुणव्रत हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सामायिकः—मन, वचन, काय, कृत, कारित, अनुमोदना से पाप का त्याग करना और स्वाध्याय, आत्म-चिन्तवन रूप पुण्यभाव में उपयोग को लगाना।

प्रोषधोपवासः—पर्व के दिन उपवास करना अर्थात् अष्टमी चतुर्दशी को उपवास करना।

भोग उपभोग परिमाणः—भोजन, पान तथा कपड़ा गहना आदि की नित्य मर्यादा करना अर्थात् राग घटाने का प्रयोग करना।

अतिथिसंविभागव्रतः—भोजन के पहले पात्र जीवों को आहारादि दान देने की नित्य भावना सहित पडगाहने के के लिये अपने दरवाजे पर खडा रहना ये चार शिक्षाव्रत हैं।

सल्लेखना की भावनाः—

मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता ॥ २२ ॥

अर्थः—मरण समय में शान्ति पूर्वक परिणाम रखने की भावना।

भावार्थः—जब शरीर कार्य न करे तब शक्ति देखकर क्रम क्रम आहार का त्याग कर शांति पूर्वक शरीर छोडना उसी का नाम सल्लेखना है।

सम्यग्दर्शन के अतिचारः—

शंकाकांक्षाविचिकित्साऽन्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्यग्दृष्टेरतीचाराः ॥ २३ ॥

अर्थः—शंका, आकांक्षा, विचिकित्सा, अन्यदृष्टि प्रशंसा, अन्यदृष्टि संस्तव ये पांच सम्यग्दर्शन के अतिचार हैं अर्थात् इनसे सम्यग्दर्शन में दोष लगता है।

भावार्थः—शंका–जिन देव भगवान के द्वारा कहे हुए धर्म में शंका करना।

आकांक्षाः–इसलोक और परलोक सम्बन्धी इन्द्रियों के विषयों की वांच्छा रखना।

विचिकित्साः–अपनी प्रशंसा करना और दूसरे का दोष देखना।

अन्यदृष्टि प्रशंसाः–मिथ्यादृष्टियों अर्थात् अन्यमतियों के गुरुओं की प्रशंसा करना।

अन्यदृष्टिसंस्तवः– अन्तमती मिथ्यादृष्टि गुरुओं की स्तुति करना।

ये अतिचार लगाने के लिये नहीं है बल्कि जो जीव अतिचार लगाते हैं ऐसा जीव पुरुषार्थ करे तो अतिचार से बचकर अपना कल्याण कर सकता है, परन्तु अतिचार लगाने वाले का प्रत्यय द्वेष करने का नहीं है।

अतिचार का और वर्णनः—

व्रतशीलेषु पञ्च पञ्च यथाक्रमम् ॥ २४ ॥

अर्थः—पांच व्रत, तीन गुण व्रत तथा चार शिक्षा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

व्रत में भी पांच पांच अतिचार लगजाता है।

भावार्थः—अतिचार छोडने की चेष्टा करनी चाहिए परन्तु शास्त्र में लिखा है ऐसा मानकर शिथलाचार में नहीं पड़ना चाहिए।

अंहिसाणुव्रत के अतिचारः—

बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः ॥ २५ ॥

अर्थः—-बंध बांधना, वध करना, छेदना, अतिभार लादना, अन्नपान का निरोध करना ये अहिंसाणुव्रत के पांच अतिचार हैं।

वंधः-सांकली रस्सी आदि से जानवर को बांधना।

वधः-लकड़ी आदि से जानवर, मनुष्य आदि को जान से मारना।

छेदनः-नाक, कान आदि जानवरों का छेदना।

अतिभारारोपणः-- बैलगाढ़ी, घोडागाड़ी में कानून से विशेष भार लादना और सवारी में बैठना।

अन्नपाननिरोधः-भोजन पान से रोकना।

इतना अतिचार लगाने वाला जीव पुरुषार्थ करे तो धर्मात्मा बन सकता है।

सत्याणुव्रत का अतिचारः

मिथ्योपदेशरहोभ्याख्यानकूटलेखक्रियान्या-
सापहारसाकारमन्त्रभेदाः ॥ २६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः--मिथ्याउपदेश--आगम से विपरीत उपदेश देना।

रहोभ्याख्यानः-पराये की गुप्त बात प्रकट कर देना।

कूटलेखक्रियाः-झूठे दस्तावेज लिखना। दूसरे के ब्लैंक चेक बुक में से पन्ना फाडकर बैंक में से रुपया निकाल लेना।

न्यासापहारः-पराये का गिरवी रक्खा हुआ माल रखने वाले के भूल जाने पर हडप जाना।

साकार मंत्र भेदः-किसी की गुप्त अभिलाषा को इशारा द्वारा प्रगट कर देना।

ये पांच सत्याणुव्रत के अतिचार हैं एसा अतिचार लगाने वाला जीव यदि पुरुषार्थ करे तो धर्म के सन्मुख हो सकता है।

अचौर्याणुव्रत के अतिचारः—

स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रम-
हीनाधिकमानोन्मानप्रतिरूपकव्यवहाराः ॥ २७ ॥

अर्थः—स्तेनप्रयोग-चोरी का रास्ता दिखलाना, इनकमटैक्स से बचने का रास्ता दिखलाना।

तदाहुतादानः—चोरी का माल कम दाम में जान बूझ कर लेना।

विरुद्धराज्यातिक्रमः—कानून से विरुद्ध चलना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थात् चुंगी न देना, काला बाजार करना, रेलवे में विना टिकट जाना, बिछावन में छिपाकर माल कानून से बेसी वजन में लेना।

हीनाधिकमानोन्मानः—कमती माल देना और विशेष माल लेना उसी प्रकार का बटखरा आदि रखना।

प्रतिरूपकव्यवहारः—बहुमूल्य की वस्तु में कमती मूल्य की वस्तु मिलाकर ऊंचे दाम में बेचना जैसे शुद्ध घी में वेजीटेबल मिलादेना, रेशम में सूत मिला देना।

ये पांच अचौर्याणुव्रत के अतिचार हैं। इतना अतिचार लगाने वाला जीव भी यदि पुरुषार्थ करे तो धर्म के सन्मुख हो सकता है।

ब्रह्मचर्याणुव्रत के अतिचारः—

परविवाहकरणेत्वरिकापरिगृहीतापरिगृहीतागमनानङ्ग
क्रीड़ाकामतीव्राभिनिवेशाः ॥ २८ ॥

अर्थः—परविवाहकरण—दूसरे के पुत्र पुत्रियों का विवाह करा देना।

परिगृहीतेत्वरिकागमनः—पति सहित व्यभिचारिणी स्त्रियों के पास गमन करना।

अपरिगृहीतेत्वरिका गमनः—वेश्यादि पति-रहित व्यभिचारिणी स्त्रियों के पास गमन करना।

अनङ्गक्रीडाः—काम सेवन के लिये निश्चित अगों

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

को छोडकर अन्य अंगों से काम सेवन करना।

कामतीव्रभिनिवेशः—काम सेवन की अत्यन्त अभिलाषा अर्थात् कुत्ते से भी जिसकी वासना खराब हो।

ये पांच ब्रह्मचर्याणुव्रत के अतिचार हैं। इतना अतिचार लगाने वाला जीव भी यदि पुरुषार्थ करे तो धर्म के सन्मुख हो सकता है।

परिग्रह परमाणाणुव्रत के अतिचारः—

क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णधनधान्यदासी-
दासकुप्यभाण्डप्रमाणातिक्रमाः ॥ २९ ॥

अर्थः—क्षेत्रवास्तुअतिक्रमः—जमीदारी तथा मकान की जो मर्यादा की थी उससे उलंघन करना।

हिरण्यसुवर्ण अतिक्रमः—चांदी, सोना, जेवरात, की जो मर्यादा रखी थी उससे उलंघन जाना।

धनधान्य अतिक्रमः—नकद रूपया, गाय भैंस आदि पशु तथा गेहूं चना आदि खाद्य पदार्थ की मर्यादा का उलंघन होना।

दास दासी अतिक्रमः—नौकर, नौकरानी, गाड़ी मोटर आदि की जो मर्यादा की थी उसे उलंघन जाना।

कुप्यअतिक्रमः—वस्त्र तथा बर्त्तनादि के प्रमाण की मर्यादा का उलंघन हो जाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ये पांच परिग्रह परिमाण अणुव्रत के अतिचार हैं। इतना अतिचार लगाने वाला जीव भी यदि पुरुषार्थ करे तो अपना कल्याण कर सकता है। परन्तु यह तो अति-चार है, यह तो अतिचार हैं' ऐसी भावना रखेगा तो वह डूब जायगा।

दिग्व्रत गुणव्रत के अतिचार:—

ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्व्यतिक्रमक्षेत्रवृद्धिस्मृत्यन्तराधानानि ॥ ३० ॥

अर्थ:——उर्ध्व अतिक्रम:—ऊँचे जाने की जो मर्यादा की है उसे उलंघ जाना।

अधो अतिक्रम:—भूमि से नीचे जाने की जो मर्यादा की उससे उलंघ जाना।

तिर्यग्व्यतिक्रम:—चारों दिशा में जाने की जो मर्यादा की है उससे उलंघ जाना।

क्षेत्रवृद्धि:—जो क्षेत्र की मर्यादा रखी है उस क्षेत्र से क्षेत्र बढ़ा देना।

स्मृत्यन्तराधान:—जो क्षेत्र की मर्यादा की है उस मर्यादा को भूल जाना।

ये पांच दिग्व्रत गुण व्रत के अतिचार हैं। ये अतिचार लगाने के लिये अतिचार दिखलाया नहीं बल्कि इतना अतिचार लगाने वाला जीव यदि पुरुषार्थ करे तो अपना कल्याण कर सकता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देशव्रत गुणव्रत के अतिचार:—

आनयनप्रेष्यप्रयोगशब्दरूपानुपातपुद्गलक्षेपाः ॥ ३१ ॥

अर्थः—आनयनः—क्षेत्र की जो मर्यादा की है उस मर्यादा की बाहर की चीज को बुलाना।

प्रेष्यप्रयोगः— क्षेत्र की जो मर्यादा की है उस मर्यादा के बाहर नौकर आदि को भेजकर पाप कार्य्य करवाना।

शब्दानुपातः—क्षेत्र की जो मर्यादा की है उस मर्यादा से बाहर शब्द द्वारा अपना पाप अभिप्राय प्रगट करना।

रूपानुपातः— क्षेत्र की जो मर्यादा की है उस मर्यादा से बाहर शरीर दिखाकर इसारा द्वारा पाप कार्य करना।

पुद्गलक्षेपः— क्षेत्र की जो मर्यादा की है उस मर्यादा से बाहर टेलीफोन, तार, पत्र द्वारा पाप कार्य कराना।

ये पांच देशव्रत शिक्षाव्रत के अतिचार हैं। इतना अतिचार लगाने वाला जीव अपना कल्याण करना चाहे तो इनको टालकर अपना कल्याण कर सकता है।

अनर्थदण्ड शिक्षाव्रत के अतिचार:—

कन्दर्पकौत्कुच्यमौखर्य्यासमीक्ष्याधिकरणोपभोगपरिभोगानर्थक्यानि ॥ ३२ ॥

अर्थः—कन्दर्पः— मजाक में अनिष्ट वचन बोलना।

कौत्कुच्यः— शरीर की कुचेष्टा दिखलाकर अनिष्ट।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वचन बोलना ।

मौखर्य्यः– धृष्टता पूर्वक विना प्रयोजन बोलना ।

असमीक्ष्याधिकरण–विना प्रयोजन दौड़ धूप करना ।

उपभोगपरिभोगानर्थक्यः– जरुरत से ज्यादा खान पान की सामग्री तथा स्त्री, कपड़ा गहनादि रखना ।

ये पांच अनर्थदण्डगुणव्रत के अतिचार हैं। ये अतिचार लगाने वाला जीव भी यदि पुरुषार्थ करे तो अतिचार को छोड़कर अपना कल्याण कर सकता है ।

सामायिक शिक्षाव्रत के अतिचारः—

योगदुष्प्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥ ३३ ॥

अर्थः—मनोयोगदुष्प्रणिधानः– पांच इन्द्रियों के विषयों का मन में चिन्तवन करना ।

वाङ्ग्योगदुष्प्रणिधान– पांच इन्द्रियों के विषय की बातें करना ।

काययोगदुष्प्रणिधानः– सामायिक के काल में शरीर तथा शरीर के अंगोपांग को हिलाना, नींद का झोंका लेना ।

अनादरः– सामायिक में उत्साह न होना अर्थात् कब समय पूरा हो जावे, कब समय पूरा हो जावे ऐसा विचारना ।

स्मृत्यनुपस्थानः– सामायिक में पाठ बोलते बोलते भूल जाना और उपयोग पाप में चला जाना ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ये पांच सामायिक शिक्षाव्रत के अतिचार हैं। ऐसा अतिचार लगाने वाला जीव यदि सामायिक में रुचि रखेगा तो सुधर सकता है परन्तु सामायिक करना छोड़ देगा तो उसकी नौका डूब जायगी।

प्रोषधोपवास शिक्षाव्रत के अतिचारः—

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादानसंस्तरोपक्रमणाना-
दरास्मृत्यनुपस्थानानि ॥ ३४ ॥

अर्थः— अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गः— बिना देखे जमीन पर मलमूत्रादि क्षेपण करना।

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितादानः— बिना देखे पूजनादि के उपकरणों को उठाना।

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितसंस्तरोपक्रमणः—बिना देखे वस्त्र, चटाई, आदि को बिछाना और उठाना।

अनादरः—धर्म कार्य में उत्साह रहित होना।

समृत्यनुपस्थानः—करने योग्य आवश्यक धर्म क्रियाओं को भूल जाना।

ये पांच प्रोषधोपवास शिक्षाव्रत के अतिचार हैं। ये अतिचार लगाने वाला जीव भी यदि पुरुषार्थ करे तो यथार्थ मार्ग पर आसकता है। अतिचार लगाने के लिये नहीं दिखाया है।

भोगउपभोग शिक्षाव्रत के अतिचारः—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुष्पक्वाहाराः ॥ ३५ ॥

अर्थः—सचित्ताहार—जीव सहित हरी वनस्पति का भक्षण करना।

सचित्तसम्बन्धाहारः—सचित्त पदार्थ से मिली हुई वस्तु का भक्षण करना।

सचित्तसम्मिश्रआहारः—सचित्त और अचित्त दोनों का मिला हुआ आहार करना।

अभिषवाहारः—गरिष्ठ पदार्थों का आहार करना।

दुःपक्वाहारः—अर्द्ध पका अथवा विशेष पका पदार्थ का भक्षण करना।

ये पांच भोगउपभोग शिक्षाव्रत के अतिचार हैं।

अतिथि संविभाग शिक्षाव्रत के अतिचारः—

सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्य्यकालातिक्रमाः ॥ ३६ ॥

अर्थः—सचित्त निक्षेप—जलता चूल्हा पर रखा हुआ भोजन मुनि को दान में देना।

सचित्तापिधानः—पके हुए भोजन को सचित्त वस्तु से ढका हुआ मुनि को आहारदान में देना।

परव्यपदेशः—पर के घर से वस्तु मांगकर आहारादान में देना।

मात्सर्य—मान बड़ाई से आहारादि देना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कालातिक्रम—खाद्यपदार्थ की मर्यादा चली गई हो तो भी देना।

ये पांच अतिथिसंविभाग शिक्षाव्रत के अतिचार हैं। ये अतीचार लगाने वाला जीव भी यदि पुरुषार्थ करे तो अपना कल्याण कर सकता है।

सल्लेखना के अतिचार:—

जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबंधनिदानानि ॥ ३७ ॥

अर्थ:—जीविताशंसा—समाधिमरण धारण किये बाद जीने की इच्छा करना।

मरणाशंसा—वेदना सहन न होने से शीघ्र मरने की इच्छा करना।

मित्रानुराग—समाधि मरण धारण करने वाला जीव मरणकाल में अपने शिष्यादि को याद करे, कब आजावे, कब आजावे आदि।

सुखानुबंध—समाधिमरण के पहले जो भोग किये थे उस भोग को समाधिमरण धारण करने के बाद याद करना।

निदान—समाधिमरण धारण किये बाद पांच इन्द्रियों को विषयों की वांछा करना अर्थात् मैं देव बन जाऊँ, चक्रवर्ती बन जाऊँ, विदेहक्षेत्र में चला जाऊँ आदि।

ये पांच सल्लेखना के अतिचार हैं। ये अतिचार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लगाने के लिये नहीं दिखाया बल्कि ऐसा अतिचार लगाने वाला जीव यदि विवेक करे तो अतिचार से बचकर अपना कल्याण कर सकता है।

दान का लक्षण:—

अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानम् ॥ ३८ ॥

अर्थः—अपने और पर के उपकारके लिये धन-आदि सामग्री का त्याग करना दान है।

भावार्थः—लोभ का त्याग करना यथार्थ दान है। यदि मान से सामग्री छूटे, धनादि दिया जावे तो वह दान नहीं है बल्कि पाप का बंध पडेगा।

दान के फल में विशेषता:

विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्तद्विशेषः ॥ ३९ ॥

अर्थः—विधि विशेष, द्रव्य विशेष, दातृ विशेष और पात्र विशेष से दान के फल में विशेषता होती है।

विधि विशेष—जैसे पात्र जीव पात्र को नवधाभक्ति से दान देते हैं उसी प्रकार कुपात्र तथा अपात्र जीव कुपात्रों को अपात्रों को, भक्ति पूर्वक दे नहीं सकता। यह विधि में फर्क है इससे दान के फल में भी फर्क पडता है।

द्रव्य विशेष—जिस प्रकार पात्र जीव मर्यादित शुद्ध आहार पात्र पुरुषों को दान में देते हैं उसी प्रकार कुपात्र अपात्र जीव कुपात्रों को शुद्ध आहार दे नहीं सकता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इसी कारण आहार के भाव में फर्क होने से दान के फल में फर्क होता है।

दातृ विशेष--जैसे दातार पात्र जीव को देव गुरु धर्म की श्रद्धा है उसी प्रकार दातार कुपात्र अपात्र को देवगुरु धर्म की श्रद्धा में विपरीतता है। इसी कारण दातार को दान के फल में फर्क है।

पात्र--देव, गुरु, धर्म की श्रद्धा है अर्थात् सर्वज्ञ वीतराग २२ दोष रहित को देव मानते हैं, नग्न दिगम्बर, निस्पृही मुनि को गुरु मानते हैं और दया में ही धर्म मानते हैं।

कुपात्र–जो जीव अर्हंत वीतराग को देव मानते हैं परन्तु अठारह दोष सहित मानते हैं, यह देव में विपरीतता है। गुरु को निर्ग्रंथ मानते हैं परन्तु गुरु वस्त्र, वर्त्तनादि रखते हैं यह गुरु के स्वरूप में विपरीतता है। परन्तु धर्म को दयामयी मानते हैं ऐसे जीवों का नाम कुपात्र है।

अपात्र–जो जीव देव को शस्त्रधारी, स्त्री का संगत सहित मानते हैं वह देव की विपरीतता है। गुरु को परिग्रहधारी, मृगचर्म रखने वाला, पंचधुनि तपने वाला, स्त्री का परिग्रह रखने वाला मानता है वह गुरु के स्वरूप में विपरीतता है। तथा धर्म के नाम पर बलि चढाना, गंगा में स्नान करना, पति के वियोग में सती होना इत्यादि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

को धर्म मानते हैं वह धर्म में विपरीतता है। ऐसी मान्यता वाले जीव को अपात्र कहा जाता है।

पात्र में विशेषता–जो दान लेने वाला जीव पात्र ही है, कुपात्र है तथा अपात्र है यह पात्र की विशेषता के कारण पात्र में भेद है।

दान के फल में भेद—पात्र जीव को पात्र मानकर दान देने से उसके फल में सुभोगभूमि, कल्पवासी देव तथा परम्परा मोक्ष मिलता है। कुपात्र को पात्र मानकर दान देने से उसके फल में सुभोगभूमि तथा कल्पवासी देव का पद मिलता है परन्तु कुपात्र को पात्र मानने के कारण मिथ्यात्व का दोष लगता है जिस कारण परम्परा मोक्ष का अभाव है। यह दान के फल में भेद है। जो जीव अपात्र को पात्र मानकर दान देता है उसके फल में कुभोगभूमि तथा भवनत्रिक का पद मिलता है परन्तु मिथ्यात्व के कारण कल्पवासी देव तथा मोक्ष का अभाव होता है। यह फल में भेद है।

पात्र की विशेषता–उत्तम पात्र नग्न दिगम्बर मुनि, अट्ठाइस मूलगुण का पालन करने वाला, तथा बाइस परिषह को जीतने वाला तथा मनुष्य, देव, तिर्यंच द्वारा आये उपसर्ग को सहन करते हैं। वही उत्तम पात्र है उसकी मात्र नवधा भक्ति होती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मध्यमपात्र—आर्यिका, ऐलक, क्षुल्लक, क्षुल्लिका, तथा ब्रह्मचारी आदि पंचम गुणस्थानवर्ती जीव मध्यम-पात्र हैं। उसमें जो उच्छिष्ट आहार के त्यागी हैं उसकी नवधाभक्ति में से पूजा की भक्ति छोडकर आठ भक्ति करनी चाहिए, और जो उच्छिष्ट आहार लेते हैं उसकी नवधा-भक्ति में से पूजा, मन शुद्धि, वचन शुद्धि काय शुद्धि छोड कर भक्ति करनी चाहिए।

जघन्यपात्र——अव्रती सम्यग्दृष्टि, पाक्षिक श्रावक जघन्य पात्र है। इधर में सम्यग्दर्शन का लक्षण चरणा-नुयोग की अपेक्षा से मानना चाहिए अर्थात् देव गुरु व्यवहार धर्म की श्रद्धा है वह व्यवहार से सम्यग्दृष्टि है।

इति श्रीमत् उमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे)
मध्ये सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अष्टम अध्याय

द्रव्य बंध के कारण:—

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगाः बन्धहेतवः ॥ १ ॥

अर्थः—मिथ्यादर्शन रूप भाव, अविरति रूप भाव, प्रमाद रूप भाव, कषाय रूप भाव और योग अर्थात् लेश्या रूप भाव ये द्रव्य बंध के कारण हैं, अर्थात् इन भाव से ज्ञानावरणादि अष्ट कर्मों का बंध पड़ता है।

आत्मा के श्रद्धागुण की विकारी अवस्था का नाम मिथ्यादर्शन है, चारित्रगुण की विकारी अवस्था का नाम अविरति, प्रमाद, कषाय है और क्रियागुण की विकारी अवस्था का नाम लेश्या है।

मिथ्यादर्शनः—पदार्थ का अर्थात् तत्त्वों का जैसा स्वरूप है तैसा न मान विपरीत मानना मिथ्यादर्शन है।

मिथ्यादर्शन के निम्न भेद हैं:—

एकान्त मिथ्यात्वः—लोक के समस्त पदार्थ अनेक धर्मात्मक हैं अर्थात् सामान्य विशेष रूप हैं उसमें से एक धर्म को मानकर दूसरे धर्म को न मानना उसी का नाम एकान्तमिथ्यात्व है। जैसे अमुक जीव, जीव द्रव्य को नित्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ही मानते हैं, अमुक अनित्य ही मानते हैं, अमुक एक ही मानते हैं, अमुक अनेक ही मानते हैं, यह मान्यता मिथ्यात्व की है।

विपरीत मिथ्यात्वः--हिंसा से धर्म मानना अर्थात् मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान, मिथ्याचारित्र से मोक्ष मानना विपरीत मिथ्यात्व है।

अज्ञानमिथ्यात्वः—जीवाजीव पदार्थ हैं ही नहीं, सब अज्ञान ही हैं, ऐसी मान्यता का नाम अज्ञान मिथ्यात्व है।

वैनयिकमिथ्यात्वः– गुण देखे बिना विनय करना वैनयिक मिथ्यात्व है। जैसे शिखर जी के कंकर को पूज्य मानना, पंचम गुणस्थानवर्ती की नवधाभक्ति करना इत्यादि।

संशय मिथ्यात्वः– मोक्ष है या नहीं, स्वर्ग है या नहीं, नरक है या नहीं इत्यादि मान्यता का नाम संशय मिथ्यात्व है।

मिथ्यात्व के और भेदः– (१) पुण्य में धर्म मानना मिथ्यात्व है क्योंकि पुण्य भाव कर्म चेतना है और धर्म भाव ज्ञान चेतना है। कर्म चेतना में ज्ञान चेतना मानना मिथ्यात्व है।

(२) कर्म के उदय में जो जो अवस्था होती है उसको अपनी मानना मिथ्यात्व है। जैसे मैं मनुष्य हूं, मैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्त्री हूँ, मैं रोगी हूं, में निरोगी हूं, मैं मोटा हूं, मैं दुबला हूं, मैं काला हूं, मैं गोरा हूं, इत्यादि। ये सब अजीव तत्त्व हैं और अजीव तत्त्व में जीवत्व मानना मिथ्यात्व है।

(३) मैं परजीव को मार सकता हूँ, परजीव को बचा-सकता हूं, मैं पर जीव को सुख दुख दे सकता हूं, पर जीव मुझको मार सकता है, पर जीव मुझे बचा सकता है, पर जीव मुझको सुख दुख दे सकता है। ये सब मिथ्यात्व भाव हैं, क्योंकि कोई जीव किसी की आयु लूट सकता नहीं है तो कैसे मारेगा? कोई जीव किसी को आयु दे सकता नहीं हैं, कैसे बचायेगा? सुख दुख की सामग्री साता असाता के उदय से मिलती है, आपने क्या दिया?

(४) देव मेरा कल्याण कर सकता है, गुरु मेरा कल्याण कर सकता है, यह मान्यता मिथ्यात्व की है क्यों-कि देव का आत्मा अलग है, मेरा आत्मा अलग है। गुरु का आत्मा अलग है मेरा आत्मा अलग है। ऐसी मान्यता नहीं होने के कारण मिथ्यात्व है।

(५) संसार के कोई पदार्थ अच्छे बुरे नहीं हैं तो भी उनमें अच्छे बुरे की मान्यता करना मिथ्यात्व है।

अविरतिः— त्रस और स्थावर जीवों को मारने के राग का नाम अविरति भाव है।

प्रमादः— संज्वलन कषाय तथा नोकषाय का तीव्र

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उदयमें आत्मा की जो अवस्था हो उसीका नाम प्रमाद है।

कषायः– अनन्तानुबंधी, अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान तथा संज्वलन रूप आत्मा के क्रोधादिक परिणाम का नाम कषाय है ।

लेश्याः– क्रियागुण की विकारी अवस्था का नाम लेश्या है, प्रवृति अथवा गमन करने का नाम लेश्या है । लेश्या के होने में शरीरादि कारण पड़ता है ।

द्रव्य बंध का लक्षण: -

सकषायत्वाज्जीवः–कर्मणो योग्यान् पुद्‌गलानादत्ते स बंधः ॥ २ ॥

अर्थः—भाव योग के कारण से जो कार्माण वर्गणा आत्मा के प्रदेश के नजदीक आई थी उस वर्गणा का जीव के कषाय भाव के कारण आत्मा के प्रदेश के साथ में एक क्षेत्र में रहना उसे बंध कहते हैं ।

द्रव्य बंध के भेद:—

प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशास्तद्विधयः ॥ ३ ॥

अर्थः—प्रकृतिबंध, स्थितिबंध, अनुभागबंध और प्रदेशबंध ये बंध के चार भेद हैं ।

प्रकृति बंध किसे कहते हैं:—

आद्योज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाः ॥ ४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय रूप कार्माण वर्गणा की अवस्था हो जाना उसे प्रकृतिबंध कहते हैं।

ज्ञानावरणः– जो आत्मा के ज्ञान को घाते उसे ज्ञानावरण कहते हैं।

दर्शनावरणः–जो आत्मा के दर्शन गुण को घाते उसे दर्शनावरण कहते हैं।

वेदनीयः– बाह्य सामग्री का संयोग वियोग कराना और यदि मोह होवे तो उस सामग्री में सुख दुख का वेदन करावे, उसे वेदनीय कर्म कहते हैं।

मोहनीयः–स्वरूप को भुलाकर पर में सुख मनावे तथा कषाय करावे उसे मोहनीय कर्म कहते हैं।

आयुः– चतुर्गतियों में रोक रखना उसे आयु कर्म कहते हैं।

नामकर्मः– नरकादि नाम करावे उसे नामकर्म कहते हैं।

गोत्रकर्मः– उच्च नीच गति में पैदा करावे उसे गोत्र कर्म कहते हैं।

अन्तरायकर्मः– वीर्य शक्ति को रोके उसे अन्तराय कर्म कहते हैं।

आठ कर्म में से ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तथा अन्तराय घाति कर्म हैं तथा वेदनीय, आयु, नाम, गोत्र अघाति कर्म हैं। आठों कर्म आत्मा के अनुजीवी गुणों का घात करते हैं।

प्रकृति बंध के उत्तर के भेदः—

पञ्चनवद्व्यष्टाविंशतिचतुर्द्विचत्वारिंशद्द्विपञ्चभेदा यथा-क्रमम् ॥ ५ ॥

अर्थः— ५ ९, २, २८, ४, ४२, २, और ५ ये ज्ञानावरणादि अष्ट कर्म के क्रम से भेद हैं।

ज्ञानावरण के ५ भेदः—

मतिश्रुतावधिमनःपर्य्ययकेवलानाम् ॥ ६ ॥

अर्थः—मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, अवधिज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण, और केवलज्ञानावरण ये पांच ज्ञानावरण कर्म के भेद हैं।

(१) मतिज्ञानावरणः— मतिज्ञान के विकाश को रोके।
(२) श्रुतज्ञानावरणः— श्रुतज्ञान के विकाश को रोके।
(३) अवधिज्ञानावरणः— अवधिज्ञान को रोके।
(४) मनःपर्य्ययज्ञानावरणः-मनःपर्य्ययज्ञान को रोके।
(५) केवलज्ञानावरणः— केवल ज्ञान को रोके।

दर्शनावरण कर्म के नौ भेदः—

चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानां निद्रानिद्रानिद्राप्रचलाप्रचला-प्रचलास्त्यानगृद्धयश्च ॥ ७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः— चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण, केवलदर्शनावरण, निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि ये दर्शनावरण कर्म के ९ उत्तर प्रकृति हैं।

चक्षुदर्शनावरणः– जो कर्म चक्षु इन्द्रिय से होने वाले सामान्य अवलोकन होने न दे।

अचक्षुदर्शनावरणः– चक्षु छोड़कर शेष की चार इन्द्रियां तथा मन द्वारा सामान्य अवलोकन होने न देवे।

अवधिदर्शनावरणः–अवधिज्ञान से पहले जो सामान्य अवलोकन होता है उसको होने न दे।

केवलदर्शनावरणः– केवल दर्शन होने न दे।

ये चार कर्म सामान्य अवलोकन को घात करता है परन्तु इस कर्म के अभाव में जो सामान्य अवलोकन की शक्ति प्राप्त हुई है उसको उपयोग में लाने में जो बाधक कर्म है उसे निद्रा कहते हैं। वह निद्रा पांच प्रकार की है।

निद्राः– जिस कर्म के उदय से सामान्य निद्रा आवे।

निद्रा निद्राः––नींद के बाद नींद आया करे उसी का नाम निद्रा निद्रा है।

प्रचलाः––बैठे बैठे नेत्र मींचा जावे उसे प्रचला कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रचला प्रचला:--सोते-सोते मुंह में से लार का गिरना उसे प्रचला प्रचला कहते हैं।

स्त्यानगृद्धि:--जिस निद्रा में से खडा होकर काम करके सो जावे और काम याद न आवे ऐसी निद्रा का नाम स्त्यानगृद्ध है।

वेदनीय कर्म के दो भेद:--

सदसद्वेद्ये ॥८॥

अर्थ:--वेदनीय कर्म के दो भेद हैं (१) साता और (२) असाता।

साता:— संसारी सुख की सामग्री का मिलना उसे साता कहते हैं।

असाता:—संसारी दुख की सामग्री मिलना उसे असाता कहते हैं।

वेदनीय का प्रधान दो कारण है सामग्री का संयोग तथा वियोग करना परन्तु मोह होवे तो साता वेदनीय में सुख का अनुभव करावेगा और असाता वेदनीय में वही सामग्री में दुःख का अनुभव करावेगा।

मोहनीय कर्म के २८ भेद:--

दर्शनचारित्रमोहनीयाकषायाकषायवेदनीयाख्या-स्त्रिद्विनवशोड़पसभेदाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वतदुभया-न्यकषायकषायौ हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सा-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्त्रीपुंनपुंसकवेदा अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यान प्रत्याख्यानसंज्वलनविकल्पाश्चैकशः क्रोधमान-मायालोभाः ॥ ९ ॥

अर्थः— दर्शन मोहनीय, चारित्र मोहनीय, नोकषाय वेदनीय और कषाय वेदनीय इन चार भेद रूप मोहनीय कर्म क्रम से तीन, दो, नो और सोलह भेद रूप है।

दर्शन मोहनीय के तीन भेदः– (१) सम्यक्त्व प्रकृति (२) मिथ्यात्व प्रकृति (३) सम्यक् मिथ्यात्व प्रकृति।

सम्यक्त्वः– जिस कर्म के उदय से सम्यग्दर्शन में दोष लगे।

मिथ्यात्वप्रकृतिः– जिस कर्म के उदय से स्वरूप की श्रद्धा न कर पर पदार्थ में अपनत्व बुद्धि करे।

सम्यक मिथ्यात्व प्रकृतिः–जिस कर्म के उदय से मिले हुए स्वाद की तरह आत्मा अनुभव करे।

चारित्र मोहनीय के दो भेदः– (१) नोकषाय और कषाय वेदनीय।

नोकषायः–हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्री के साथ रमण करने का भाव, पुरुष के साथ रमण करने का भाव और दोनों के साथ रमण करने का भाव, ऐसा भाव जिस कर्म के उदय से होवे उस कर्म का नाम नोकषाय वेदनीय मोहनीय कर्म है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कषाय वेदनीय के १६ भेद, (१) अनन्तानुबंधी (२) अप्रत्याख्यान (३) प्रत्याख्यान और (४) संज्वलन रूप क्रोध, मान, माया, लोभ भेद करने से १६ भेद कषाय वेदनीय मोहनीय कर्म प्रकृति का है।

अनन्तानुबंधी—पर पदार्थ में सुख है परन्तु मेरे आत्मा में सुख नहीं है ऐसी मान्यता रूप भाव में जिस कर्म का उदय है उसे अनन्तानुबंधी मोहनीय कर्म कहते हैं।

अप्रत्याख्यान—पर पदार्थ में सुख नहीं है, दुःख का कारण राग भाव ही है सुख का कारण वीतराग भाव है ऐसी मान्यता होते हुए भी राग भाव छोड न सके ऐसे आचरण में जिस कर्म का उदय है उसे अप्रत्याख्यान मोहनीय कर्म कहते हैं।

प्रत्याख्यान—त्रस की हिंसा का राग छूट जावे परन्तु स्थावर की हिंसा का राग न छुटे अर्थात् सकल संयम होने न देवे ऐसे आचरण में जिस कर्म का उदय है उसे प्रत्याख्यानावरण मोहनीय कर्म कहते हैं।

संज्वलन—त्रस तथा स्थावर की हिंसा का राग छूट जावे अर्थात् सकलसंयम हो जावे परन्तु वीतराग भाव होने न देवे ऐसे आचरण में जिस कर्म का उदय है उसे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संज्वलन मोहनीय कर्म कहते हैं।

आयु कर्म के चार भेदः—

नारकतैर्यग्योनमानुषदैवानि ॥ १० ॥

अर्थः——नरक आयु, तिर्यंचआयु, मनुष्यआयु, देव-आयु ये चार आयु कर्म के भेद हैं।

भावार्थः——जिस कर्म के उदय से शरीर के साथ में आत्मा रहे उस कर्म का नाम आयु कर्म है।

नाम कर्म के भेदः—

गतिजातिशरीराङ्गोपांगनिर्माणबन्धनसंघातसंस्थानसंहनन-स्पर्शरसगन्धवर्णानुपूर्व्यागुरुलघूपघातपरघातातपोद्योतो-च्छ्वासविहायोगतयः प्रत्येकशरीरत्रससुभगसुस्वरशुभसूक्ष्म-पर्याप्तिस्थिरादेययशःकीर्तिसेतराणि तीर्थकरत्वं च ॥ ११ ॥

अर्थः——नरकादि नाम करावे ऐसे कर्म का नाम नामकर्म है। उसके उत्तर भेद ४२ हैं।

(१) गति–४–तिर्यंचगति, नरकगति, मनुष्यगति, देवगति।

(२) जाति–५–एकेन्द्रिय जाति दोइन्द्रिय जाति तेइन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति पंचेन्द्रिय जाति।

(३) शरीर–५–औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, अहारक शरीर, तेजस शरीर, कार्माण शरीर।

(४) अंगोपांग–३–औदारिक अंगोपांग, वैक्रियिक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अंगोपांग, अहारक अंगोपांग।

(५) निर्माण–२--नेत्रादि और यथास्थान (यथा-स्थान दो प्रकार का, प्रमाण निर्माण और संस्थान निर्माण)

प्रमाण निर्माण--यदि प्रमाण निर्माण नाम कर्म न हो तो जंघा, बाहु, सिर, नासिका आदि का विस्तार और आयाम लोक के अन्त तक फैल जावेगा परन्तु ऐसा न होने का कारण प्रमाण निर्माण है।

संस्थान निर्माण:—यदि संस्थान निर्माण नाम कर्म न हो तो अंगोपांग और प्रत्यंग शंकर और व्यतिकर स्वरूप हो जावेंगे परन्तु ऐसा न होकर कान, आंख, नाक आदि अंगों का अपनी जाति के अनुरूप अपने अपने स्थान पर जो न्यामक कर्म है उसे संस्थान नाम कर्म कहते हैं। (ध० ६–६६)

(६) बंधन–५–औदारिक, वैक्रियिक, अहारक, तेजस, और कार्माण बंधन।

(७) संघात–५–औदारिक, वैक्रियिक, अहारक तेजस, और कार्माण संघात।

(८) संस्थान–६– समचतुरस्र, न्यग्रोधपरिमंडल, स्वातिक, कुब्जक, वामन, हुण्डक, संस्थान।

(९) संहनन-६–वज्रऋषभनाराच, वज्रनाराच, नाराच,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्द्धनाराच, कीलक और असंप्राप्तासृपाटिकासंहनन।

(१०) स्पर्श—८— कर्कश, मृदु, गुरु, लघु, स्निग्ध, रुक्ष, शीत उष्ण।

(११) रस—५—तिक्त, कडुवा, खट्टा, मीठा, कसायला।

(१२) गंध—२— सुगन्ध, दुर्गंध।

(१३) वर्ण—५— काला, नीला, लाल, पीला, स्वेत।

(१४) आनुपूर्वि,—४— तिर्यंचगत्यानुपूर्वि, मनुष्यगत्यानुपूर्वि, देवगत्यानुपूर्वि, नरकगत्यानुपूर्वि।

(१५) अगुरुलघुः— जिसके उदय से शरीर हल्का भारी न हो।

(१६) उपघातः— जिस कर्म के उदय से स्वयं का घात हो।

१७) परघातः— जिस कर्म के उदय से जीव का घात दूसरे के द्वारा हो।

(१८) आताप—उष्णता सहित प्रकाश को आताप कहते हैं।

(१९) उद्योतः— जिसकर्म के उदय से जीव के शरीर में उद्योत अर्थात् चमकार उत्पन्न हो जैंसे चन्द्र, नक्षत्र, तारा जुगनू आदि कीड़ा।

(२०) उच्छ्वासः— जिस कर्म के उदय से उच्छ्वास आवे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(२१) विहायोगतिः— जिस कर्म के उदय से आकाश में उड़ सके।

(२२) प्रत्येकः— जिस कर्म के उदय से एक जीव के भोगने योग्य शरीर हो।

(२३) साधारणः— जिस कर्म के उदय से अनेक जीवों के भोगने योग्य शरीर हो।

(२४) त्रसः— जिस कर्म के उदय से द्वीन्द्रियादि जाति गति प्राप्त हो।

(२५ स्थावरः— जिस कर्म के उदय से एकेन्द्रियादि जाति गति मिले।

(२६) शुभगः— स्त्री और पुरुषों के सौभाग्य को उत्पन्न करने वाला शरीर मिले;

(२७) दुर्भगः— जिस कर्म के उदय से स्त्री और पुरुषोंके दुर्भाग्य को उत्पन्न करने वाला शरीर मिले।

(२८, २९)सुस्वर, दुःस्वर— जिस कर्म के उदय से सुन्दर तथा असुन्दर कण्ठमिले।

(३०, ३१) शुभ, अशुभ—जिस कर्म के उदय से अंगोपांग नामकर्मोदय जनित अंगोपांगों के शुभपना अर्थात् रमणीयत्व होता है वह शुभ नाम कर्म है और अंगोपांग के अशुभता का उत्पन्न करने वाला अशुभ नाम कर्म है। (ध० ६–६४)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३२) सूक्ष्म,–(३३) बादर, (३४) पर्याप्त, (३५) अपर्याप्त, (३६।३७) स्थिर, अस्थिर– जिस कर्म के उदय से रस, रुधिर, मेदा, मज्जा, अस्थि, मांस और शुक्र इन सात धातुओं की स्थिरता अर्थात् अविनाश व अगलन हो वह स्थिर नाम कर्म है और जिस कर्म के उदय से रस, रुधिर, मांस, मेदा, मज्जा और शुक्र इन धातुओं का परिणामन होता है वह अस्थिर नाम कर्म है (ध० ६–६३)।

(३८–३९) आदेय, अनादेयः–जिस कर्म के उदय से जीव के बहु मान्यता उत्पन्न होती है वह आदेय नाम कर्म है और उससे अर्थात् बहु मान्यता से विपरीतता का उत्पन्न करने वाला अनादेय नाम कर्म है (ध० ६–६५) (४०–४१) यशः कीर्ति, अयशःकीर्तिः–(४२) तीर्थंकर गोत्र।

गोत्र कर्म के भेद :–

उच्चैर्नीचैश्च ॥ १२ ॥

भावार्थः—गोत्र कर्म के दो भेद हैं (१) उच्च गोत्र, (२) नीच गोत्र।

उच्चगोत्रः– जिस कर्म के उदय से मनुष्य तथा देवगति में ही जन्म हो।

नीचगोत्रः– जिस कर्म के उदय से तिर्यंच तथा नरकगति में जन्म हो।

अन्तराय कर्म के भेदः—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम्॥ १३ ॥

अर्थः—अन्तराय कर्म के पांच भेद हैं (१) दानान्तराय, (२) लाभान्तराय (३) भोगान्तराय (४) उपभोगान्तराय और (५) वीर्यान्तराय।

दानान्तराय—जिस कर्म के उदय से दान देने में वीर्य शक्ति का अभाव हो।

लाभान्तराय—जिस कर्म के उदय से व्यापार तथा व्यवसाय करने में वीर्य शक्ति का अभाव हो।

भोगान्तराय—जिस कर्म के उदय से भोग करने में वीर्यशक्ति का अभाव हो जैसे धन होते हुए भी बढिया पदार्थ खाने का खरीद न सके।

उपभोगान्तराय—जिस कर्म के उदय में बढिया कपडा, गहना, जेवरात आदि का भोग करने में वीर्यशक्ति का अभाव हो।

वीर्यान्तराय—जिस कर्म के उदय से संयम धारण करने में वीर्य शक्ति का अभाव हो।

स्थिति बंध का व नः—

ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय की उत्कृष्ट स्थितिः—

आदितस्तिसृणामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोट्यः परा स्थितिः ॥ १४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः--ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय इन चार कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति तीस कोडा कोडी सागर की है।

मोहनीय कर्म की उत्कृष्ट स्थितिः—

सप्ततिर्मोहनीयस्य ॥ १५ ॥

अर्थः--मोहनीय कर्म की उत्कृष्ट स्थिति सत्तर कोड़ा कोड़ी सागर की है।

नाम और गोत्र की उत्कृष्ट स्थितिः—

विंशतिर्नामगोत्रयोः ॥ १६ ॥

अर्थः—नाम कर्म और गोत्र कर्म की उत्कृष्ट स्थिति बीस कोडा कोडी सागर की है।

आयु कर्म की उत्कृष्ट स्थितिः—

त्रायस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः ॥ १७ ॥

अर्थः—आयु कर्म की उत्कृष्ट स्थिति तेतीस सागर की है।

वेदनीय कर्म की जघन्य स्थितिः

अपरा द्वादशमुहूर्ता वेदनीयस्य ॥ १८ ॥

अर्थः—वेदनीय कर्म की जघन्य स्थिति बारह मुहूर्त की है।

नाम और गोत्र की जघन्य स्थितिः—

नामगोत्रयोरष्टौ ॥ १९ ॥

अर्थः--नाम और गोत्र की जघन्य स्थिति आठ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मुहूर्त की है।

शेष पांच कर्मों की जघन्य स्थितिः—

शेषाणामन्तर्मुहूर्ता ॥ २० ॥

अर्थः—बाकी के ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय अन्तराय और आयुकर्म की जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है।

भावार्थः—यह स्थिति कषाय सहित जीवों की है परन्तु जिसकी कषाय छूट गई है ऐसे वीतराग तथा केवली को लेश्या के कारण से मात्र एक समय का बंध पडता है।

अनुभाग बंध का वर्णन तथा लक्षणः—

विपाकोऽनुभवः ॥ २१ ॥

अर्थः—कर्म के उदय में फलदान देने की शक्ति का नाम अनुभाग है।

भावार्थः—तीव्र अनुभाग का उदय होवे तो जीव उस काल में तद्रूप अवस्था धारण करता है।

कर्मके के अनुकूल अनुभाग होता हैः—

स यथानाम ॥ २२ ॥

अर्थः—वे अनुभाग बंध कर्मों के नामानुसार ही होते हैं।

भावार्थः—ज्ञानावरण कर्म में ज्ञान को रोकना, मोहनीय कर्म में मिथ्यात्व तथा रागद्वेष कराना आदि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उदय में आये बाद कर्म की अवस्था:—

ततश्च निर्जरा ॥२३॥

अर्थ:—कर्म का उदय के अनुकूल फल दिये बाद उसी कर्म की निर्जरा हो जाती है।

भावार्थ:—यहाँ द्रव्य निर्जरा का कथन है। द्रव्य निर्जरा दो प्रकार की है (१) सविपाक और (२) अविपाक

सविपाक:—कर्म की स्थिति पूर्ण होने से फल देकर खिर जाना उसे सविपाक निर्जरा कहते हैं।

अविपाक:—जिस कर्म की स्थिति पूरी नहीं हुई है परन्तु तप पादि पुण्य भाव द्वारा बीच में ही खिरा देना उसे अविपाक निर्जरा कहते हैं।

ये दोनों निर्जरा मिथ्यादृष्टि को भी होती है, परन्तु भाव निर्जरा सम्यग्दृष्टि को ही होती है।

कर्म काउदय फल देकर खिरजाता है उसी का नाम सविपाक निर्जरा है। फल देने का अर्थ आत्मा में विकार कराना है। जिस विकार को औदयिक भाव कहते हैं, कर्म का उदय कारण है और आत्मा का भाव कार्य है। जिस भाव को अबुद्धिपूर्वक कलंक भी कहा जाता है।

अविपाक निर्जरा:—जिस कर्म का उदय काल आया नहीं है उस कर्म को आत्मा के भाव के द्वारा फल दिये बिना खिरा देना उसीका नाम अविपाक निर्जरा है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आत्मा का भाव कारण है और अविपाक निर्जरा कार्य है। उस आत्मा के भाव का नाम उदीरणाभाव है, जहां सविपाक निर्जरा है अर्थात् औदयिक भाव है वहां अविपाक निर्जरा अर्थात् उदीरणा भाव होवे अथवा न भी होवे, परन्तु जहां अविपाक निर्जरा-उदीरणाभाव है वहां सविपाक निर्जरा अर्थात् औदयिकभाव नियम से है। सविपाक निर्जरा का नाम क्रमबद्ध पर्याय है अविपाक निर्जरा का नाम अक्रम पर्याय है। जिसको उदीरणाभाव कहते हैं।

प्रदेश बंध का स्वरूपः—

नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाह-
स्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः ॥ २४ ॥

अर्थः—मन, वचन, काय का निमित्त पाकर आत्मा के योग नाम के गुण की कम्पन अवस्था होती है उस कम्पन का निमित्त पाकर सूक्ष्म कार्माण वर्गणा कर्म बनने के लिये आत्मा के प्रदेश के एक क्षेत्र में आती है उस अनन्तानन्त पुद्गल परमाणु के जत्था का नाम प्रदेश बन्ध है।

पुण्य प्रकृतियाँ:—

सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम् ॥ २५ ॥

अर्थः—साता वेदनीय, शुभआयु, शुभनाम और शुभगोत्र ये पुण्य प्रकृतियाँ हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ:—पुण्य प्रकृति का भेद अघाति कर्म में ही होता है। घाति कर्म सब पाप रूप ही हैं। पुण्य प्रकृति ६८ है। (१) साता वेदनीय, (२) तिर्यंच आयु, (३) मनुष्य आयु, (४) देवआयु, (५) उच्चगोत्र, (६) मनुष्य गति, (७) मनुष्यगत्यानुपूर्वी, (८) देवगति, (९) देव-गत्यानुपूर्वी, (१०) पंचेन्द्रिय जाति, (११) औदारिक शरीर, (१२) वैक्रियिक शरीर, (१३) अहारक शरीर, (१४) कार्माण शरीर, (१५) तेजस शरीर, (१६—२०) औदारिक आदि पांच बंधन, (२१—२५) औदारिक आदि पांच संघात, (२६) तिर्यंच अंगोपांग, (२७) मनुष्य अंगोपांग, (२८) देव अंगोपांग, (२९) समचतुस्रसंस्थान, (३०) वज्रऋषभनाराच संहनन, (३१) अगुरुलघु, (३२) परघात, (३३) उच्छ्वास, (३४) आताप, (३५) उद्योत, (३६) प्रशस्तविहायोगति, (३७) त्रस, (३८) बादर, (३९) पर्याप्ति, (४०) प्रत्येक शरीर, (४१) स्थिर, (४२) शुभ, (४३) शुभग, (४४) सुस्वर, (४५) आदेय, (४६) यशःकीर्ति, (४७) निर्माण, (४८) तीर्थंकरात्व, (४९-६०) बीस वर्णादिक।

पाप प्रकृतियाँ:—

अतोऽन्यत् पापम् ॥ २५ ॥

अर्थ:——इससे भिन्न अर्थात् असाता वेदनीय, अशुभ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कायु, अशुभनाम, अशुभगोत्र, ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये पाप प्रकृतियां हैं।

भावार्थ—कर्म की १४८ प्रकृति में से पुण्य प्रकृति ६८ बाद करने से शेष ८० प्रकृतियां रहीं। उनमें बीस प्रकृति वर्णादिक की मिलाने से १०० पाप प्रकृति है।

इति श्रीमत् उमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे) मध्ये अष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

नवम अध्याय

संवर और निर्जरा तत्त्व का वर्णनः—

आश्रवनिरोधः संवरः ॥ १ ॥

अर्थः—आश्रव को रोकना संवर है।

भावार्थः—ये लक्षण कारण में कार्य का उपचार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करके किया है परन्तु यर्थाथ में बंध को रोकना उसी का नाम संवर है। बंध दो प्रकार का है (१) भावबंध, (२) द्रव्य बंध।

भावबंधः— आत्मा में तीन गुण की विकारी अवस्था का नाम बंध है। श्रद्धागुण की विकारी अवस्था का नाम मिथ्यात्व, चारित्रगुण की विकारी अवस्था का नाम कषाय और क्रियागुण की विकारी अवस्था का नाम लेश्या है। इन तीनों गुणों की शुद्ध अवस्था का होना ही यथार्थ में संवर है। प्रथम मिथ्यात्व का संवर होता है, बाद में कषाय का संवर होता है और शेष में लेश्या का संवर होने से आत्मा में लघुकाल में मोक्ष पर्याय प्रगट होती है।

मिथ्यात्व का संवरः— मिथ्यात्व में जो मान्यता थी उसका अभाव होकर सम्यक् मान्यता व श्रद्धा होना सो मिथ्यात्व का संवर है। जैसे

(१) पुण्य से धर्म कभी नहीं होता क्योंकि पुण्य कर्म चेतना है और धर्म ज्ञान चेतना है।

(२) कर्म के उदय में जो जो अवस्था होती हैं वह मेरी नहीं हैं, मैं तो एक ज्ञायक स्वभावी अनादिअनन्त जीव तत्त्व हूँ। कर्म के उदय में जो जो अवस्था होती हैं वह अजीव तत्त्व है। जीव तत्त्व में अजीव तत्त्व का अत्यन्त अभाव है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३) मैं कोई जीव को मार सकता नहीं हूँ। मैं कोई जीव को बचा सकता नहीं हूं, मैं कोई जीव को दुःख सुख दे सकता नहीं हूं एवं कोई जीव मुझको मार नहीं सकता है, मुझको बचा सकता नहीं है, मुझको सुख दुख दे सकता नहीं है; क्योंकि मेरे ज्ञायकस्वभाव का कभी नाश नहीं होता है।

(४) देव मेरा कल्याण नहीं कर सकता क्योंकि देव का आत्मा और मेरा आत्मा अलग अलग है। गुरु मेरा कल्याण नहीं कर सकता क्योंकि गुरु का आत्मा और मेरा अत्मा अलग अलग है। मेरा कल्याण मैं ही करने वाला हूं।

(५) संसार का कोई पदार्थ इष्ट अनिष्ट नहीं है, इष्ट मेरा वीतराग भाव है अनिष्ट मात्र मेरा रागभाव ही है, ऐसी श्रद्धा होने से मिथ्यात्व का संवर रूप सम्यग्दर्शन रूप पर्याय प्रगट होती है। यही प्रथमा प्रथम धर्म है। मिथ्यात्व के संवर होने बाद ही कषाय का संवर होता है। मिथ्यात्व के संवर बिना कषाय का संवर कभी नहीं होता।

कषायका संवरः—कषाय का संवर चार प्रकार का है— (१) अनन्तानुबंधी का संवर, (२) अप्रत्याख्यान का संवर, (३) प्रत्याख्यान का संवर, (४) संज्वलन का संवर।

अनन्तानुबंधी का संवरः— पर पदार्थ सुख दुख का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कारण नहीं है, दुःख का कारण रागभाव है, सुख का कारण वीतराग भाव, है ऐसी श्रद्धा होते हुए भी राग भाव छोड़ सकता नहीं है, ऐसी अवस्था का नाम अनन्तानुबंधी का संवर है।

अप्रत्याख्यान का संवरः— त्रस की हिंसा का राग छूट जाता है परन्तु स्थावर की हिंसा का राग नहीं छूटता है, तथा पांच पाप (हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह) का एक देश त्याग हो जावे ऐसी आत्मा की अवस्था का नाम अप्रत्याख्यान का संवर है।

प्रत्याख्यान का संवरः— त्रस और स्थवार की हिंसा का राग छूट जावे तथा पांच पापों का सम्पूर्ण त्याग हो जावे परन्तु प्रशस्त राग न छूटे, ऐसी अवस्था का नाम प्रत्याख्यान का संवर है।

संज्वलन का संवरः— सम्पूर्ण प्रशस्त राग का त्याग होकर वीतराग दशा की प्राप्ति होना संज्वलन का संवर है।

संज्वलन कषाय के संवर हुए बाद ही लेश्या का संवर होता है, उसके पहले लेश्या का संवर कभी नहीं होता है।

लेश्या का संवरः—आत्मा में क्रिया नाम के गुण की जिसकी चेत्रान्तर रूप अवस्था होती थी, जिसका नाम लेश्या है, ऐसी अवस्था मिटकर निष्क्रिय अवस्था हो जाना उसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

का नाम लेश्या का संवर है। लेश्या के संवर हुए बाद लघुकाल में मोक्ष तत्त्व प्रगट हो जाता है।

द्रव्य संवरः—जिस कर्म प्रकृति का बंध पड़ता था उस प्रकृति का बंध रुक जाना उसी का नाम द्रव्यसंवर है। जैसे मिथ्यात्व का संवर होने से १६ प्रकृति का बंध रुक जाता है, अनन्तानुबंधी का संवर होने से २५ प्रकृति का बंध रुक जाता है, अप्रत्याख्यान का संवर होने से १० प्रकृति का बंध रुक जाता है, प्रत्याख्यान का संवर होने से चार प्रकृति का बंध रुक जाता है, प्रमाद का संवर होने से छः प्रकृति का बंध रुक जाता है, संज्वलन का संवर होने से ५८ प्रकृति का बंध रुक जाता है और लेश्या का संवर होने से एक साता वेदनीय का बंध रुक जाता है, उसी का नाम द्रव्य संवर है।

संवर होने मे कारणः—

स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः ॥ २ ॥

अर्थः—तीन गुप्ति, पांच समिति, दश मुनिधर्म, बारह अनुप्रेक्षा, बाईस परिषह को जीतना तथा पांच प्रकार का महाव्रतादि चारित्र इन कारणों से संवर होता है।

भावार्थः—ये सब पुण्यभाव हैं, संवर नहीं हैं। उनको

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कारण कहना, वह उपचार का कथन है अर्थात् इतना पुण्यभाव करने वाला जीव उन भावों को छोडकर स्वभाव में स्थिर होने का पुरुषार्थ करे तो संवर की प्राप्ति कर सकता है। इस अपेक्षा से यह सूत्र है। पुण्यभाव का सद्भाव कारण नहीं है।

निर्जरा का कारणः—

तपसा निर्जरा च ॥ ३ ॥

अर्थः—तप से द्रव्य निर्जरा होती है और च शब्द से भाव निर्जरा भी होती है।

भावार्थः—निर्जरा तत्त्व में संवर तत्त्व का अभाव है अनशनादि बारह प्रकार के तप से मात्र द्रव्य निर्जरा होती है अर्थात् पाप कर्म की निर्जरा होती है और पुण्य कर्म का बंध होता है, भाव निर्जरा नहीं होती। तप का लक्षण "इच्छानिरोधस्तपः" कहा है। अर्थात् मिथ्यात्व का संवर हुए बाद अंश अंश में इच्छा का नाश करना निर्जरा है। निर्जरा चारित्रगुण की अंश में शुद्ध अवस्था का नाम है।

गुप्ति का लक्षण तथा भेदः—

सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः ॥ ४ ॥

अर्थः—सम्यक् प्रकार से मनयोग, वचनयोग और काययोग को रोकना उसे गुप्ति कहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः--गुप्ति दो प्रकार की है (१) निश्चयगुप्ति और (२) व्यवहार गुप्ति।

निश्चयगुप्ति--मन द्वारा, वचन द्वारा तथा कायद्वारा योग गुण का कम्पन जो हो रहा है उसका मिट जाना, उसका नाम निश्चयगुप्ति है। निश्चयगुप्ति जब होती है तब शरीर भी विलय हो जाता है। जब तक शरीर का संयोग है तब तक निश्यच गुप्ति नहीं होती है, ऐसी निश्चयगुप्ति चौदहवें गुणस्थान के पहले समय में हो जाती है।

व्यवहार गुप्ति—मन द्वारा पाप का चिन्तवन न करना, वचन से मौन रहना और काय का स्थिर रखना यह व्यवहार गुप्ति है, यह पुण्य भाव है, इसको संवर मानना मिथ्यात्व है।

समिति के भेदः—

ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः समितयः ॥ ५ ॥

अर्थः—समिति के पांच भेद हैं (१) ईर्या समिति (२) भाषा समिति (३) ऐषणा समिति (४) आदाननिक्षेपण समिति और (५) उत्सर्ग समिति। ये पांचों ही पुण्य भाव हैं संवर नहीं हैं।

ईर्या समिति—मेरे द्वारा कोई जीव की घात न हो ऐसे पुण्यभाव सहित चार हाथ जमीन सोधकर मौन से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गमन करना, यह पुण्यभाव है। परन्तु जीव की रक्षा का भाव मिटकर गमन का भाव भी मिट जावे और ज्ञाता दृष्टा रहे वह संवर है।

भाषा समिति—हित मित प्रिय वचन बोलना ये भाषा समिति है, यह पुण्य भाव है। परन्तु बोलने का विकल्प मिट जावे वह संवर है।

ऐषणा समिति—४६ दोष ३२ अन्तराय और १४ मल्लदोष टालना ये पुण्यभाव है और शुद्ध आहार लेने का भाव पाप भाव है। परन्तु आहार लेने की संज्ञा मिट जावे वह संवर है।

आदान निक्षेपणः—देख भाल कर वस्तु को उठाना तथा रखना यह आदान निक्षेपण समिति है, यह पुण्य भाव है, परन्तु वस्तु उठाने रखने का विकल्प मिट जावे वह संवर है।

उत्सर्ग समितिः—दीर्घशंका, लघुशंका गांव के बाहर जीव रहित भूमि में करने का भाव ही उत्सर्ग समिति है। यह पुण्य भाव है, परन्तु टट्टी घर में मल-मूत्र त्याग करने का भाव पाप भाव है। ये दोनों भाव मिट जावें सो संवर हैं।

समिति तथा व्यवहार गुप्ति का पालन आगम अनु-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कूल अभव्य जीव भी करता है, वह पुण्यभाव है उसको संवर मानना मिथ्यात्व है। समयसार ग्रन्थ के बन्ध अधिकार में गाथा नं० २७३ में कहा है कि :—

व्रतसमितिगुप्तयः शीलतपो जिनवरैः प्रज्ञप्तम् ।
कुर्वन्नप्यभव्योऽज्ञानी मिथ्यादृष्टिस्तु ॥ २७३ ॥

अर्थः—जिनेन्द्र देव ने जैसा कहा है तैसा अभव्य जीव व्रत, समिति, गुप्ति, शील और बारह प्रकार के तप करते हैं तोभी अज्ञानी और मिथ्यादृष्टि हैं। इससे सिद्ध होता है कि ये सब पुण्य भाव है, संवर नहीं है।

दस धर्म :—

उत्तमक्षमामार्दवार्दवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्य
ब्रह्मचर्याणि धर्मः ॥ ६ ॥

अर्थः—मुनि के व्यवहार धर्म दस प्रकार के होते हैं:—उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तमशौच, उत्तमसंयम, उत्तमत्याग, उत्तमआकिंचन्य और उत्तमब्रह्मचर्य।

उत्तम क्षमाः—क्रोध का कारण मिलने से भी क्रोध न करना उसे उत्तम क्षमा कहते हैं, यह पुण्य भाव है। क्रोध का नाश हो जाना उसी का नाम संवर है।

उत्तम मार्दव :—जाति, कुल, विद्या, बल, रूप आदि का घमण्ड न करना उसी का नाम उत्तम मार्दव है,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यह पुण्य भाव है। मान का नाश हो जाना उसी का नाम संवर है।

उत्तम आर्जव :—मायाचार का त्याग करना उसी का नाम उत्तम आर्जव है। यह पुण्य भाव है। माया का नाश होना उसी का नाम संवर है।

उत्तम सत्य :—झूंठ बोलने का अभाव और सत्य हित मित वचन बोलने के भाव का नाम उत्तम सत्य है। यह पुण्य भाव है। बोलने का भाव मिट जाना उसी का नाम संवर है।

उत्तम शौच :—लोभ का त्याग करने का भःव का नाम उत्तम शौच है। यह पुण्य भाव है। लोभ कषाय का नाश करना यह संवर है।

उत्तम संयम :—पांच इन्द्रियों और मन को वश में करना तथा छः कायिक जीवों की रक्षा करने का भाव उत्तम संयम है, यह पुण्य भाव है। जीवों की रक्षा का भाव मिटकर मात्र ज्ञाता दृष्टा रहे उसीका नाम संवर है।

उत्तम तप :—अनशनादि छः बाह्य तप तथा प्रायश्चित आदि छः अभ्यन्तर तप करने का भाव का नाम उत्तम तप है। यह पुण्य भाव है। तप करने का राग मिट जाना उसी का नाम संवर है।

उत्तम त्याग :—चार प्रकार के पात्र जीवों को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आहार देने के भाव का नाम उत्तम त्याग है, यह पुण्य भाव है। आहार दान देने का विकल्प मिट जाना उसी का नाम संवर है।

उत्तम आकिंचन्यः—दस प्रकार के परिग्रह के त्याग करने के भाव का नाम उत्तम आकिंचन्य है। यह पुण्य भाव है। सम्पूर्ण प्रकार के अभ्यन्तर कषाय के त्याग का नाम संवर भाव है।

उत्तम ब्रह्मचर्य्यः—स्त्री की तरफ विकार भाव से देखने के राग का त्याग उसे उत्तम ब्रह्मचर्य्य कहते हैं। यह पुण्य भाव है। परन्तु काम की संज्ञा का नाश करना उसी का नाम संवर है।

ये दस प्रकार का व्यवहार मुनि धर्म पुण्य भाव है स्वामि कार्तिकेय-अनुप्रेक्षा में गाथा नं० ४०८ में कहा है कि :—

एदे दहप्पयारा, पावकम्मस्स णासिया भणिया।
पुण्णस्य य संजणया, पर पुण्णत्थं ण कायव्वा
॥ ४०८ ॥

अर्थ :—क्षमादि दस प्रकार के मुनि धर्म पाप कर्म का तो नाश करने वाले और पुण्य कर्म को उत्पन्न करने वाले कहे गये हैं परन्तु केवल पुण्य ही के प्रयोजन से इनको अंगीकार करना उचित नहीं है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इससे सिद्ध होता है कि दस प्रकार का मुनि धर्म संवर भाव नहीं बल्कि पुण्य भाव है।

बारह अनुप्रेक्षा :—

अनित्याशरणसंसारैकत्वान्यत्वाशुच्यास्त्रवसंवर-निर्जरालोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्यातत्त्वानुचिन्त-नमनुप्रेक्षाः ॥ ७ ॥

अर्थ :—अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचित्व, आश्रव, संवर, निर्जरा, लोक, बोधि दुर्लभ और धर्म इन बारह प्रकार के स्वरूप का बारबार चिन्तवन करना सो अनुप्रेक्षा है।

भावार्थ :—बार बार चिन्तवन करना विकल्प है और यह विकल्प पुण्य भाव है। विकल्प का मिट जाना उसी का नाम संवर है।

अनित्यानुप्रेक्षाः—जीवन क्षण भंगुर है, पानी के बुदबुदे के समान है, ऐसा विचार कर पर्याय पर से दृष्टि हटाकर स्वभाव पर दृष्टि करने का विचार करना।

अशरणः—आयु से कोई बचा सकता नहीं है, ऐसा विचार कर आयु रूपी अजीव तत्त्व पर से दृष्टि हट कर अपने ज्ञायक स्वभाव पर दृष्टि करने का विचार करना।

संसार अनुप्रेक्षाः—चार गति रूप संसार में अनेक सम्बन्ध बांधा परन्तु उसमें सुख न मिला, सुख का कारण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मात्र अपना अनादि अनन्त ज्ञायक स्वभाव पर दृष्टि कर उस स्वभाव में स्थिर होना ही है।

एकत्वानुप्रेक्षाः—मैं अकेला ही आया हूं, अकेला ही जाऊंगा। कटुम्बादिक के साथ में कोई सम्बन्ध नहीं है, ऐसा विचार कर एक मात्र ज्ञायक स्वभाव पर दृष्टि करने की भावना करना।

अन्यत्वानुप्रेक्षाः—मैं रागादिक से भिन्न हूं ऐसा विचार कर स्वभाव पर दृष्टि करने से रागादिक दूर हो जायगा, ऐसा विचार करना।

अशुचित्वानुप्रेक्षा—रागादिक मल अशुचिमय हैं दुःखदायक हैं, परन्तु सप्तमलिन धातु रूप शरीर दुखदायक नहीं है, ऐसा विचार कर राग रूप मल को छोड़कर स्वभाव में स्थिर होने की भावना करना।

आश्रवानुप्रेक्षाः—योग नाम के गुण का जब तक कम्पन रहता है तब तक मोक्ष पर्याय नहीं प्रगट होगी ऐसा बारबार विचार करना।

संवरानुप्रेक्षा—श्रद्धागुण की विकारी पर्याय मिथ्या दर्शन, चारित्रगुण की विकारी पर्याय कषाय, तथा क्रिया-गुण की विकारी पर्याय लेश्या का जब तक संवर नहीं होगा अर्थात् श्रद्धागुण की शुद्ध पर्याय सम्यग्दर्शन, चारित्र

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गुण की शुद्ध पर्याय निराकुलदशा तथा क्रियागुण की शुद्ध पर्याय निष्क्रियत्व पर्याय प्रगट नहीं होगी तब तक मोक्ष पर्याय प्रगट नहीं होगी, ऐसा बार बार विचार करना।

निर्जरानुप्रेक्षा——सम्यग्दर्शन की प्राप्ति हुए बाद अंश अंश में इच्छा का नाश करके वीतराग दशा की प्राप्ति कब करूँ ऐसी बार बार भावना करना।

लोकानुप्रेक्षा——मेरा लोक मेरा असंख्यात प्रदेश है आकाश के क्षेत्र का जो लोक है वह मुझसे भिन्न है मेरा लोक का नाश कभी नहीं होता ऐसा बार बार चिंतवन करना।

बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा——रत्नत्रय की प्राप्ति किये बिना आत्मिक शान्ति मिलना कठिन है, ऐसा बार बार विचारना बोधिदुर्लभ भाव है।

धर्मस्वाख्यातत्वानुप्रेक्षा——जिनेन्द्रभगवान द्वारा दिखलाया हुआ वीतराग मार्ग मात्र सुख का कारण है ऐसा विचार कर वीतराग मार्ग की प्राप्ति कैसे करूँ ऐसा बार बार विचार करना।

परिषह सहन क्यों करना चाहिए: –

मार्गाच्यवननिर्जरार्थं परिषोढव्याः परीषहाः ॥ ८ ॥

अर्थः——पुण्यभाव से च्युत न होने के लिये तथा पाप

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर्मों की निर्जरा के हेतु बाईस परिषह सहन करने योग्य हैं।

बाईस परिषहः—

क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकनाग्न्यारतिस्त्रीचर्या-
निषद्याशय्याक्रोशवधयाचनालाभरोगतृणस्पर्श-
मलसत्कारपुरस्कारप्रज्ञाऽज्ञानाऽदर्शनानि ॥ ९ ॥

अर्थः—१ क्षुधा, २ तृषा, ३ शीत, ४ उष्ण, ५ दंशमशक, ६ नाग्न्य, ७ अरति, ८ स्त्री, ९ चर्या, १० निषद्या, ११ शैय्या, १२ आक्रोश, १३ वध, १४ याचना, १५ अलाभ, १६ रोग, १७ तृणस्पर्श, १८ मल, १९ सत्कार पुरस्कार, २० प्रज्ञा, २१ अज्ञान, २२ अदर्शन, ये बाईस परिषह हैं।

भावार्थः—परिषह जीतना चारित्र गुण की मन्द कषाय का नाम है वह पुण्य भाव है, वह संवर नहीं है।

क्षुधाः—भूख के दुःख की तरफ से उपयोग को हटाकर ध्यान अध्ययन में लगाना उसे क्षुधा परिषह कहते हैं।

तृषाः—प्यास के दुःख की तरफ से उपयोग हटाकर ध्यान में अध्ययन में लगाना।

शीतः—शीत के दुःख से उपयोग हटाकर ध्यान में, अपने आत्मा के चिन्तवन में लगाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उष्णः—गर्मी की वेदना से उपयोग हटाकर स्वभाव की ओर लेजाना।

दंशमशकः—डांस, मच्छर, चींटी आदि काटने से शरीर के तरफ से लक्ष्य हटाकर ध्यान में लगाना उसे दंश मशक परिषह कहते हैं।

नाग्न्यः—नग्नता देखकर अन्य लोग कटु शब्द सुनावे उस तरफ से उपयोग हटाना।

अरतिः—अरति का कारण मिलने से उस तरफ से उपयोग हटाकर ध्यान अध्ययन में लगाना।

स्त्रीः—स्त्री का रूप और लावण्य देखकर अन्तरंग में विकार भाव न होने देना।

चर्याः—गमन करने से थकावट की तरफ लक्ष्य न रखकर आत्म-चिन्तवन करना।

निषद्याः—ध्यान में आसन लगाया है उस आसन से चलायमान न होना।

शैय्याः—भूमि पर सोने से कंकर चुभने से दुःख का विकल्प न होने देना।

आक्रोशः—अज्ञानी जीव कटु शब्द सुनावे तो भी उस पर द्वेष बुद्धि न रखकर साम्यभाव रखना।

बधः—जीता शरीर का चमड़ा उतारे, घानी में पेले तो भी उस तरफ से उपयोग हटाकर स्वभाव में एकाग्र होना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

याचनाः—प्राण जाने पर आहारादिक मांगे नहीं, मेरे लिये विशेष चौका लगे, ऐसी भावना न होने देने का भाव।

अलाभः—भिक्षा में विधि के अनुकूल आहार प्राप्त न होने से उसका विकल्प न करके ध्यान अध्ययन में उपयोग को लगाना।

रोगः—शरीर में रोग आने से कब मिटजावे, कब मिट जावे ऐसा विचार न करके स्वभाव की भावना का चिन्तवन करे।

तृणस्पर्शः—विहार में काँटा लगजाने से उस तरफ से उपयोग हटाकर स्वभाव पर दृष्टि करना। निर्ग्रंथ मुनि पैर में काँटा लगने से अपने हाथ से कांटा निकालने की कोशिश ही नहीं करता।

मलपरिषहः—शरीर मलीन हो जाने पर भी उसको साफ करने का विकल्प न उठे। शरीर में तेल मालिश करने की भावना दिगम्बर मुनियों में होती ही नहीं है।

सत्कारपुरुष्कारः—कोइ जीव अपने को वंदन न करे तो भीतर में विकल्प न उठे कि मुझे वंदन क्यों नहीं किया।

प्रज्ञाः—ज्ञान क्षयोपशम विशेष होने पर भी ज्ञान का भेद न करे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अज्ञानः–ज्ञान की हीनता होने से एवं लोग अज्ञानी कहकर बुलावे तोभी विकल्प न होने देवे।

अदर्शनः–इतनी तपस्या करते सुए भी अभी ऋद्धि प्राप्त क्यों नहीं होती ऐसा विकल्प न होने देना उसका नाम अदर्शन परिषह जय है।

किस गुणस्थान में कितना परिषह होता है:—

सूक्ष्मसांपरायछद्मस्थवीतरागयोश्चतुर्दश ॥ १० ॥

अर्थः—सूक्ष्म सांपराय नामक दसवें गुणस्थान में, उपशान्त वीतराग ग्यारहवें गुणस्थान में तथा बारहवें क्षीण मोह नामक गुणस्थान में चौदह परिषह हैं उनके नाम इस प्रकार हैं:– १ क्षुधा, २ तृषा, ३ शीत, ४ उष्ण, ५ दंश-मशक, ६ चर्या, ७ शैय्या, ८ वध, ९ अलाभ, १० रोग, ११ तृणस्पर्श, १२ मल, १३ प्रज्ञा, १४ अज्ञान।

भावार्थः—इस गुणस्थान में ध्यान अवस्था रहती है इसलिये क्षुधा आदिका परिपह कहना उपचार है।

जिनेन्द्र भगवान को कितना परिषहः—

एकादशजिने ॥ ११ ॥

अर्थः—सयोगी केवली नामक तेरहवें गुणस्थान में जिनन्द्र भगवान को ऊपर लिखे हुए १४ परिषह में से १ अलाभ, २ प्रज्ञा, ३ अज्ञान छोड़कर ग्यारह परिषह रहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—जब तक मोह है तब तक परिषह जीता जाता है। परिषह जीतना चारित्र गुण की मंद कषाय का नाम है। केवली भगवान में मोह का नाश हो गया इसलिये वहाँ परिषह होता ही नहीं है परन्तु परिषह होने में किस कर्म का उदय कारण है इस अपेक्षा से वेदनीय कर्म का सद्भाव केवली भगवान् में होने से कारण में कार्य का उपचार कर ग्यारह परिषह हैं ऐसा कहा जाता है। यथार्थ में वीतरागी को परिषह होता ही नहीं है।

अन्य मुनियों को कितने परिषह हैं:—

बादरसाम्पराये सर्वे ॥ १२ ॥

अर्थः—स्थूल कषाय वाले जीव के अर्थात् छटवें गुणस्थान से लेकर नौवें गुणस्थान तक सब परिषह होते हैं।

भावार्थः—यहां आठों कर्म का उदय है जिस कारण से परिषह आ सकता है परन्तु परिषह जीतना वह मात्र चारित्र गुण की ही मन्द कषाय रूप पर्याय है।

किस कर्म के उदय से कौनसा परिषह होता है:—

ज्ञानावरणे प्रज्ञाज्ञाने ॥ १३ ॥

अर्थः—ज्ञानावरण कर्म के सद्भाव से १ प्रज्ञा, २ अज्ञान नामक परिषह आ सकता है।

भावार्थः—ज्ञानावरण कर्म के सद्भाव से प्रज्ञा तथा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अज्ञान नाम का विकल्प होवे ऐसा कोई नियम नहीं है क्योंकि विकल्प चारित्र की पर्याय है। परन्तु यहां निमित्त कारण दिखाया है।

दर्शनमोहान्तराययोरदर्शनालाभौ ॥ १४ ॥

अर्थः—दर्शन मोहनीय कर्म के उदय से अदर्शन नामका और अन्तराय कर्म के उदय से अलाभ नामक परिषह होता है।

भावार्थः—दर्शन मोहनीय के कारण से अर्थात् सम्यक्-प्रकृति के कारण ऐसा विकल्प हो सकता है कि मुझको क्षायिक सम्यग्दर्शन कब हो, परन्तु ऋद्धि प्राप्त हो यह कहना उपचार का कथन है। उसी प्रकार अन्तराय कर्म के उदय से वीर्य शक्ति हीन रहती है इसी कारण वीर्य शक्ति विशेष प्राप्त कैसे हो ऐसा हो सकता है, परन्तु भोजन की सामग्री अन्तराय के उदय से नहीं मिलती, ऐसा नहीं है बल्कि असाता कर्म के उदय से नहीं मिलती है, किन्तु यहां असाता कर्म में अन्तराय का आरोप करके कथन किया है।

चारित्रमोहे नाग्न्यारतिस्त्रीनिषद्याक्रोशयाचनासत्कार-
पुरष्काराः ॥ १५ ॥

अर्थः—चारित्र मोहनीय कर्म के उदय होने पर नाग्न्य, अरति, स्त्री, निषद्या, आक्रोश, याचना, और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सत्कार पुरष्कार ये सात परिषह होते हैं।

भावार्थः—ये सातों परिषह राग की पर्याय हैं तथा प्रकार का राग होने का कारण है।

वेदनीये शेषाः ॥ १६ ॥

अर्थः—शेष के ११ परिषह १ क्षुधा, २ तृषा, ३ शीत, ४ उष्णा, ५ दंश मशक, ६ चर्या, ७ शैय्या, ८ वध, ९ रोग, १० तृण स्पर्श और ११ मल, ये वेदनीय कर्म के उदय से होते हैं।

भावार्थः—वेदनीय कर्म का कार्य पदार्थ का संयोग मिलाना तथा वियोग कराना है परन्तु उसमें राग कराना वेदनीय का कार्य नहीं है, परिषह जीतना मंद राग की पर्याय है।

एक साथ में परिषहों की संख्याः—

एकादयो भाज्यायुगपदेकस्मिनैकोनविंशति ॥ १७ ॥

अर्थः—एक जीव में एक ही साथ में उन्नीस परिषह आसकता है।

भावार्थः—एक जीव में एक काल में एक ही साथ में बाईस परिषह में से उन्नीस परिषह आसकता है क्योंकि शीत और उष्ण में से एक काल में एक होगा तथा शैय्या, चर्या और निषध्या तीन में से एक काल में एक ही होगा। इस तरह तीन परिषह घटाकर १९ ही रह जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चारित्र के भेद:--

सामयिकछेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसाम्परायय-
थाख्यातमितिचारित्रम् ॥ १८ ॥

अर्थः—चारित्र के पांच भेद हैं १ सामायिक संयम २ छेदोपस्थापना संयम, ३ परिहारविशुद्धिसंयम, ४ सूक्ष्म-साम्पराय संयम ५ यथाख्यात संयम।

सामायिक संयमः-सामायिक संयम दो प्रकार का है (१) निश्चय सामायिक संयम (२) व्यवहार सामायिक संयम निश्चय सामायिक संयमः-अनन्तानुबंधी, अप्रत्याख्यान तथा प्रत्याख्यान कषाय का अभाव रूप वीतराग भाव की प्राप्ति उसी का नाम निश्चय सामायिक संयम है। यह संवर भाव है।

व्यवहार सामायिकसंयमः-हिंसा, झूठ, चोरी कुशील तथा परिग्रह का त्याग रूप पुण्य भाव का नाम व्यवहार सामायिक संयम है।

छेदोपस्थापनासंयम-अठाइस मूल-गुण में दोष न लगे ऐसा पुण्यभाव रूप विकल्प का नाम छेदोपस्थापना संयम है। प्रायश्चित्त के भेद में छेदादि का भेद है वह छेदोप-स्थना संयम नहीं है क्योंकि छेदोपस्थापना तथा सामायिक संयम छट्टे गुण स्थान से लेकर नौवां गुण स्थान तक रहता है। जब कि प्रायश्चित्त आदि छेद का भेद छट्ट गुण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्थान तक ही है।

परिहारविशुद्धि संयमः—विहार करने पर भी त्रस स्थावर की हिंसा न हो ऐसा विशेष प्रकार का पुण्य भाव का नाम परिहार विशुद्धि संयम है। यह संयम प्रधानपने छट्ठा गुणस्थान में ही होता है, व्यवहार से छट्ठा सातवाँ गुणस्थान कहा जाता है।

सूक्ष्मसाम्पराय संयमः—सूक्ष्म लोभ का जहाँ उदय है ऐसी अवस्था का नाम सूक्ष्मसम्पराय संयम है। यथार्थ में बादर कषाय का अभाव हुआ वही संयम भाव है, वह संवर है परन्तु सूक्ष्म लोभ रूप परिणाम पुण्य भाव है वह व्यवहार संयम है।

यथाख्यात संयमः—सम्पूर्ण कषाय के अभाव में वीतराग भाव की प्राप्ति को यथाख्यात संयम कहते हैं, यह संवर भाव है।

द्रव्य निर्जरा के कारण:—

बाह्य तपः—

अनशनावमौदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्याग-
विविक्तशय्यासनकायक्लेशा बाह्यं तपः ॥ १९ ॥

अर्थः—बाह्य तप ६ प्रकार का है १ अनशन २ अवमौदर्य, ३ वृत्तिपरिसंख्यान, ४ रसपरित्याग, ५ विविक्तशय्यासन ६ कायक्लेश। यह छह तप बाहर से लोग

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देख सकते हैं इसी से बाह्यतप कहा है।

अनशनः—चार प्रकार के अहारक के राग का अमुक दिन के लिये त्याग करना उसे अनशन कहते हैं।

अवमौदर्यः—पुरुष का आहार ३२ ग्रास माना है। उस बत्तीस ग्रास में से एक एक कम करते करते आहार लेना उसे अवमौर्दय कहते हैं, यह पुण्य भात्र है।

वृत्तिपरिसंख्यानः—भिक्षा के लिये जाते समय अट-पटी आंखडी लेना उसीका नाम वृत्तिपरि संख्यान तप है किस प्रकार की आंखडी ली है वह कहने का भाव मुनि पर्याय में होता ही नहीं है।

विविक्त शय्यासन—जंगल में एकान्त स्थान में अलग अलग आसन लगाकर सोने बैठने की भावना।

कायक्लेशः—शीतकाल में नदी के तट पर जाकर ध्यान लगाने की भावना परन्तु शीत काल में घास आदि ओढ़ लेने की भावना होती ही नहीं है। उष्ण काल में पर्वत की चोटी पर ध्यान लगाने की भावना परन्तु भूमि गर्म होने के कारण पानी टिकाने की भावना होती ही नहीं है। वर्षा काल में पेड़ के नीचे बैठकर डांस मच्छर का परिषह सहने की भावना परन्तु मच्छरदानी लगाने की भावना होती ही नहीं है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—बाह्य तप से पाप की निर्जरा होती है पुण्य का बंध पड़ता है परन्तु भाव निर्जरा होती नहीं है। प्रवचनसार ग्रंथ की गाथा ६९ में लिखा है कि—

देवदजदिगुरुपूजासु चेव दाणम्मि वा सुसीलेषु।
उपवासादिसु रत्तो सुहोवओगप्पगो अप्पा ॥ ६९ ॥

अर्थः—देवपूजा, गुरु उपासना, और यति की सेवा में तथा दान में, सुशीलों में, और उपवास आदिक में लीन आत्मा शुभ उपयोगात्मक है। इससे सिद्ध हुआ कि बाह्य तथा अभ्यन्तर तप से भाव निर्जरा नहीं होती है जो मोक्ष मार्ग में साधक नहीं है।

द्रव्य निर्जरा के कारण अन्तरंग तपः—

प्रायश्चित्तविनयवैय्यावृत्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानान्युत्तरम् ॥ २० ॥

अर्थः—अन्तरंग तप के ६ भेद हैं। (१) प्रायश्चित्त, (२) विनय, (३) वैय्यावृत्य, (४) स्वाध्याय, (५) व्युत्सर्ग, (६) ध्यान। ये सभी द्रव्य निर्जरा के कारण हैं। परन्तु भाव निर्जरा के कारण नहीं हैं।

प्रायश्चित्त—प्रमाद से लगे हुये दोषों की शुद्धि करने के लिये विशुद्ध परिणाम।

विनय—पूज्य पुरुषों का पद के अनुकूल आदर सत्कार करना उसीको विनय कहते हैं। परन्तु पद से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विपरीत विनय करना विनय मिथ्यात्व है। जैसे पञ्चम गुणस्थानवर्ती जीवों की पूजा करना विनय मिथ्यात्व है। पद के अनुकूल विनय करना विनय तप है।

स्वाध्याय—पाप की ओर से उपयोग हटा करके स्वरूप का चिन्तवन, शास्त्र स्वाध्याय तथा ज्ञान अभ्यास में उपयोग को लगाना।

वैय्यावृत्य—पूज्य पुरुषों की सेवा करना।

व्युत्सर्ग—रागादिक छोडने की अभिलाषा रखना।

ध्यान—एक ज्ञेय पर इच्छा को रोकना उसे ध्यान कहते हैं। ध्यान चारित्र गुण की पर्याय है।

अन्तरंग तप के भेद:—

नवचतुर्दशपंचद्विभेदा यथाक्रमं प्राग्ध्यानात् ॥ २१ ॥

अर्थः—ध्यान से पहले पांच तप क्रमशः ९, ४, १०, ५, और २ भेद वाले हैं।

प्रायश्चित्त के ९ भेद:—

आलोचनप्रतिक्रमणतदुभयविकेकव्युत्सर्गतपश्छेद-
परिहारोपस्थापनाः ॥ २२ ॥

अर्थः—प्रायश्चित्त तप के निम्न ९ भेद हैं। (१) आलोचना (२) प्रतिक्रमण (३) तदुभय (४) विवेक (५) व्युत्सर्ग (६) तप (७) छेद (८) परिहार (९) उपस्थान।

आलोचना—प्रमाद के वश से लगे हुये दोषों को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपने मन द्वारा विचार कर अपनी निंदा करना तथा विशेष दोष हो तो गुरु के पास जाकर निष्कपट भाव से कहना।

प्रतिक्रमण—प्रमाद के वश से भाव में कुछ दोष लगा हो ऐसा दोष मिथ्या हो ऐसी भावना करना ही प्रतिक्रमण कहलाता है। प्रतिक्रमण दिन में दो बार होता है। दिन में लगे हुये दोष के लिये शाम की माफी मांगे और रात्रि के दोष के लिये सुबह माफी मांगे।

तदुभय—आलोचना तथा प्रतिक्रमण दोनों करने के भाव का नाम तदुभय है।

विवेक—मिले हुये अनुपान का त्याग करना।

व्युत्सर्ग—कायोत्सर्ग करना।

तपः—दोषपरिमार्जन के लिये अनशन आदि तप करना।

छेद—दोष परिहार के लिये अपने दीक्षित काल में से एक दिन दो दिन एक पक्ष, मास, वर्ष आदि की दीक्षा को कम करना अर्थात् छेद करना। छेद करने के बाद जो शिष्य दीक्षा से बड़ा हो जावे उसको नमस्कार भी करना पड़ता है।

उपस्थापन—सम्पूर्ण दीक्षा को छेद कर फिर से नवीन दीक्षा देना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विनय तप के चार भेदः--

ज्ञानदर्शनचारित्रोपचाराः ॥ २३ ॥

अर्थः—विनय तप के चार भेद है।

१. ज्ञान विनय २. दर्शन विनय ३. चारित्र विनय ४. उपचार विनय।

ज्ञान विनय—अपने से विशेष ज्ञानी जीवों की विनय करना तथा व्यवहार में शास्त्र आदि की विनय करना, पढना, याद करना इत्यादि।

दर्शन विनय—दृढ़ श्रद्धावान जीवों की विनय करना, तथा पच्चीस मलदोष न लगे ऐसा उपयोग रखना यह दर्शन विनय है। निश्चय से अपने ज्ञायक स्वभाव पर निरन्तर दृढ रहे वह निश्चय विनय है।

चारित्र विनय— राग की निवृत्ति करना यह निश्चय विनय है और चारित्र में दोष न लगे ऐसा जो आत्मा का उपयोग उसी का नाम व्यवहार विनय है

उपचार विनय—आचार्य आदि पूज्य पुरुषों का पद के अनुकूल सन्मान करना व उनकी भक्ति करना।

वैय्यावृत्य तप के दश भेदः—

आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्षग्लानगणकुलसंघ-
साधुमनोज्ञानाम् ॥ २४ ॥

वैय्यावृत्य के दश भेद हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(१) आचार्य (२) उपाध्याय (३) तपस्वी (४) शैक्ष (५) ग्लान (६) गण (७) कुल (८) संघ (९) साधु (१०) मनोज्ञ।

आचार्य— जो मुनि पंचाचार का स्वयं आचरण करते हैं, संघ के संचालक हैं, दूसरे जीवों को दीक्षा-शिक्षा देते हैं, उनकी सेवा करना।

उपाध्याय—जो मुनि द्वादश अंग के पाठी हैं, दूसरे जीवों को शास्त्र ज्ञान देते हैं उनकी सेवा करना।

तपस्वी—जो मुनि विशेष अनशन आदि तप करते हैं, उनकी सेवा करना।

शैक्ष—जो मुनि शास्त्र अध्ययन में तत्पर रहते हैं, ऐसे मुनि की सेवा करना।

ग्लान—जो मुनि रोग से पीड़ित हैं उनकी सेवा करना।

गण—जो मुनि ज्ञान में वृद्ध तथा चारित्र में वृद्ध हैं उनकी सेवा करना।

कुल—एक गुरु के शिष्यादिक की सेवा करना।

संघ—ऋषि, यति, मुनि, अनगार आदि की सेवा करना।

साधु—जो विशेष प्रकार से आत्माकी साधना करता है उसकी सेवा करना।

मनोज्ञ—जिस मुनि की ज्ञान तथा चारित्र की लोक में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रशंसा होती है, ऐसे मुनिकी सेवा करना।

स्वाध्याय तप के पांच भेद:—

वाचनापृच्छनानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशः ॥ २५ ॥

अर्थः—स्वाध्याय तप के पांच भेद हैं-(१) वाचना (२) पृच्छना (३) अनुप्रेक्षा (४) आम्नाय (५) धर्मोपदेश।

(१) वाचना-स्वयं शास्त्र का अध्ययन करके भाव को समझे और उपयोग को पाप भाव में जाने न दे।

(२) पृच्छना-विशेष ज्ञानियों से प्रश्न पूछकर अपने संशय को दूर करना।

अनुपेक्षा-जाने हुये पदार्थ की बार बार चिंतवना करना।

आम्नायः-शुद्ध शब्द का उच्चारण करे।

धर्मोपदेश;-अन्य जीवों को धर्मानुराग से यथार्थ पदार्थ का ज्ञान करावे।

व्युत्सर्ग तप के भेद:—

वाह्याभ्यन्तरोपध्योः ॥ २६ ॥

अर्थः—व्युत्सर्ग तप के दो भेद हैं (१) वाह्योपधिव्युत्सर्ग, (२) आभ्यन्तरोपधि व्युत्सर्ग।

वाह्योपधि व्युत्सर्गः-पांच इन्द्रियों के विषयों का त्याग करना।

अभ्यन्तरोपधिव्युत्सर्गः- ये दो प्रकार का है (१)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निश्चय और (२) व्यवहार।

निश्चयः—मिथ्यात्व भाव तथा कषाय भाव का त्याग करना वह निश्चय तप है, यह संवर भाव है।

व्यवहारः—पांच प्रकार के पाप भावों का त्याग कर उपयोग को मंद कषाय में लगाना, यह व्यवहार तप है तथा पुण्य भाव है। उससे पाप कर्मों की निर्जरा होती है और पुण्य कर्म का बंध पड़ता है।

ध्यान तप का लक्षणः—

उत्तमसंहननस्यैकाग्रचिन्तनिरोधोध्यानमान्तमुर्हूर्तात्- ॥२७॥

अर्थः—उत्तम संहनन वाले जीव का अन्तमुर्हूर्त तक एक ज्ञेय पर और चिन्ता को रोक कर उपयोग को लगाना उसी का नाम ध्यान है।

भावार्थः—ध्यान, ज्ञान की उपयोग रूप अवस्था में ही होता है परन्तु ज्ञान की लब्धि रूप अवस्था में नहीं होता है, तो भी ध्यान चारित्र गुण की पर्याय है ज्ञान गुण की पर्याय नहीं है। उपयोग को अच्छाई में लगाना या बुराई में लगाना वह चारित्र के ही आधीन है, ज्ञान के आधीन नहीं। उत्तम संहनन बाह्य निमित्त की अपेक्षा से कहा गया है। मोक्ष मार्ग में उनकी महिमा नहीं है क्योंकि उत्तम संहनन वाला जीव आर्त रौद्र ध्यान कर नरक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भी जाता है। इससे सिद्ध होता है कि संहनन की मुख्यता नहीं है बल्कि इच्छाओं का नाश करना, वही ध्यान है। जितने अंश में इच्छा का नाश होगा उतने अंश से ज्ञान स्थिर होता जावेगा, क्योंकि ज्ञान को घुमाने वाली इच्छा ही है।

ध्यान के भेद:—

आर्त्तरौद्रधर्म्यशुक्लानि ॥ २८ ॥

अर्थः—ध्यान के चार भेद हैं (१) आर्त्तध्यान (२) रौद्रध्यान (३) धर्म्यध्यान और (४) शुक्ल ध्यान।

मोक्ष में साधक कौनसा ध्यान है:—

परे मोक्षहेतुः ॥ २९ ॥

अर्थः—चार ध्यान में से शेष के दो ध्यान अर्थात् धर्म्यध्यान तथा शुक्ल ध्यान मोक्ष के साधक हैं।

भावार्थः—आर्त्तध्यान तथा रौद्रध्यान संसार का ही कारण है वह पाप भाव ही हैं। धर्म्यध्यान तथा शुक्लध्यान मोक्ष का कारण है, चौथे गुण स्थान से धर्म्यध्यान शुरु होता है। अंश में वीतराग भाव का नाम धर्म्यध्यान है, धर्म्य-ध्यान के साथ में जो पुण्य भाव है उसे व्यवहार धर्म्यध्यान कहा जाता है। धर्म्यध्यान क्षयोपशम भाव में ही होता है।

आर्त्तध्यान के भेद:—

आर्तममनोज्ञस्य सम्प्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहारः ॥ ३० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—अनिष्ट पदार्थ का संयोग होने पर उस पदार्थ को दूर करने के लिये बारबार चिन्ता करना, दुःखी होना उस भाव का नाम अनिष्ट संयोग नाम का आर्त्तध्यान है।

विपरीतं मनोज्ञस्य ॥ ३१ ॥

अर्थः—इष्ट सामग्री के जाने से दुःखी होना उस भाव का नाम इष्ट वियोग नाम का आर्त्तध्यान है।

भावार्थः—माता, पिता के मरने से दुःखी होना, पति, पत्नि के मरने से दुःखी होना, धन के जाने पर दुःखी होना, शिष्यादि के मरण या चले जाने से दुःखी होना आदि सब इष्ट वियोग जन्य आर्त्तध्यान है।

वेदनायाश्च ॥ ३२ ॥

अर्थः—शरीर में रोग आजाने से चिन्ता करना कब मिट जावे, कब मिट जावे, इस भाव का नाम वेदनाजन्य आर्त्तध्यान हैं।

निदानं च ॥ ३३ ॥

भवार्थः—विषयों की वांछा करना उसे निदान नाम का आर्त्तध्यान कहते हैं।

भावार्थः—मुझको धन मिल जावे, पुत्र मिल जावे, मैं राजा बन जाऊँ, मैं महाराजा बनजाऊँ, मैं नारायण बनजाऊँ, चक्रवर्ती बनजाऊँ, मेरा विदेहक्षेत्र में जन्म

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

होवे इन सब भावनाओं को निदान नाम का आर्त्तध्यान कहते हैं। आर्त्तध्यान ज्ञान की उपयोग रूप अवस्था में ही होता है। आर्त्तध्यान का भाव उदीरणाभाव में होता है। आर्त्तध्यान पांच भावों में से क्षयोपशम भाव में होता है। मिथ्यादृष्टि को चारित्र सम्बन्धी क्षयोपशम भाव नहीं है तो भी ज्ञान की उपयोग रूप अवस्था में होने के कारण उपचार से क्षयोपशम भाव कहा जाता है।

गुणस्थानों की अपेक्षा आर्त्तध्यान के स्वामी:—

तदविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानाम् ॥ ३३ ॥

अर्थः—वह आर्त्तध्यान अव्रती, अर्थात् पहले गुणस्थान से लेकर चौथे गुणस्थान तक तथा देशविरत अर्थात् पंचम गुणस्थान और प्रमत्तसंयत अर्थात् छट्ठे गुणस्थान में होता है।

भावार्थः—छट्ठे गुणस्थान में निदान नाम का आर्त्तध्यान नहीं होता क्योंकि जहाँ परिग्रह रखने का ही भाव नहीं है वहां परिग्रह में वांछा कैसे हो सकती है।

रौद्रध्यान के भेद तथा स्वामी:—

हिंसानृतस्तेयविषयसंरक्षणेभ्यो रौद्रमविरतदेशविरतयोः ॥ ३४ ॥

अर्थः—रौद्रध्यान के चार भेद हैं (१) हिंसानंदी (२) असत्यानंदी (३) चौर्यानंदी और (४) परिग्रहानंदी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वह रौद्रध्यान मिथ्यात्व गुणस्थान से लेकर देश विरत पंचम गुणस्थान तक रहता है।

हिंसानंदी—हिंसा करके आनन्द मानना। कैसा मारा, जैसे शिकार करने में आनन्द मानना।

असत्यानंदी—झूठ बोलने में आनन्द मानना। कैसा झूठ बोला कि वकील भी पकड न सके।

चौर्यानंदी—चोरी करने में आनन्द मानना। कैसी इनकमटैक्स की चोरी करी कि कोई पकड न सका। इनसटैक्स की कैसी चोरी करनी चाहिए इसकी सलाह देने में आनन्द माने और अपने को विशेष होशियार समझे।

परिग्रहानंदी—परिग्रह संचय किया उसमें आनन्द मानना। कैसा बढिया परिग्रह है।

रौद्रध्यान भी ज्ञान की उपयोग रूप अवस्था में अर्थात् उदीरणाभाव में ही होता है। इसी कारण वह पांच भावों में से क्षयोपशम भाव में अर्थात् मिश्र भाव में होता है। यह मिश्र भाव की विकारी अवस्था है।

धर्म्यध्यान का स्वरूप तथा भेदः—

आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयाय धर्म्यम् ॥ ३५ ॥

अर्थः—आज्ञा विचय, अपायविचय, विपाक विचय, और सस्थान विचय का चिंतवन करना सो धर्म्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ध्यान है।

आज्ञा विचयः—आगमका अर्थात् तत्त्व का विचार करना उसे आज्ञा विचय धर्म्य ध्यान कहते हैं।

अपाय विचयः—संसारी जीव दुःख से कैसे छुटे इसका विचार करना उसे अपाय विचय धर्म्य ध्यान कहते हैं।

विपाक विचयः—कर्म का फल कैसे मिलता है उसका विचार करना उसे विपाक विचय धर्म्य ध्यान कहते हैं।

संस्थान विचयः—अपने आत्मा के स्वरूप का तथा तीन लोक की रचना का विचार करना उसे संस्थान विचय धर्म्य ध्यान कहते हैं।

भावार्थः—ये चारों धर्म्यध्यान व्यवहार धर्म्यध्यान हैं तथा पुण्यभाव है। विचार करना सो विकल्प है और विकल्प मोक्षमार्ग में साधक बन नहीं सकता। मोक्ष का कारण ज्ञान चेतना ही है और वही यथार्थ में धर्म्यध्यान है। जो बात सूत्र न. २९ में भी कहा है कि "परे मोक्ष हेतू" परन्तु यहाँ व्यवहार प्रधान कथन किया है ऐसा यदि आत्मा न जाने तो शास्त्र पढ़ते से भी मिथ्यात्त्व रह जाता है। समयसार ग्रंथ के पुण्यपाप अधिकार में पुण्यभाव को भी कुशील भाव कहा है वेह कुशील भाव मोक्ष का कारण कैसे हो सकता है? देखिये गाथा न० १४५-१४६:—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कम्ममसुहं कुसीलं सुहकम्मं चावि जाणह सुसीलं ।
किह तं होदि सुसीलं जं संसारं पवेसेदि ॥ १४५ ॥

अर्थः—अशुभ कर्म तो पाप स्वभाव है, बुरा है और शुभ कर्म पुण्य स्वभाव है अच्छा है ऐसा अज्ञानी जीव जानता है उसको आचार्य कहते हैं कि जो पुण्यभाव प्राणियों को संसार में प्रवेश कराता है वह पुण्यकर्म अच्छा कैसे हो सकता है ? नहीं हो सकता है, क्योंकिः—

सौवण्णियह्मि णियलं बंधदि कालायसं च जह पुरिसं ।
बंधदि एवं जीवं सुहमसुहं वा कदं कम्मं ॥ १४६ ॥

अर्थः—जैसे लोहे की वेड़ी पुरुष को बांधती है उसी तरह सोने की बेड़ी पुरुष को बांधती है। पुण्यभाव तथा पाप भाव जीव को बांधता ही है। इससे सिद्ध हुआ कि व्यवहार धर्म्यध्यान को जो मोक्ष का कारण मानता है। वह जीव अपना कल्याण नहीं कर सकता है। समयसार में भी गाथा १५४ में लिखा है किः—

परमट्ठबाहिरा जे ते अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति ।
संसारगमणहेदुं वि मोक्खहेउं अजाणंता ॥ १५४ ॥

अर्थः—जो जीव परमार्थ से बाह्य है, परमार्थभूत ज्ञान स्वरूप आत्मा को नहीं अनुभवते वे जीव अज्ञान से पुण्य अच्छा मानकर चाहते हैं वह पुण्य संसार के

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गमन का कारण है और जो मोक्ष का कारण वीतराग भाव उसे नहीं जानते।

आज्ञा विचय आदि चारों भाव पुण्य भाव हैं वह व्यवहार धर्म्यध्यान है उसको निश्चय धर्म्यध्यान माने तो उस जीव ने राग को धर्म्यध्यान माना है और वह अज्ञानी है। समयसार ग्रंथ के गाथा नं० १०१-१०२ में कहा भी है कि:-

परमाणुमित्तयं पि हु रायादीणं तु विज्जदे जस्स।
णवि सो जाणदि अप्पाणायं तु सव्वागमधरोवि ॥ २०१ ॥
अप्पाणमयाणंतो अणप्पयं चावि सो अयाणंतो।
कह होदि सम्मदिट्ठी जीवाजीवे अयाणंतो ॥ २०२ ॥

अर्थः—जिस जीव के ऐसा अभिप्राय है कि राग का कणिका भी मोक्ष मार्ग में साधक है वह जीव सब शास्त्रों को पढा हुआ होने पर भी आत्मा को नहीं जानता और आत्मा को नहीं जानता हुआ पर को भी नहीं जानता। इस तरह जो जीव और अजीव दोनों पदार्थों को नहीं जानता वह सम्यग्दृष्टि कैसे हो सकता है? नहीं हो सकता है। इससे भी सिद्ध होता है कि व्यवहार धर्म्यध्यान मोक्ष मार्ग में साधक नहीं है बल्कि छोडने लायक है। समयसार ग्रंथ में गाथा नं० २७२ में भी कहा है कि—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एवं ववहारणओ पडिसिद्धो जाण णिच्छयणयेण ।
णिच्छयणयासिदा पुण मुणिणो पावंति णिव्वाणं ॥२७२॥

अर्थः—अध्यवसान रूप व्यवहारनय है वह निश्चय से निषेधरूप जानो । जो मुनिराज निश्चय के आश्रित है वह मोक्ष को पाता है ।

आज्ञा विचय आदि को निश्चय धर्म्यध्यान माना जावे तो महान विपरीतता होती है, क्योंकि निश्चय धर्म्यध्यान चौथे गुणस्थान से शुरु होता है और सातवां गुणस्थान तक रहता है अर्थात् चौथे गुणस्थान में पहला पाया, पांचवें गुणस्थान में दूसरा पाया, छट्ठे गुणस्थान में तीसरा पाया और सातवां गुणस्थान में चौथा पाया । परन्तु आज्ञा विचय चौथा गुणस्थान में होवे और विचार चौथा गुणस्थान में न होवे यह बात तो है नहीं । आज्ञा विचय आदि विकल्प अभव्य मिथ्यादृष्टि भी करता है । उससे यह सिद्ध होता है कि यह धर्म्यध्यान नहीं है । यथार्थ में धर्म्यध्यान, अंश में जो वीतराग भाव प्रगट हुआ है उसी का नाम है । चौथे गुणस्थान में अनन्तानुबंधी का अभाव रूप धर्म्यध्यान है, पांचवें गुणस्थान में अप्रत्याख्यान का अभाव रूप धर्म्यध्यान है, छट्ठे गुणस्थान में प्रत्याख्यान का अभाव रूप धर्म्यध्यान है

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और सातवें गुणस्थान में प्रमाद का अभाव रूप धर्म्यध्यान है। यह निश्चय धर्म्यध्यान है। यह धर्म्यध्यान क्षयोपशम भाव में होता है अर्थात् क्षयोपशम भाव में जितने अंश में शुद्धता है उसी का नाम धर्म्यध्यान है उसके साथ में जितने अंश में पुण्यभाव है उसीका नाम व्यवहार धर्म्यध्यान है।

शुक्लध्यान के स्वामी:—

शुक्ले चाद्ये पूर्वविदः ॥ ३७ ॥

अर्थः—प्रारम्भ के पृथक्त्व वितर्क, एकत्ववितर्क नाम के दो शुक्लध्यान पूर्व ज्ञानधारी श्रुतकेवली को ही होता है।

भावार्थः—श्रुतकेवली का लिखना उपचार का है। परन्तु जो जीव श्रेणी मांडता है उसको अष्टप्रवचनमात्र का यदि ज्ञान है तो भी उसको शुक्लध्यान हो सकता है क्योंकि शुक्लध्यान चारित्र गुण की पर्याय है, ज्ञान गुण की पर्याय नहीं है। ज्ञान के साथ में चारित्र का अविनाभावी सम्बन्ध नहीं है।

परे केवलिनः ॥ ३८ ॥

अर्थः—अन्त के सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाति और व्युपरत क्रियानिवृति यह दो शुक्लध्यान केवलज्ञानी को होता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—दूसरा शुक्लध्यान छद्मस्थ अवस्था में प्रारम्भ होता है और केवल ज्ञानी को जब तक बादर का योग है तब तक रहता है, बाद में तीसरा शुक्लध्यान शुरु होता है और चौदहवें गुणस्थान के पहले समय में जब अयोगी केवली होते हैं तब चौथा शुक्लध्यान होता है। शुक्लध्यान चारित्र गुण की पर्याय है और वह बारहवें गुणस्थान के पहले समय में शुद्ध हो जाता है बाद में शुक्लध्यान कहना वह उपचार का कथन है।

शुक्लध्यान के चार भेद:—

पृथक्त्वैकत्ववितर्कसूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिव्युपरत-
क्रियानिवर्तीनि ॥ ३९ ॥

अर्थः—शुक्लध्यान के चार भेद हैं– पृथक्त्ववितर्क, एकत्ववितर्क, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति, व्युपरतक्रियानिवर्ति।

शुक्लध्यान में बाह्य कारण:—

त्र्येकयोगकाययोगायोगानाम् ॥ ४० ॥

अर्थः—उक्त चार प्रकार के शुक्लध्यान क्रम से तीनयोग, एकयोग, काययोग और योगरहित जीवों को होता है।

भावार्थः—पहला शुक्लध्यान मन वचन काय इन तीनों योगों के धारक जीव के होता है। यद्यपि शुक्लध्यान चारित्र गुण की पर्याय है तो भी उस काल में योग गुण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की कैसी अवस्था है यह दिखलाया है। दूसरा एकत्व-वितर्क शुक्लध्यान तीन योगों में से किसी एक योग के धारक जीव को होता है। यहां चारित्र गुण की पर्याय शुद्ध हो गई है परन्तु दर्शनज्ञान तथा वीर्य की अवस्था शुद्ध नहीं है, इस अपेक्षा से दूसरा शुक्लध्यान माना है। तीसरा शुक्लध्यान सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाति नाम का सूक्ष्म काय योग के धारक को होता है। यह योग गुण की अपेक्षा से शुक्लध्यान कहा है। चौथा शुक्लध्यान योग रहित जीव को होता है, यह सम्पूर्ण गुणों की शुद्धता की अपेक्षा से शुक्लध्यान कहा है।

आदि के दो शुक्लध्यान की विशेषता:—

एकाश्रये सवितर्कवीचारे पूर्वे ॥ ४१ ॥

अर्थः—एक परिपूर्ण श्रुतज्ञानी के आश्रित रहने वाले प्रारम्भ के दो शुक्लध्यान वितर्क और वीचार कर सहित हैं।

भावार्थः—प्रथम शुक्लध्यान में जो वीचार है अर्थात् द्रव्य से द्रव्यान्तर का वीचार, गुण से गुणान्तर का वीचार और पर्याय से पर्यायान्तर का वीचार ये चारित्र गुण की विकारी पर्याय हैं। वीचार को शुक्लध्यान कहना वह व्यवहार का कथन है। यथार्थ में वह शुक्लध्यान नहीं बल्कि पुण्यभाव है। परन्तु जितना अंश में वीचार मिट

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गया अर्थात् वीतराग भाव की प्राप्ति हुई वह निश्चय शुक्लध्यान है, यह शुक्लध्यान ज्ञान की उपयोग रूप अवस्था में होता है इसलिये वितर्क शब्द लगाया है तो भी ज्ञान की पर्याय शुक्लध्यान नहीं है।

अवीचारं द्वितीयम् ॥ ४२ ॥

अर्थः—दूसरा शुक्लध्यान वीचार से रहित है।

भावार्थः—यहाँ वीतराग भाव की प्राप्ति हो गई इसलिये वीचार नहीं है। यथार्थ में ध्यान की यहां पूर्ति हो गई अब ध्यान कहना, वह पर गुण की अपेक्षा से है उस गुणस्थान में क्षयोपशम ज्ञान है जिस कारण से शुक्लध्यान माना है।

वितर्क किसे कहते हैं:—

वितर्कः श्रुतम् ॥ ४३ ॥

अर्थः—श्रुतज्ञान को वितर्क कहते हैं।

भावार्थः—श्रुतज्ञान ध्यान नहीं है परन्तु श्रुत ज्ञान की उपयोग रूप अवस्था में ही ध्यान होता है। इसलिये निमित्त की अपेक्षा से ज्ञान को ध्यान कहते हैं। उपयोग रूप अवस्था आर्त्त और रौद्र ध्यान में भी रहती है तो भी आर्त्त रौद्रध्यान का कारण ज्ञान नहीं कहा जाता परन्तु चारित्र गुण की तीव्र कषाय रूप अवस्था का नाम आर्त्त रौद्रध्यान है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विचार का लक्षण:—

वीचारोऽर्थव्यञ्जनयोगसंक्रांतिः ॥ ४४ ॥

अर्थः—अर्थ, व्यञ्जन और योग के पलटने को वीचार कहते हैं।

अर्थसंक्रान्तिः—जिस पदार्थ पर विचार करना उस पदार्थ को अर्थ कहते हैं तो भी पदार्थ ध्यान नहीं है, विचार करने रूप विकल्प का नाम ध्यान है।

व्यञ्जन संक्रान्तिः—शब्द द्वारा विचार को घुमाना अथवा उस शब्द को पलटाना उसे व्यञ्जन संक्रान्ति कहते हैं। यथार्थ में वचन योग का नाम ध्यान नहीं है परन्तु योग के साथ में जो चारित्र गुण की अवस्था है उसी का नाम ध्यान है।

योगसंक्रान्तिः—काय योग को छोडकर मन योग, या वचन योग को ग्रहण करना, वचन योग को छोडकर अन्य योग ग्रहण करना उसे योग संक्रान्ति कहते हैं। यथार्थ में योग ध्यान नहीं है परन्तु जहां योग है उसके साथ में जो चारित्र गुण की अवस्था है उसीका नाम ध्यान है। कषाय पलटने में कौन सा योग निमित्त था एवं कौन सा पदार्थ निमित्त था यह दिखलाने के लिये निमित्त की अपेक्षा से यह सूत्र है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निर्जरा में विषमता:—

सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानन्तवियोजकदर्शनमोह-
क्षपकोपशमकोपशान्तमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः
क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः ॥ ४५ ॥

अर्थः—सम्यग्दृष्टि से विशेष पंचम गुणस्थानवर्ती श्रावक को, उससे विशेष छठा गुणस्थानवर्ती मुनिको, उनसे विशेष अनन्तानुबंधी की विसंयोजन करने वाले को, उनसे विशेष दर्शन मोह का क्षय करने वाले को, उनसे विशेष चारित्र मोह का उपशम करने वाले को, उनसे विशेष उपशान्त मोह वाले ग्यारहवें गुणस्थान वाले को, उनसे विशेष क्षपक श्रेणी चढने वाले को, उनसे विशेष क्षीण मोह बारहवें गुणस्थान वाले को, उनसे विशेष जिनेन्द्र भगवान को असंख्यात गुणी द्रव्य निर्जरा होती है।

भावार्थः—यहां द्रव्य निर्जरा का कथन है, भाव निर्जरा का कथन नहीं है। जैसे छट्ठे गुणस्थानवर्ती मुनि को जिसको क्षयोपशम सम्यग्दर्शन है उसको मात्र एक कषाय का उदय है जब कि क्षायक सम्यग्दृष्टि चतुर्थगुण-स्थान वाले जीव को तीन कषाय का सद्भाव है, तो भी इस सूत्र की अपेक्षा से मुनि से असंख्यात गुणी विशेष क्षायक सम्यग्दृष्टि के निर्जरा मानी है, वह द्रव्य निर्जरा की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपेक्षा से है परन्तु भाव निर्जरा की अपेक्षा से क्षायिक सम्यग्दृष्टि चौथे गुणस्थान वाले जीव से मुनि महाराज का छट्ठा गुणस्थान वर्ती जीवको विशेष निर्जरा तथा संवर भी है क्योंकि मुनि महाराज को मात्र एक कषाय है और चौथे गुणस्थान वाले जीव को तीन कषाय हैं।

इससे सिद्ध होता है कि यह सूत्र द्रव्य निर्जरा की ही अपेक्षा से है।

निर्ग्रन्थ साधुओं के भेदः—

पुलाकवकुशकुशीलनिर्ग्रन्थस्नातका निर्ग्रन्थाः ॥ ४४ ॥

अर्थः—पुलाक, वकुश, कुशील, निर्ग्रन्थ, स्नातक ये पांच प्रकार के निर्ग्रन्थ साधु हैं।

भावार्थः—ये पांच प्रकार के भावलिंगी मुनि दिखलाये हैं जिनमें छट्ठा सातवां गुणस्थान में रमण करने वाले जीव को मुनि कहा है और श्रेणी में जो आरूढ है, अर्थात् संज्वलन कषाय को नाश कर रहा है उसको भी मुनि कहा है, और जो कषाय का नाश कर वीतराग दशा प्राप्त कर ग्यारहवां बारहवां गुणस्थान में पहुंचे हैं उनको भी मुनि कहा है और सर्वज्ञ वीतराग देव को भी मुनि संज्ञा कही है। ये सब कथन करने की एक शैली है। अर्थात् गुणस्थान की अपेक्षा से यह भेद हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुलाक–जिसभाव लिंगी मुनि को अपने तपस्वी शिष्य के स्वर्गवास से तथा लघुशिष्य के स्वर्गवास से इष्ट वियोग रूप आर्त्तध्यान एवं अनिष्ट शिष्य के संयोग से अनिष्ट संयोग रूप आर्त्तध्यान और पीडा चिन्तन रूप विकल्प हो जावे ऐसे छठे गुणस्थानवर्ती जीव को पुलाक मुनि कहा है। परन्तु मूलगुण में दोष लगे ऐसे जीवों का नाम पुलाक मुनि नहीं। मूलगुण में दोष लगे ऐसे जीवों को जिनागम में द्रव्य लिंगी मुनी भी नहीं कहा है।

बकुश–छठा, सातवां गुणस्थान वर्त्ती मुनि की बकुश संज्ञा है।

कुशील––पुण्य रूपी कुशील मात्र को जो मुनि श्रेणी में काट रहा है ऐसे ८, ९, १० वें गुणस्थानवर्त्ती मुनि को कुशील कहा है।

निर्ग्रन्थ––जिस मुनि ने राग द्वेषरूपी गाँठ को छेद डाली ऐसे ११-१२ वें गुणस्थानवर्त्ती मुनिको निर्ग्रन्थ कहा है। जिस मुनि ने केवलज्ञान द्वारा अनन्तसुख का भोग किया, ऐसे १३ वें गुणस्थानवर्त्ती जीवको स्नातक मुनि कहा है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मुनियों में विशेषता:—

संयमश्रुतप्रतिसेवनातीर्थलिङ्गलेश्योपपादस्थान-
विकल्पतः साध्याः ॥ ४७ ॥

अर्थः—ऊपर कहे पांच मुनियों में आठ प्रकार का भेद हो सकता है—(१) संयम (२) श्रुत (३) प्रतिसेवना (४) तीर्थ (५) भाववेद (६) लेश्या (७) उपपाद और (८) स्थान।

इति श्रीमत् उमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे)
मध्ये नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

दशम अध्याय

केवल ज्ञान की उत्पत्ति का कारण:—

मोहक्षयाज्ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम् ॥ १ ॥

अर्थः—मोहनीय कर्म का क्षय होने के बाद अन्तर्मुहूर्त में ज्ञानावरणीय दर्शनावरणीय और अन्तराय कर्म

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

का नाश होने से आत्मा में केवल ज्ञान की प्राप्ति होती है। च शब्द से केवल दर्शन अनन्त सुख और अनन्त वीर्य की प्राप्ति होती है।

मोक्ष के कारण:—

बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्याम् कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः ॥ २ ॥

भावार्थ—बन्ध के कारणों का अभाव अर्थात् मिथ्यात्व, कषाय तथा लेश्या का अभाव होने से लघुकाल में जो कर्म सत्ता में पड़ा है उसकी निर्जरा तथा उस कर्म का आत्मा के प्रदेश से अत्यन्त अभाव होने से कर्म की कर्म रूप अवस्था मिट जाना उसे द्रव्य मोक्ष कहते हैं, और आत्मा के सम्पूर्ण गुणों की शुद्ध अवस्था हो जाने को भाव मोक्ष कहते हैं।

मोक्ष होने से पांच भावों में से किसका अभाव होता है:—

औपशमिकादिभव्यत्वानांच ॥ ३ ॥

अर्थः—मोक्ष होने से औपशमिक भावों का, औदयिक भाव का, क्षयोपशम भाव का तथा पारिणामिक भाव में से भव्यत्व भाव का भी अभाव हो जाता है।

मोक्ष में कौनसा भाव है:—

अन्यत्रकेवलसम्यक्त्वज्ञानदर्शनसिद्धत्वेभ्यः ॥४ ॥

अर्थः—मोक्ष होने से आत्मा में केवल-सम्यक्त्व

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

केवल-ज्ञान, केवल दर्शन और सिद्धत्व इन भावों को छोड़कर मोक्ष में अन्य भावों का अभाव हो जाता है।

भावार्थः—यह कथन उपचार से है, परन्तु यथार्थ में विचार किया जावे तो कोई भी गुण, पर्याय बिना रहता ही नहीं है। इससे सिद्ध होता है सब गुणों की मोक्ष अवस्था में शुद्ध अवस्था है अर्थात श्रद्धा गुण की सम्यक् दर्शन रूप अवस्था, चारित्र गुण की निराकुल अवस्था, ज्ञान गुण की केवल ज्ञान अवस्था, दर्शन गुण की केवल दर्शन अवस्था, वीर्य गुण की अनन्त वीर्य अवस्था सुख गुण की अनन्त सुख अवस्था, क्रिया गुण की निष्क्रियत्व अवस्था, योग गुण की निष्कम्प अवस्था, सूक्ष्मत्व गुण की सूक्ष्म अवस्था, प्रदेश गुण की सिद्धरूप अवस्था आदि होती हैं।

कर्मों का क्षय होने से क्या होता है:—

तदनन्तरमूर्ध्वं गच्छन्त्यालोकान्तात् ॥ ५ ॥

अर्थः—समस्त कर्मों का क्षय होने से उसी समय में मुक्त आत्मा लोक के अन्तिम भाग में स्थिर हो जाता है।

अज्ञानी जीव जिसको उत्पाद, व्यय, का ज्ञान नहीं है, वह पूछते हैं मुक्त आत्मा लोक के अग्रभाग में क्यों गया, अधो भाग में क्यों नहीं गया ? ऐसे जीव को समझाने के

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लिये उपचार से कहा जाता है कि--

पूर्वप्रयोगदसंगत्वाद्बन्धच्छेदातथागतिपारिणामाच्च ॥ ६ ॥

अर्थः—पूर्व प्रयोग से, संग रहित होने से, कर्म बन्धन के नष्ट होने से, तथा गति परिणाम होने से जीव लोक के अन्त में रहते हैं।

भावार्थः—गमन करना आत्मा का स्वभाव नहीं है, परन्तु उत्पाद व्यय, ध्रौव्य पदार्थ का स्वभाव है। उसको उपचार से गमन कहा है। गमन नियम से विकारी अवस्था में ही होता है।

उर्ध्व गमन करने का दृष्टान्त--

आविद्धकुलालचक्रवद व्यपतलेपालांबुवदेरण्डबीजवदग्नि-शिखावच्च ॥ ७ ॥

अर्थः--मुक्त जीव कुम्भहकार के चक्र की माफिक, लेप के अभाव से, ऐरन्ड के बीज के समान, अग्नि की शिखा के समान, लोक के अन्त में जाते हैं।

भावार्थः—यह चार दृष्टान्त हैं, यथार्थ में वस्तु स्वरूप ऐसा नहीं है। आत्मा में एक पर्याय में दूसरी पर्याय का अभाव है, तो भी पूर्व प्रयोग कहना यह समझाने की रीति है, जैसे केवल ज्ञान की पूर्व पर्याय अज्ञान थी तो क्या केवल ज्ञान में अज्ञान, पूर्व पर्याय के कारण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रह सकती है ? नहीं ! यह तो मात्र समझाने की शैली है। उर्ध्वगमन जो हम देख रहे हैं, वह संसार की व्यय पर्याय है और मोक्षरूपी उत्पाद पर्याय लोक के अग्र भाग में स्थिर होना ही है। जैसे—एक जीव ने ऋजुगति से मनुष्य पर्याय छोड कर प्रथम स्वर्ग में देव रूप उत्पन्न हुआ वह जब तक देवरूप उत्पत्ति नहीं हुई है तब तक मनुष्य की व्यय रूप पर्याय है, समय में भेद पडता नहीं है यदि भेद डाला जावे तब समय रहेगा नहीं।

लोक के आगे न जाने का कारण:—

धर्मास्तिकायाभावात् ॥ ८ ॥

अर्थः—धर्मास्तिकाय के अभाव के कारण मुक्त जीव अलोकाकाश में नहीं जाते।

भावार्थः—यह उपचार का कथन है क्योंकि लोक का द्रव्य लोक में ही रहता है, धर्मास्तिकाय जीव और पुद्गल को जबरदस्ती से नहीं चलाते, यदि जीव और पुद्गल चले तो उसको निमित्त कहा जायगा और यदि नहीं चले तो धर्मास्तिकाय निमित्त नहीं है अधर्मास्तिकाय निमित्त है। निमित्त का आरोप द्रव्य में तद्रूप क्रिया हुवा बादही दिया जा सकता है उसके पूर्व नहीं क्योंकि यह उदासीन निमित्त है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मुक्त जीवों में व्यवहार से भेद: –

क्षेत्रकालगतिलिंगतीर्थचारित्रप्रत्येक बुद्धबोधित-
ज्ञानावगाहनान्तरसंख्याल्पबहुतत्त्वतः साध्याः ॥ ९ ॥

अर्थः—क्षेत्र, काल, गति, लिंग, तीर्थ, चारित्र, प्रत्येक बुद्ध बोधित, ज्ञान, अवगाहना, अन्तर, संख्या और अल्प बहुत इन १२ प्रकार से सिद्ध में भी उपचार किया जाता है।

क्षेत्र—किस क्षेत्र से सिद्ध हुये, अर्थात् भरत, ऐरावत, और विदेह क्षेत्र से।

काल—किस काल में सिद्ध हुये—उत्सर्पिणी काल में या अवसर्पिणी काल में।

लिंग—सिद्ध आत्मा ने जब श्रेणी चढी तब कौनसा भाव में श्रेणी अर्थात् पुरुष वेद रूप भाव, स्त्री वेदरूप भाव और नपुसंक वेदरूप भाव।

तीर्थ—किस तीर्थंकर के काल में सिद्ध गति की प्राप्ति की।

चारित्र—जब मुनि पर्याय थी तब कितना चारित्र था अर्थात् सामायिकसंयम, छेदोपस्थापना संयम और परिहार विशुद्धि संयम।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रत्येक बुद्ध बोधित—वैराग भावना स्वयं प्राप्त की या पर के उपदेश से।

ज्ञान—केवल ज्ञान के पूर्व चार ज्ञान में से कितना ज्ञान था।

अवगाहना—सिद्ध पद की प्राप्ति की तब शरीर की अवगाहना कौनसी थी, अर्थात् सवा ५०० धनुष की काया थी या छोटी बडी।

अन्तर—स्वयं सिद्ध हुये तो उसके पूर्व जो सिद्ध हुये उसमें काल का कितना अन्तर था।

संख्या—जब आपकी सिद्ध पर्याय प्रकट हुई उसी समय में और कितने जीवों की सिद्ध पर्याय प्रकट हुई थी।

अल्पवहुत्व—सम्यग् दर्शन हुये बाद कितना भव में सिद्ध पद की प्राप्ति की, अर्थात् एक भव, दो भव आदि।

ये सब उपचार का कथन है, सिद्ध में ये कोई बात नहीं है। ये तो मात्र रागी जीव का विकल्प है। यथार्थ वस्तु का ज्ञान कर अपना कल्याण करना। उपचार का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कथन में फँसने से लाभ नहीं है, परन्तु उपचार को उपचार जाने अपने कल्याण के मार्ग पर आना यही सार है ।

इति श्रीमत् उमास्वामिविरचिते तत्त्वार्थसूत्रे (मोक्षशास्त्रे) मध्ये दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

शान्ति शान्ति शान्ति

समाप्त

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

★ हमारे प्रकाशन ★

भेद ज्ञान	२)
पंचलब्धि	१।।।)
तत्त्वार्थ सूत्र सटीक	१।)
जिन सिद्धान्त	१)
दृष्टि दोष	।।=)
तत्त्वसार	।=)
जैन सिद्धान्त प्रवेशिका ...	।-)
निमित्त	=)
पंचभाव	=)
गुरू का स्वरूप	=)
देवका स्वरूप	-)
शास्त्र का स्वरूप	-)
योगसार पद्यानुवाद	-)

मिलने का पता:-

जैन दर्शन विद्यालय

चाकसू का चोक,

जयपुर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कृपया इस ग्रन्थको निम्नांकित तिथि पर या उसके पूर्व
लौटा दें। विलम्बसे लौटानेपर ५ पैसे
प्रतिदिन दण्ड देना होगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi